चैत्र कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12

रांची का तापमान

कांके: अधिक. 33.0° न्यून. 17.5°

रांची: अधिक. 34.8° न्यून. 18.4°

रांची, शुक्रवार

28 मार्च 2025

वर्ष-26, अंक- 55, पृष्ठ-12

₹ 81600 (10 ग्राम)

₹ 100000 (01 किलो)

सेंसेक्स	डॉलर
77,606.43	85.691
+317.93	+0.066

माह-ए-रमजान

इफ्तार	सेहरी
6:05	4:26
28 मार्च	29 मार्च

भाजपा के बंद का आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा व जेएलकेएम ने किया था समर्थन

अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ रांची बंद का व्यापक असर

नवीन मेल डेस्क

रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व रांची जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की बुधवार को हुई हत्या के विरोध में गुरुवार को भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रहे। मुख्य मार्गों पर घंटों तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। बड़ी संख्या में बंद समर्थकों ने प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रांची जिले में 125 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें देर शाम छोड़ दिया गया। भाजपा के रांची बंद का आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा और जेएलकेएम ने समर्थन किया था। अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आज भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद के दौरान शहर के कोकर, लालपुर, बरियातू, बुटी मोड़, अल्बर्ट एक्का चौक, कांके, अरगोड़ा, चुटिया, किशोरगंज, टाटीसिलवे, नामकुम, हिनू, धुर्वा, रातू सहित अन्य जगहों पर बंद समर्थक ने सड़कों पर उतरकर घंटों सड़क जाम किया। इस दौरान सभी मुख्य मार्गों पर आवाजाही ठप रही और दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रहे। बंद का असर रांची सिविल कोर्ट पर भी पड़ा। बंद के कारण कई अधिवक्ता और उनके मुवक्किल अदालत तक नहीं पहुंच सके। शेष पेज 11 पर

घंटों आवाजाही ठप रही, दुकानें और प्रतिष्ठान रहे बंद | बंद समर्थक लिए गए हिरासत में, देर शाम में छोड़े गए

रामगढ़ और लोहरदगा में भी प्रदर्शन

भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में लोहरदगा जिले में भाजपा और हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। वहीं, रामगढ़ में भी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) समर्थकों ने प्रदर्शन किया। कोठार ओवर ब्रिज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 33 को पार्टी समर्थकों ने चार घंटे तक जाम कर के रखा।

बंद के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिले से 125 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें देर शाम छोड़ दिया गया।

- चंदन कुमार सिन्हा, डीआईडी सह एसएसपी, रांची।

एक नजर

सरहुल पर रांची के कर्मियों के अवकाश रद्द

रांची। ईद, सरहुल और रामनवमी पर्वों के दौरान शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मियों का अवकाश रद्द कर दिया गया है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को इस अवधि में ड्यूटी पर रहना होगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता होगी, तो उसे उपायुक्त की अनुमति से ही स्वीकृत किया जाएगा।

आयकर कार्यालय कल से 31 मार्च तक खुले रहेंगे

नई दिल्ली। आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

बजट सत्र के समापन पर बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

झुमला नहीं है मंईयां सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष में दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आ रहा है। खेल में एक टीम गायब हो, तो खेल का परिणाम समझा जा सकता है। विपक्ष ने अपनी हार पहले ही मान ली है। बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं और भुगतती देश की जनता है। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष सदन से बाहर है। सरकार ने 1,45,000 करोड़ रुपए की अबुआ बजट पेश की थी, जिसे सभी से स्वीकृति मिल गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भारतीय अवधारणा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अबुआ सरकार ने सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर सबके कल्याण के लिए योजना बनाई है। विपक्ष के लाख षड्यंत्रों के बावजूद पिछली बार से ज्यादा मजबूती से आए हैं। राज्य की जनता ने विपक्ष का असली चेहरा देख लिया है। कई मंत्रियों ने झारखंड में डेरा डाला था, उनके राज्य में क्या हो रहा है, इसकी उन्हें जरा भी चिंता नहीं। आम नागरिकों से इनका कोई लेना-देना नहीं। जनादेश मिला हो या न मिला हो, सत्ता में काबिज होने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। गरीब-गुरबा, मजदूर, दलित सबको संविधान से शक्ति मिलती है और विपक्ष ने संविधान को ही तार-तार करके रख दिया है। विपक्ष की राजनीति इतनी खतरनाक है, जिसकी परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इतनी निचली स्तर की राजनीति आजादी के बाद से आज तक नहीं देखी गई।

मुख्यमंत्री सोरेन ने परिसीमन और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी सीटों को घटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। शेष पेज 11 पर

58 लाख महिलाओं को मिला सम्मान योजना का लाभ

- परिसीमन के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी
- विपक्ष ने राज्य को दिशा देने के नाम पर भटका दिया

विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

रांची। बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने समापन संबोधन के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। ज्ञात हो कि बजट सत्र की शुरुआत 24 फरवरी को हुई थी। इस बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस रहे।

सदन में न **पक्ष** और न **विपक्ष,** हर कोई सदस्य : विस अध्यक्ष

रांची। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को बजट सत्र के समापन संबोधन में कहा कि विधानसभा के सभी सदस्यों की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखना आसन का उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में हमेशा इस बात का ध्यान रखा है कि सदस्य सदन के माध्यम से राज्य के अंतिम व्यक्ति की भावनाओं को व्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा कि उनके लिए सदन में न पक्ष और न विपक्ष है, हर कोई सदस्य है। उन्होंने सदन संचालन में सदस्यों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए सरंक्षण देने का प्रयास किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 24 फरवरी से शुरू होकर होकर 27 मार्च तक कुल 20 कार्य बैठकों के बाद षष्टम झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का समापन हुआ। यह बजट सत्र कई दृष्टिकोण से कई मायनों में अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि लंबे अंतराल के बाद हम सभी ने मिलकर सदन के समय का जिस प्रकार सदुपयोग किया है, वह ऐतिहासिक है। यह पक्ष और विपक्ष के सहयोग से ही संभव हो पाया। शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग

मानव तस्करी के शिकार हुए 25 नाबालिग कराए गए मुक्त

- सभी नाबालिग सुरक्षित रांची पहुंचे किया जाएगा पुनर्वासित
- खूंटी के सात, साहिबगंज और गोड्डा के 18 को किया गया है रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मानव तस्करी के कलंक को मिटाना हेमंत सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से मानव तस्करी के शिकार बालक एवं बालिकाओं को लगातार मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग से संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 25 नाबालिगों को वापस लाकर झारखंड पुनर्वासित किया जा रहा है।

खूंटी के सीडीपीओ अल्ताफ खान एवं साहिबगंज की सीडीपीओ पूनम कुमारी के नेतृत्व में ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित रांची पहुंचे। मुक्त कराए गए सभी नाबालिगों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादातर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र ने दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली से सटे राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया है। शेष पेज 11 पर

क्या है मानव तस्करी

मानव तस्करी शोषण के उद्देश्य से की जाती है। इसमें गरीब और भोले-भाले लोगों को फंसाया जाता है। मानव तस्करी एक ही देश के अंदर या देश की सीमाओं से बाहर भी होती है। देश के अंदर मानव तस्करी में नौकरी और बेहतर जिंदगी का लालच देकर उन्हें बड़े शहरों में ले जाकर बेच दिया जाता है। मानव तस्करी के माध्यम से जबर्दस्ती श्रम कराया जाता है और लड़कियों को देह व्यापार में ढकेल दिया जाता है। मानव तस्करी मानवाधिकार का घोर उल्लंघन है।

चतरा के इटखोरी में रोजगार सेवक रिश्वत लेते गिरफ्तार

5000 रुपए मनरेगा योजना के कार्य के लिए लेते पकड़ा गया

नवीन मेल डेस्क

चतरा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने चतरा जिले के इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से रोजगार सेवक उमेश कुमार को रिश्वत लेते गुरुवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद अग्रेतर करवाई के लिए एसीबी की टीम रोजगार सेवक को हजारीबाग ले गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित बिनोद सिंह ने एसीबी को पत्र लिखकर बताया था कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम से शेष पेज 11 पर

लोहरदगा में रजिस्ट्री कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

लोहरदगा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के टीम ने गुरुवार को लोहरदगा जिला निबंधन कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया कर लिया। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, बगड़ू थाना क्षेत्र के हिसरी गांव निवासी मो. आलीमुद्दीन (पिता स्व. मोहिउद्दीन) ने अपनी जमीन का पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय में संपर्क किया था। शेष पेज 11 पर

विदेश में रह रहे एनआरआई अब वहीं से डाल सकेंगे वोट

ब्यूरो

नई दिल्ली। एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए मतदान के अधिकार के प्रस्ताव का समर्थन किया है। विदेशी मामलों की समिति ने इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक बैलेट (ई-बैलट) और प्रॉक्सी वोटिंग जैसे विकल्पों की सिफारिश की है। भारत सरकार के विदेशी मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष हैं केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर। इस रिपोर्ट में एनआरआई को सही तरीके से परिभाषित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। क्योंकि, भारत सरकार के अलग-अलग कानूनों में इसका अर्थ अलग-अलग तरीके से दर्शाया गया है। इस संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अभी जो नियम है, उसके मुताबिक एनआरआई को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के बावजूद वोट देने के लिए उसे शारीरिक रूप में भारत आना पड़ता है।

समिति ने इसपर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में एनआरआई भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं या फिर किसी और देश की नागरिकता लेकर दोहरी नागरिकता रखते हैं। इसके आधार पर उनकी चुनावी भागीदारी समिति होती जा रही है। भारत से बाहर रहने वाले एनआरआई के वोटिंग का मामला अभी केंद्रीय कानून मंत्रालय के पास है। लेकिन, विदेश मामलों की संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया है कि वह कानून मंत्रालय से चुनाव आयोग के साथ मिलकर सक्रिय रूप से आगे बढ़े। समिति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग और प्रॉक्सी वोटिंग जैसी संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके लिए धारा 1950 के तहत बनाए गए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन करते हुए राजनीतिक दलों से विचार विमर्श की आवश्यकता होगी। शेष पेज 11 पर

- विदेशी मामलों की समिति ने इसके लिए ई-बैलट और प्रॉक्सी वोटिंग की सिफारिश की

इंडिया

कलियुग का असर समाज पर पड़ा या हमने इसे बनाया

धार्मिक ग्रंथों में उदाहरणों से हमें आदर्श आचरण और धर्म का मार्ग बताया गया है जिसमें चलकर हम सुख और शांति का अनुभव कर सकते हैं पर सभी सनातनी संस्कारों को नकार कर पश्चिम की तरह सिर्फ व्यक्तिगत सुख के पीछे भागने की प्रवृत्ति ने ऐसी घटनाओं को जन्म दिया जिससे कलियुग भी शर्मिंदा हो जाए। अभी पूरा देश मेरठ में हुई एक कलियुगी हत्या की खबरों की चपेट में है, जो इतनी जघन्य है कि इससे समाज पर ही सवाल उठने लगे हैं। इस ने उजागर किया है कि भारत में सुरक्षा और शालीनता के मध्यमवर्गीय विचारों के भ्रम के पीछे आखिर छिपा क्या है? यह सच्चाई उस आदमी के अवशेषों से प्रकट हुई है, जो एक नीले प्लास्टिक के ड्रम के अंदर सीमेंट में दफन था और जिसे उस महिला द्वारा दुनिया से मिटा दिया गया, जिसने कभी उसके साथ सात फेरे लेकर उसके नाम का मंगलसूत्र पहना था। सौरभ राजपूत के साथ जो हुआ वह देश के लोगों में आए नैतिक पतन का एक पड़ाव है। वारदात को लेकर हुए खुलासे तो और भी अजीब हैं। 29 वर्षीय सौरभ, जो मर्चेंट नेवी के भूतपूर्व अधिकारी थे, अपनी पत्नी और बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन से दो साल बाद घर आए थे। वहां वह एक बेकरी में काम करते थे, जहां उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। यह कोई बड़ी नौकरी तो नहीं थी, लेकिन परिवार के लिए एक स्थिर आय जरूर सुनिश्चित करती है, जिसे अगर रुपयों में बदला जाए, तो यह आकर्षक भी लगती थी। हालांकि इसकी पूरी संभावना है कि सौरभ की नौकरी को इंग्लैंड में मामूली ही माना जाता होगा, लेकिन इसकी बदौलत ही भारत में उन्होंने अपने परिवार को तमाम विलासितापूर्ण चीजें उपलब्ध कराईं, बेटी के लिए अच्छा स्कूल, पत्नी और पत्नी के परिवार के लिए नवीनतम आईफोन, एक अच्छी जगह पर किराए का एक आवास।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सौरभ की घर वापसी तक सब अच्छा चल रहा था। एक वायरल वीडियो में पूरा परिवार नाचता और जश्न मनाता दिख रहा है। सौरभ को भनक भी नहीं थी कि सिर्फ तीन दिन बाद उसकी हत्या होने वाली है। लेकिन हम आजकल ऐसी ही दुनिया में रह रहे हैं। सोशल मीडिया की दिखावटी जिंदगी को संपादित कर हम रील्स बनाते हैं, और इसे लोगों की ईर्ष्या के लिए पेश कर देते हैं। उस रील में भी ऐसा परिवार था, जिससे सकारात्मक अर्थों में ईर्ष्या होनी चाहिए थी, लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से तीन दिनों के भीतर सब कुछ बदल गया। अपनी हत्या की रात सौरभ ने अपने पसंदीदा कोफ्ते खाए, जिसमें मुस्कान ने नींद की दवा मिला दी थी।



उसे गहरी बेहोशी में देख, मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल को बुला लिया। साहिल उसके स्कूली दिनों का साथी था और 2019 में एक क्लास रीयूनियन के दौरान वे फिर से मिले थे। समय के साथ उनकी बातचीत बढ़ती गई, प्रेम संबंध बन गए, जिसका पता सौरभ को चला। उसने तलाक के लिए अर्जी दी थी, लेकिन पहले से एक बेटी होने के कारण परिवार और मुस्कान की वफादारी के वादों की वजह से उसने मन बदल लिया। यह बहुत घातक गलती थी, लेकिन भारत में यह बहुत आम है, जहां तलाक को विषाक्त रिश्ते में रहने से भी बड़ा पाप माना जाता है। इसके बाद भी मुस्कान के साहिल के साथ संबंध खत्म तो नहीं हुए, लेकिन अगले कुछ वर्षों तक वह वैवाहिक वफादारी का दिखावा करती रही। इससे सौरभ को दो साल के लिए इंग्लैंड में रहने का आश्वासन मिला, तो मुस्कान को अपने जुनून-साहिल और अब ड्रग्स में लिप्त होने की आजादी भी मिली। इसके बाद, दोनों प्रेमी नशे की लत और एक-दूसरे के लिए अतृप्त भूख से प्रेरित एक लापरवाह प्रेम-संबंध में डूब गए, जो एक किस्म के रहस्यवाद पर भी टिका हुआ था। एक विकृत कल्पना, जिसमें उनका एकसाथ आना तभी मुमकिन होगा, जब वे सौरभ का 'वध' कर देंगे और तीन मार्च की रात को उन्होंने यही किया। जब सौरभ नींद में था, तब मुस्कान उसके ऊपर झुकी और उसके दिल में चाकू घोंप दिया। उसके बाद साहिल ने उसका सिर धड़ से अलग किया। यह कोई जुनूनी अपराध नहीं था। हत्या में इस्तेमाल चाकू पहले से ही खरीदा गया था, साथ ही प्लास्टिक का ड्रम भी, जिसमें उसके शरीर के टुकड़े छिपाए गए। इसके बाद साहिल का जन्मदिन मनाने और अपने नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए ये दोनों छुट्टियां मनाने हिमाचल निकल गए। एक बार फिर, सोशल मीडिया की रील्स में इस जोड़े को अपराध बोध की छाया से मुक्त जिंदगी का भरपूर आनंद लेते हुए दिखाया गया है।

मुस्कान और साहिल केवल प्रेम में ही नहीं, नैतिक पतन में भी भागीदार थे। प्लास्टिक का वह ड्रम दरअसल, हमारे समाज में व्याप्त गहरी सड़ांध का प्रतीक है, जिन्हें हम उन मूल्यों के सीमेंट से ढक देते हैं, जिन्हें हम तेजी से त्यागते जा रहे हैं। एक वक्त था, जब भारत में नैतिकता सरल होने के बावजूद दम घोंटने वाली थी, जिसमें परिवार और सामाजिक दबाव व्यक्तित्वों का गला घोंट देते थे। दूसरी तरफ, आज हम दूसरी चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं, जहां जिंदगी नैतिकता से रहित विकल्पों का नतीजा बन गई है। ऐसे विकल्प, जहां सिर्फ अपनी खुशी ही देखी जाती है और इसकी कोई परवाह नहीं की जाती कि इसका परिवार या अपने समाज पर क्या असर पड़ेगा। मुस्कान की छह साल की बेटी पीहू, इसकी मिसाल है, जिसने अपने पिता को खो दिया। यह पूरा प्रकरण इसका भी प्रमाण है कि हम कैसे नजरें फेर लेना चुनते हैं। कैसे माता-पिता अपनी बेटी का स्वभाव जानते हुए भी पति के विदेश जाने के बाद एक ही शहर में रहते हुए उसे अलग रहने की अनुमति देते हैं? एक माता-पिता ने अपने बेटे से सिर्फ इसलिए दूरी बना ली, क्योंकि उसने ऐसी दुल्हन चुनी, जिसे वे स्वीकार नहीं करते थे और नतीजा यह हुआ कि वह एक कुटिल महिला की चालों के सामने कमजोर पड़ गया? समाज ने अवैध संबंधों को देखते हुए भी पति को सूचित करना जरूरी नहीं समझा? हम सभी ने इसे होने दिया, क्योंकि दौड़ती हुई जिंदगी में अपने आसपास देखने की तुलना में दूर देखना आसान होता है। हमने चुपचाप मान लिया कि कलियुग है, कुछ भी हो सकता है। लेकिन ऐसा होने की जरूरत नहीं थी। इस अपराध का मूल कारण ड्रग्स नहीं, बल्कि हम हैं। दुःखद यह है कि हमें इससे सीख लेने की भी फुर्सत नहीं है।

सरना स्थल के पास बने फ्लाईओवर रैंप को हटाने का काम शुरू

फिर भी असंतुष्ट दिखे आदिवासी संगठन के सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सिरमटोली में बनाए जा रहे फ्लाईओवर की रैंप सरना स्थल के दोनों द्वारों के पास आ रहा है जिसका विरोध सभी आदिवासी संघठनों के द्वारा किया जा रहा। संगठनों का कहना है सरहुल पर्व में लाखों की भीड़ होती है जब रोड पूरी खुली थी तब भी परेशानी होती थी तो अब कैसे नहीं होगी। वहीं, फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के द्वारा 22 मार्च को रांची बंद भी बुलाया गया था। जिसका राजधानी के कई क्षेत्रों में असर दिखा था। वहीं गुरुवार को डीसी ने फ्लाईओवर का जायजा लिया जिसके बाद रैंप को हटाने के लिए मजदूरों ने काम शुरू कर कर

दिया। हालांकि इस से भी आदिवासी संगठन के लोग संतुष्ट नहीं थे।

पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने रैंप को हटाए जाने पर कहा कि बातें उड़ाई जा रही है कि रैंप हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा हटाया तो जा रहा है लेकिन हटाने की नियत नहीं दिख रही है। गीताश्री का कहना है जिसे जेसीबी से घंटों में ही हटाया जा सकता है, उसे कुदाली और फाफड़ा से तोड़ा जा रहा है। छलावा है हमें ठगने की।

वहीं आदिवासी संघटना के नेता प्रेम शाही मुंडा ने कहा मुख्यमंत्री अराजकता पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा रैंप हटाये जाने के नाम पर सिर्फ 10 फीट हटाया जा रहा है। प्रेम शाही मुंडा ने कहा- हमें लगता हैं कि हेमंत सोरेन हमारे साथ राजनीति कर रहे हैं। साथ ही कहा- सरकार थोडा सा रैंप हटाकर आरक्षण दे रही क्या? सरकार सीधे तौर पर संवाद नहीं कर रही है इस तरीके से सरकार दिखावा करेगी तो हम भी चुप नहीं बैठेंगे। उग्र आन्दोलन की चेतवानी देते हुए उन्होंने कहा आने वाले समय में जनांदोलन तेज होगा। मौके पर कई आदिवासी संघठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपराधियों ने कारोबारी की गला काट कर की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के पंडरा में एक कारोबारी की गला काटकर हत्या कर दी। अपराधियों के हमले में घायल हुए जूता कारोबारी भूपल साहू को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

क्या है पूरा मामला

रांची के पंडरा इलाके में अपराधियों ने एक कारोबारी की गला काट कर हत्या कर दी है। मृतक का नाम भूपल साहू है। हमले के बाद उन्हें गंभीर स्थिति में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रेड किया जा रहा है। मौके पर मौजूद

स्थनीय लोगों ने बताया कि विशाल फुटवेयर के संचालक भूपल साहू अपनी दुकान की सीढ़ियों पर खड़े थे, इसी दौरान एक युवक ने भूपल साहू को निशाना बनाते हुए उनके गले पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भूपल पर अपराधी ने इतने वार किए की दुकान के बाहर की सीढ़ी खून से लाल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पास में ही एक भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसकी वजह से वहां काफी भीड़ थी, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वह फरार हो गया। चाकू लगने से घायल कारोबारी को स्थानीय लोगों के द्वारा ही आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों की टीम ने गंभीर रूप से घायल कारोबारी को बचाने की भरपूर कोशिश की लेकिन वे उसे बचा नहीं पाए।

पंडरा ओपी क्षेत्र का मामला होते हुए भी रातू थानेदार रामनरायण सिंह सबसे पहले पहुंचे और आरोपी के गिरफ्तारी के लिए निकल पड़े। बाद में पंडरा पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों थानों की टीम आरोपी के गिरफ्तारी के लिए रेड कर रही है। मामले की जांच को लेकर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता इलाके में कैम्प कर हैं।

झारखंड में जंगल राज है : सुबेश पांडे

भाजपा के पंडरा मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे ने कहा कि झारखंड में जंगल राज है। विशाल फूट वेयर के संचालक भूपल साहू का गला काट दिया। उन्होंने बताया कि भूपल को आनन फानन में दलादली स्थित ईस्टर्न हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया हैं जहां उनकी हालत गंभीर है। सुबेश पांडे ने कहा राजधानी में अपराधियों में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं हैं।

धनबाद से नई ट्रेनें चलाई जाए : चंद्रप्रकाश चौधरी

गिरिडीह सांसद ने शून्य काल में उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि जहां से वे सांसद हैं वहां पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो जिले से प्रवासी मजदूर बड़ी संख्या में मुंबई, सूरत बेंगलुरु एवं कोलकाता जाते हैं। यही नहीं पढ़ाई करने के लिए जहां विद्यार्थी काफी संख्या में इन जगहों पर जाते हैं। वहीं व्यापार व चिकित्सा के लिए भी लोग इन स्थानों पर जाते हैं। दुर्भाग्य से इन जगहों पर जाने के लिए झारखंड से एक ही ट्रेन है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री से पारसनाथ, गोमो, धनबाद स्टेशन से मुंबई व सूरत के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ पारस के तीर्थ यात्री एवं व्यापार कर रहे लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह चेन्नई व बेंगलुरु जाने के लिए भी एक नई ट्रेन चलाई जाए। जिससे कि वहां पढ़ रहे झारखंड के विद्यार्थी एवं प्रवासी मजदूरों को राहत मिल सकेगी उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री को ध्यान ही इस ओर आकृष्ट कराया की न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोलकाता जाने के लिए कोई सीधी

ट्रेन नहीं है। पहले आनंद विहार एक्सप्रेस में गिरिडीह के लिए स्लीपर कोच व वातानुकूलित कोच की व्यवस्था थी जिसके कारण लोगों को कोलकाता एवं पटना जाने में काफी सुविधा होती थी।मगर 2020 में पूर्व रेलवे द्वारा इस रेल मार्ग को परिवर्तित कर इसको मधुपुर के बाद न्यू गिरिडीह कोडरमा गया होते हुए चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास था। किंतु कोरोना काल में यह रेल सेवा बंद है। इसको देखते हुए उन्होंने रेल मंत्री से कोलकाता से पटना या न्यू गिरिडीह- कोडरमा नई ट्रेन शुरू करने और इसका ठहराव न्यू गिरिडीह में स्टेशन पर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी यह मांग क्षेत्र के लाखों यात्रियों के आवागमन को जहां सम बनाएगा वहीं कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। इससे तीर्थ यात्रियों, व्यापारियों, प्रवासी मजदूरों व छात्रों को व्यापक लाभ मिलेगा।

हत्या के विरोध में सदन के बाहर भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। इसमें आजसू, जदयू, लोजपा (आर) के विधायक तख्ती लेकर धरना पर बैठे। इस पर लिखा था झारखंड में हत्या का सिलसिला कब खत्म होगा, अनिल टाइगर के हत्यारे को अविलंब फांसी दो, झारखंड में अपराधियों पर अंकुश कब लगेगा।

अपराधी बेलगाम में हो गये हैं : चंपाई सोरेन

भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। अपराधी बेलगाम हैं। आये दिन हत्या, लूट, बलात्कार, छिनतई जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसे लेकर राज्यपाल से मिलेंगे और राष्ट्रपति सरकार लगाने की मांग करेंगे।

सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है : नीरा

भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि सरकार के लोग नारा देते हैं कि हेमंत है तो हिम्मत है। यह अपराधियों की हिम्मत है। कहा कि राज्य में ना खास और ना आम सुरक्षित हैं। झारखंड में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है कि अपराधी बेलगाम हो गये हैं।

सरकार को आम लोगों के जीवन से सरोकार नहीं : जयराम महतो

जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा कि सरकार को आम लोगों से जीवन से सरोकार नहीं है। जिस तरह से अनिल टाइगर की हत्या हुई है, यही प्रतीत होता है कि सरकार व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में आये दिन घटनाएं हो रही हैं। रांची की घटना में जो दोषी हैं, सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सजा दिलाने का काम करे। अपराधी सरेआम कट्टा लेकर घूम रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

डीएसपीएमयू का नाम बदल वीर शहीद बुधू भगत विवि करने की सैद्धांतिक सहमति : सुदिव्य कुमार

रांची। उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधू भगत विश्वविद्यालय करने की मांग पर सरकार की सैद्धांतिक सहमति है। सरकार सदन के माध्यम से राज्य के लोगों को विश्वास दिलाती है कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार शहीदों को सम्मान नहीं देगी तो कौन देगा। क्या बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में हमारे शहीदों के नाम कोई विश्वविद्यालय का नाम हो सकता है। मंत्री ने कहा कि शहीदों के नाम से विश्वविद्यालय होने से राज्य के छात्र-छात्राओं को अपने शहीदों को जानने का भी मौका मिलेगा। इससे पहले झामुमो विधायक विकास मुंडा ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधू भगत विश्वविद्यालय करने की मांग की।

कॉम्पट मुंडा बाइस पड़हा का एक शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कॉम्पट मुंडा बाइस पड़हा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने वार्ता के क्रम में राज्यपाल से राज्य के पांचवी अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के प्रावधान संबंधी विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राज्य में इसे प्रभावी रूप से लागू करने की पहल करने का आग्रह किया।

राज्यपाल गंगवार ने विनियोग विधेयक को दी स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य के आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान की। विदित हो कि 3 मार्च को झारखंड विधानसभा में 2025-26 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया था। वहीं 24 मार्च को झारखंड विधानसभा में पारित हुआ।

भाजपा नेताओं ने अनिल के परिजनों से की मुलाकात

रांची। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा अनिल टाइगर के घर पर पहुंचे व परिजनों से की मुलाकात।

मृतक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए मंत्री

रांची। मृतक अनिल महतो (टाइगर) की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए सत्ता पक्ष से मंत्री राधाकृष्ण किशोर, योगेंद्र महतो और संजय यादव शामिल हुए। श्री किशोर ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था सबसे अच्छी है। विपक्ष आरोप नहीं लगाएगा तो उनकी दुकान कैसे चलेगी।

यौन शोषण मामले में एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर गिरफ्तार

रांची। चुटिया थाने की पुलिस ने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर प्रेम सिंह (41 वर्ष) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। उसे हैदराबाद से पुलिस गिरफ्तार कर रांची लाई, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया।

सीएम से मिला सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में विभिन्न सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्राकृतिक महापर्व 'सरहुल' शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से सरहुल पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले शोभायात्रा की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

डीएसपीएमयू के रजिस्ट्रार को शो कॉज, जवाब तलब

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों से सातवें वेतनमान में अधिक वेतन लेने के नाम पर कटौती को लेकर दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने प्रार्थी मनोज कुमार व अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को शो कॉज जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। वहीं, जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में प्रार्थी मनोज किड़ो की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने चार सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को शो कॉज का जवाब दायर करने का निर्देश दिया।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रासुका व सीसीए लगेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। खासकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करने का प्लान तैयार किया है। डीजीपी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे तत्वों पर एनएसए और सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के कुछ जिलों में हाल के दिनों में पर्व त्योहार के दौरान हुए सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस विशेष रूप से सजग है। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोशल मीडिया के जरिए तनाव

फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के उपद्रवी जमीन पर उपद्रव करने वालों से ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं। ऐसे लोगों की रिच बहुत ज्यादा होता है जो समाज के लिए बेहद खतरनाक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें : के. रवि कुमार

- *मतदान केंद्रों के जीरो रिलोकेशन कराने के सुझाव पर होगा कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्य*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की उक्त बैठक में राजनीतिक दलों के सुझाव लिए गए। वर्तमान में कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों पर क्रियान्वयन के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे

शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है। श्री के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे।

के. रवि कुमार ने बैठक में राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बूथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वार बीएलओ के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें साथ ही चुनाव आयोग द्वार बताए गए दिशा निर्देशों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें। बैठक में श्री कुमार ने चुनाव एवं उसके उपरांत मतदाताओं एवं जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों के अनुभवों को भी जाना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किए जा रहें हैं। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राज्य सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त : विजय शंकर नायक

रांची। प्रतिदिन की बंदी और हत्याओं ने झारखंडी जनमानस के जनजीवन को प्रभावित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री इस मामले में संज्ञान ले और विधि व्यवस्था समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल झारखंड भेजें। उक्त बातें विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। राज्य में हत्याओं का दौर चल रहा है। पुलिस प्रशासन सिर्फ बयान बाजी कर बोल बच्चन की भूमिका मे नजर आ रहे है। आम जन दहशत में जिने को मजबूर है। श्री नायक ने अनिल टाइगर की हत्या पर दुःख जताया है। वहीं कहा कि राज्य मे गिरती विधि व्यवस्था के कारण अपराधियों एवं दंगाईयों का मनोबल बढ़ा है।

विश्व रंगमंच दिवस पर रंगदर्पण ने की संगोष्ठी, नाटक की हुई प्रस्तुति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विश्व रंगमंच दिवस की पूर्व संध्या पर रंगदर्पण द्वारा सामाजिक परिवर्तन में रंगमंच का योगदान विषय पर संगोष्ठी और दो नाटकों का मंचन किया गया। यह आयोजन कडरु स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी (जेएफटीए) स्टूडियो थिएटर में आयोजित हुआ, जिसमें शहर के रंगमंच प्रेमियों, कलाकारों और विद्वानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत संगोष्ठी से हुई, जिसमें रंगमंच की सामाजिक भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य वक्ताओं में डॉ. विनोद कुमार (शिक्षाविद, नाटककार एवं फिल्मकार), डॉ. शाकिर तसनीम (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कोऑर्डिनेटर, परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड) और सुनील कुमार बादल (वरिष्ठ पत्रकार) शामिल थे। वक्ताओं ने

रंगमंच को केवल एक कला माध्यम न मानकर सामाजिक जागरूकता, राजनीतिक चेतना और वैचारिक क्रांति का मंच बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि थिएटर समाज को आईना दिखाने के साथ-साथ सकारात्मक परिवर्तन की नींव भी रख सकता है। संगोष्ठी के उपरांत दो सशक्त नाटकों का मंचन हुआ, जो न केवल मनोरंजन का माध्यम बने, बल्कि दर्शकों को गहरे सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रश्नों से भी जोड़ा।

'नींद क्यों रात भर नहीं आती' : प्रसिद्ध नाटककार सुरेंद्र वर्मा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन अशोक गोप (शोधार्थी, थिएटर, उखख) ने किया, जबकि सहायक निर्देशन की जिम्मेदारी हिमांशु कुमार ने निभाई। यह नाटक एक युवती के मानसिक और भावनात्मक द्वंद्व को उजागर करता है।

'अंधा युग' : मंच डॉ कमल बोस (अध्यक्ष रंगदर्पण)ने संभाला और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल ठाकुर (सचिव रंगदर्पण) ने किया।

रांची बंद से आम जनजीवन रहा अस्त-व्यस्त

भाजपा ने बुलाया रांची बंद, आजसू, जदयू और जेएलएकेएम का रहा समर्थन

रांची। बीजेपी नेता अनिल महतो की हत्या के विरोध में गुरुवार को बीजेपी ने रांची बंद बुलाया गया।वहीं कई संगठनों ने झारखंड बंद का आह्वान किया। इसके अलावा आजसू, जदयू और जेएलएकेएम ने भी बंद का समर्थन किया। अचानक बुलाए गए बंद के कारण यात्रियों, ठेले खुमचे वाले और दुकानदारों पर प्रभाव पड़ा। राजधानी के कई हिस्सों में बंद का व्यापक असर दिखा। वहीं कई हिस्सों में हालात सामान्य रहे। भाजपा के कई बड़े नेता बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरें। हालांकि इस बंद का असर राजधानी के अलावा और कहीं नहीं दिखा।

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को लिया गया हिरासत में

भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची बंद को देखते हुए गुरुवार को रांची पुलिस अलर्ट मोड पर रही। इसी क्रम में रांची पुलिस ने सड़कों पर उतरे कई बंद समर्थकों को गिरफ्तार किया। जिसमे अरगोड़ा पुलिस ने भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को हिरासत में लिया था। इस बंद में कई राजनीतिक पार्टी का समर्थन मिला। सुबह 8 बजे से ही बंद समर्थकों ने टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया। बंद समर्थकों का आक्रोश हर जगह देखने को मिल। जगह जगह पर आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया जा रहा था।

- दूसरे जिले से आने वालों को हुई परेशानी, ऑटो चालकों पर भी पड़ा असर

पुलिस-प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

जेएलएकेम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि अनिल महतो की हत्या प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सोनू मुंडा की भी हत्या हुई थी, जिससे अपराधी बेखौफ हो गए हैं।

कुड़मी/कुर्मी समाज ने भी बुलाया था झारखंड बंद

कुड़मी/कुर्मी समाज ने भी 24 घंटे के झारखंड बंद की घोषणा की थी। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि यह बंद सुबह 6 बजे से प्रभावी रहा, हालांकि अति आवश्यक सेवाओं को इससे मुक्त रखा गया है। उन्होंने मांग की कि हत्या के दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नहीं वसूली में व्यस्त

रांची। पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री स्व. अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा ने रांची बंद का आह्वान किया था। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बंद को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया। साथ ही आम जन को बंद के दौरान हुई परेशानियों के लिए क्षमा याचना भी की। श्री मरांडी ने कहा कि जनता की सुरक्षा के सवाल पर भाजपा का सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इसके पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है, जिन्हें आम आदमी की पीड़ा परेशान नहीं करती है। अपराधी आम आदमी को निशाना बना रहे और मुख्यमंत्री चैन से सो रहे। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस के कप्तान केवल पुलिस के डीजीपी नहीं है बल्कि सीआईडी, एसीबी और अघोषित रूप से स्पेशल ब्रांच के भी डीजीपी हैं। कहा कि इतना ही नहीं रांची के एसएसपी भी डीआईजी होते हुए भी एसएसपी पद पर बैठे हैं। जनता समझ नहीं पा रही कि आखिर इतने पदों पर एक व्यक्ति आखिर क्यों? कहा कि इसी से पता चलता है कि राज्य सरकार की पुलिस व्यवस्था किस प्रकार काम कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य की पुलिस अपना काम छोड़कर और काम में व्यस्त है।

- जबतक वसूली नहीं रुकेगी,अपराध नहीं रुकेगा
- एक डीजीपी चार पद के प्रभार में, रांची के एसएसपी भी अतिरिक्त प्रभार में

साजिशकर्ताओं की पहचान कर सच्चाई उजागर हो : सुदेश

रांची। पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आजसू पार्टी ने राजधानी रांची में जबरदस्त प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राज्य में गिरती कानून-व्यवस्था और सरकार की विफलताओं के खिलाफ विधानसभा से लेकर सड़कों तक आक्रोश प्रकट किया। आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ देवशरण भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांके रोड से जुलूस निकालते हुए कचहरी रोड, शहीद चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर शक्ति प्रदर्शन किया। वहां पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार की नाकामियों के खिलाफ नारेबाजी की गई।

प्रवीण प्रभाकर समेत कई नेता हिरासत में लिए गए

अल्बर्ट एक्का चौक पर पुलिस ने प्रदर्शन को रोकने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप कार्यकर्ताओं और सुरक्षाबलों के बीच तीखी झड़प हुई। प्रशासन ने प्रवीण प्रभाकर, कुमुद वर्मा समेत कई आजसू कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी का कड़ा विरोध किया, लेकिन पुलिस उन्हें जबरन वाहनों में बिठाकर कोतवाली थाना ले गई, जहां पहले से भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता हिरासत में थे।

घटना की जानकारी मिलते ही रांची सांसद-सह-केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, आजसू विधायक निर्मल महतो और पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे समेत कई वरिष्ठ नेता कोतवाली थाना पहुंचे और हिरासत में लिए गए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।आजसू सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो दिवंगत अनिल टाइगर के पैतृक गांव खटंगा पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और कहा कि यह हत्याकांड झारखंड में चरमरा चुकी कानून-व्यवस्था और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का जीवंत प्रमाण है।मौके पर श्री महतो ने कहा कि रांची बंद की अभूतपूर्व सफलता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता ने इस सरकार से पूरी तरह भरोसा उठा लिया है। उन्होंने सरकार से अनिल टाइगर हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच कर साजिशकर्ताओं की पहचान करने और दोषियों को शीघ्र दंडित करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ने भाग लिया।

हत्या के खिलाफ सड़क पर उतरे रक्षा राज्य मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची महानगर पूरी तरह से बंद रहा। भाजपा के आह्वान पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पंडरा मंडल एवं सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ो समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे और पिस्का मोड़ के समीप सड़क पर बैठकर विरोध जताया। इससे पूर्व रक्षा राज्य मंत्री ने सभी व्यवसाईयों, दुकानदारों व अन्य लोगों से बंद को समर्थन करने की अपील की। रक्षा राज्य मंत्री के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और व्यवसायी भी इस बंद के समर्थन में खड़े रहे। सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:00 तक रक्षा राज्य मंत्री खुद पिस्का मोड पर सड़क पर बैठे रहे। इस दौरान कई प्रशासनिक अधिकारियों ने उनसे जाम छोड़ने का अनुरोध भी किया। रक्षा मंत्री इसी बात पर अड़े रहे कि रांची की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो। रांची से जंगल राज खत्म हो। इस पर शासन और प्रशासन काम करे। सड़क जाम के दौरान संजय सेठ ने कहा कि यह जाम कोई राजनैतिक जाम नहीं है। यह रांची में लचर हो चुकी कानून व्यवस्था के खिलाफ जनआंदोलन का आगाज है। यदि अभी शासन और प्रशासन ने रांची की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की तो आंदोलन की धार और तेज होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड की शासन व्यवस्था स्ट्रेचर पर है और सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। पुलिसिंग पूरी तरह से फेल हो चुकी है। जिसके वजह से आए दिन लूटपाट, अपराध और हत्याएं हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि अविलंब रांची की पुलिसिंग की समीक्षा हो। दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। अनिल टाइगर के हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाई जाए। रांची की जनता के जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

- समर्थकों के साथ पिस्का मोड़ पर 6 घंटे तक डटे रहे संजय सेठ
- स्ट्रेचर पर है रांची की कानून व्यवस्था
- नागरिकों के जान माल की सुरक्षा की गारंटी दे प्रशासन
- अनिल टाइगर के हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मिले सजा।

आज / कल

भाजपा नेता दिवंगत अनिल महतो टाइगर को दी गई अंतिम विदाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष और कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिवंगत अनिल महतो टाइगर को भाजपा नेताओं, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस के विधायकों सहित झामुमो के दिग्गज नेताओं ने गुरुवार को अंतिम विदाई दी और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अनिल महतो टाइगर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गागी खटंगा स्थित जुमार नदी श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। अनिल के अंतिम संस्कार में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, आदित्य साहू, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, मांडू विधायक तिवारी महतो, देवशरण भगत, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय यादव, मंत्री योगेंद्र महतो, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी, डुमरी विधायक जयराम महतो, अजयनाथ शाहदेव, भाजपा नेता राजकुमार महतो, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, सोनू तिवारी, रितेश तिवारी, कमलेश राम, झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय, समनुर मंसूरी, सउद अंसारी, कांग्रेस नेता मदन कुमार महतो, अइनुल हक अंसारी, महेश कुमार मनीष, आजसू नेता हकीम अंसारी, मोजिबुल अंसारी, उपप्रमुख अंजय बैठा सहित कई राजनीतिक दिग्गज, सामाजिक कार्यकर्ता, महावीर मंडल के सदस्य शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में अनिल महतो टाइगर को मृदभाषी, सरल स्वभाव का धनी और सामाजिक कार्यकर्ता बताया। भाजपा, आजसू, जेएलकेएम और कुर्मी संगठन द्वारा बुलाए गए रांची बंद का कांके क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला। क्षेत्र के कांके चौक, बकरू, ब्लॉक चौक, नगड़ी, पिठोरिया, रिंग रोड, बोड़ेया चौक, गांधीनगर, कांके रोड सहित सभी जगह क्षेत्र की दुकानें बंद रहीं। यातायात पूरी तरह से बाधित रहा किसी तरह के वाहन नहीं चलें। बंद समर्थकों ने सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे जक जगह-जगह पर बांस-बल्ली से मार्ग अवरुद्ध कर टायर जलाकर सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर रखा था।

रघुवर दास ने स्व. टाइगर को दी श्रद्धांजलि

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने स्व. टाइगर के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढाढस बंधाया। कहा कि किसी भी राज्य को चलाने के लिए गवर्नेंस की जरूरत होती है। लेकिन झारखंड में गवर्नेंस की सारी संस्थाएं ध्वस्त होने के कगार पर है। यही कारण है कि कानून व्यवस्था का मामला हो या सांप्रदायिक सद्भाव, दोनों के मामले में सत्ताधारी दल बुरी तरह विफल रहे हैं। श्री अनिल टाइगर की हत्या के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने मांग किया कि दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई हो। राज्य अलग होने के बाद से कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं रही जितनी अभी है। कुछ जिलों में अराजकता जैसी स्थिति हो गई है। इसमें रांची राजधानी भी शामिल है, जहां सरकार खुद बैठती है।

कहा कि राज्य सरकार को मेरी सलाह है कि ट्रांसपेरेंट, इफैक्टिव और भ्रष्टाचार मुक्त गवर्नेंस बनाने की दिशा में काम करे। रांची, जमशेदपुर और धनबाद में कमिश्नरी बनाकर पुलिस कमिश्नर की व्यवस्था करें, ताकि अपराध पर नियंत्रण हो सके।

बंद से दुकानदारों को हुआ नुकसान बंदी में ऑटो चालक भी दिखे मायूस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के अलावा कई बाहरी क्षेत्रों में बंदी का असर दिखा। लेकिन राजधानी के शहरी क्षेत्रों में कुछ खास असर नहीं रहा दुकानें खुली रही। हालांकि ग्राहक नहीं थे जिस वजह से दुकानदारों का नुकसान हुआ। अरगोड़ा चौक स्थित दुकानदारों ने कहा कि बंदी के कारण नुकसान का सामना करना पड़ता। गाड़ियां बंद हो जाती है लोग कम निकलते हैं। दुकानदारों ने कहा हाल ही में आदिवासी संगठनों के द्वारा बंद बुलाया गया था। फिर से भाजपा के द्वारा बंद बुलाया गया। इससे आम लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ता है। चाय दुकानदार पवन दुबे ने कहा कि अचानक से बंद बुलाने से आम आदमी को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। गन्ने के जूस वाले दीपक का कहना है कि बंदी करने से जाने वाला लौटेगा नहीं। गरीब आदमी का नुकसान हो जाता है। अरगोड़ा चौक स्थित मंदिर में बैठे धर्मदयाल साहू ने कहा है बंदी का होना सही है। उन्होंने कहा जंगल राज की स्थिति आ गई है। किसी की भी दिनदहाड़े हत्या कर दी जा रही है इसलिए बंद करके बहिष्कार करना सही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार अपराधों पर अंकुश नहीं लगा रही है। प्रशासन का खौफ अपराधियों में नहीं है। उन्होंने कहा बंदी में रोजमर्रा की जिंदगी में कमाने वाले अगर एक दिन नहीं निकलेंगे तो कुछ गलत नहीं है लेकिन जिसका घर उजड़ गया उसके बारे में कौन सोचेगा?



बस अड्डे पर दिखा बंदी का असर

रांची बंद का असर बस अड्डों में देखने को मिला। रांची स्थित सरकारी बस अड्डे में कार्यरत बस संचालकों ने बताया की बंदी के कारण सुबह से एक भी बस नहीं निकली। दोपहर करीब 2 बजे पहली बस हजारीबाग की निकली। बस चालकों ने कहा कि बस नहीं चलने से चालकों का भी नुकसान हुआ है। एकाएक बंदी के कारण रांची आने वाले यात्रियों को पता नहीं था कि असुविधा होगी जिस वजह से रांची आने वाले यात्री रामगढ़ से ही वापस लौट गए।

ट्रेन से आने वाले यात्रियों को हुई परेशानी

रेलवे स्टेशन पर दुकानदारों ने बताया दुकानदारी में थोड़ी दिक्कत हो रही लेकिन बाहर से आने वाले यात्रियों को बड़ी परेशानी हो रही। छोटे बच्चे के इलाज के लिए बंगाल से आए एक परिवार ने बताया काफी दिक्कत हुई। उन्होंने कहा सुबह में पहचान का ऑटो चालक मिल गया था इसलिए परेशानी नहीं हुई लेकिन डॉक्टर के पास से लौटने में दिक्कत हुई। वक्त पर ऑटो ना मिलने के कारन ट्रेन भी छूट गई। बंदी का फायदा उठाते हुए कई ऑटो चालकों ने मनमाने ढंग से पैसे भी वसूले। ऑटो चालक सागर सिंह ने कहा सुबह के वक्त कुछ यात्री मिले थे लेकिन बाद में सन्नाटा रहा। ऑटो चालक एमडी सोनू ने कहा कि बाहर से आने वाले यात्री डर के कारण सफर नहीं करना चाह रहे थे। नासिर खान ने कहा आपसी विवाद में घटित इस घटना के बाद आम जनों के काम को बाधित करके क्या फायदा। उन्होंने कहा कि सरकार को घेरना चाहिए ना की आम जनता के काम को बाधित करना चाहिए।

एक नजर

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

अड़की। थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। घटना बुधवार की बताई जा रही है, जब लड़की अपने घर के बैल-बकरी को चराने के लिए पास के जंगल में गई थी। आरोपी 17 साल का लड़का है, जो बाड़ीनीजकेल पंचायत के तुबिद का रहने वाला है। लड़की के अनुसार, जब वह जंगल में अकेली थी, तभी आरोपी ने उसके साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया और फरार हो गया। लड़की डरी सहमी घर पहुंची और अपने घरवालों को पूरी घटना बता दी। गुरुवार को लड़की के परिजन अड़की थाना में मामला दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लड़के को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और उसे सुधार गृह रिमांड होम में भेज दिया।

राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का दबदबा

रांची। राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र वुडबॉल संघ के द्वारा किया गया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने नागपुर महाराष्ट्र आए । प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य से भी बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी महाराष्ट्र आए । महाराष्ट्र में आते ही मैच के शुरू दिन से अंतिम दिन तक झारखंड का दबदबा देखने को मिला। बालक वर्ग में स्ट्रोक टीम इवेंट में विजेता बनकर गोल्ड मेडल पर अपना दावेदारी साबित किए साथ ही झारखंड के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का काल किया वही बालिका वर्ग में स्ट्रोक इवेंट में तृतीय स्थान पर काश्य पदक पर अपनी जोरदार दावेदारी साबित कर पूरे राज्य का नाम रोशन किया।

अनिल महतो के इंसाफ के लिए आमजनों ने किया समर्थन

सिल्ली। भाजपा नेता अनिल महतो टाईगर को इंसाफ दिलाने एवं राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा एवं आजसू द्वारा बुलाये गये रांची बंद को सफल बनाने को लेकर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यकताओं एवं आमजनों के प्रति आभार जताया है। आमजनों ने मानवता और संवेदना दिखाते हुए बंद का पूरा समर्थन दिया है। परन्तु पुलिस ने कई स्थानों पर लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण तरीके से बंद करा रहे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने में रखा गया है मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं ।आपको बताते दें कि विनय महतो धीरज फिलहाल पेनक्रियाज में इंफेक्शन के बेहतर ईलाज को लेकर हैदराबाद में हैं, परंतु घटना की सूचना मिलने के बाद से ही वे काफी मर्माहत हैं।

दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन

सिल्ली। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 27 मार्च को दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश वंदना के साथ शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन सिंह थाना प्रभारी मुरी ओ. पी. ने शिक्षा और जीवन के फासलों के बारे में बेहतर ढंग से समझने और सुनिश्चित करने का निर्णय लेने की सलाह दी साथ हीं साथ साइबर अपराध और वाहन परामर्श पर आधारित दिशा-निर्देश दिया जिसमें सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटना पर जिम्मेदारी का आभास कराया। उन्होंने कहा कि लोगों में मानवता होनी चाहिए ताकि वह सड़क दुर्घटना में लोगों की जान बचा सकें तथा आपातकालीन सेवा प्रदान कर सके।अनावश्यक लिंक और धोखाधड़ी वाले कॉल्स पर ध्यान न दें, किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, सीसीटीवी कैमरा और पासवर्ड के बारे में सुरक्षा, लड़कियों की सुरक्षा के तरीके तथा कई अन्य जानकारियां साझा की।

भाजपा नेता अनिल की हत्या के विरोध में बंद रही खलारी

सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता, बंद कराया बाजार

नवीन मेल संवाददाता। खलारी भाजपा नेता अनिल महतो उर्फ अनिल की दिन दहाड़े की गई हत्या के विरोध में खलारी बंद रहा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर खलारी का बाजार बंद करा दिया। गुरूवार सुबह आठ बजे से ही भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के केडी हिन्दूगढ़ी चौक, डकरा गुरूद्वारा चौक सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों पर जुटने लगे। आवागमन बाधित करने के लिए कई जगहों पर सड़क पर टायर जला दिया गया। कार्यकर्ता टोलियों में घूम घूमकर दुकानदारों से बंद का आग्रह करते दिखे। हालांकि अधिकतर दुकानें स्वतः बंद रही। बंद में आजसू कार्यकर्ता भी साथ थे। उधर प्रखंड के निर्मल महतो चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा जेकेएलएम कार्यकर्ता भी बंद समर्थन में मौजूद थे। यात्री बसों को छोड़ अन्य कमर्सियल भारी वाहनों का परिचालन बंद करा दिया गया। केडी अंबेडकर चौक से डकरा साइडिंग तक फ्लाईऐश लदे ट्रकों, डंपरों सहित अन्य भारी वाहनों की लंबी कतार लगी रही। भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था गिरती जा रही है। अपराधी खुलेआम तांडव मचा रहे हैं। दिन दहाड़े शहर में हत्याएं हो रही है। कानून का राज कायम करने में सरकार फेल है। चुन चुन के हिन्दू नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रांची बंद को लेकर सिल्ली में बंद का आंशिक असर

सिल्ली। गुरुवार के दिन भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर हत्याकांड को लेकर बिभिन्न राजनीतक पार्टियों के द्वारा रांची बंद का एलान किया गया था। इसी क्रम मे सिल्ली के बुंडू चौक और मुरी के सिंगपुर चौक को बिभिन्न राजनितिक दल के नेताओं ने सड़क जाम किया. जाम होने के कारण सड़क के दोनों छोर पर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई. जाम के दौरान आवश्यक सेवाओं को जाम से मुक्त रखा गया था। सड़क जाम की सुचना मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा को सँभालते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों से वातालाप किया तत्पश्चात दोपहर के बाद जाम को हटा लिया गया।

बेड़ो में बंद का रहा मिलाजुला असर

बेड़ो। अनिल की हत्या के खिलाफ बेड़ो भाजपा मंडल के द्वारा आहूत बेडो.बंद का व्यापक का कर देखा गया। बंद के दौरान बेड़ो भाजपा मंडल को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पूर्व विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो खुद सड़क पर उतरे और दुकानदारों से दुकान में बंद करने की अपील की। उनके अपील का तुरंत व्यापक प्रभाव देखा गया। उन्होंने बेड़ो.और नरकोपी भाजपा मंडल को बंद के दौरान मजबूती प्रदान की। उनके अपील पर दुकानदारों ने खुली अपनी दुकान बंद कर दी और पूर्व से ही सैंकड़ों दुकान सुबह से बंद थी। साप्ताहिक हाट में भी बंद का व्यापक असर देखा गया। बेड़ो भाजपा मंडल और नरकोपी भाजपा मंडल के तत्वावधान में अलग-अलग बेड़ो. और नरकोपी भाजपा मंडल के खुखरा में बंद का व्यापक का व्यापक असर देखा गया। बेड़ो भाजपा मंडल के अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजू दास ने अलग अलग बंद के दौरान सड़क पर उतरे। बंद के दौरान मुखिया नीरज कुजूर, भाजपा नेता राजीव रंजन अधिकारी, अंकित सोनी, मिडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, महामंत्री राजेश साहु, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष नवदीप कुमार महतो सहित सैंकड़ों लोग सड़क पर उतरे और बंद को सफल बनाने के लिए एडी. चोटी एक कर दी।

अनिल के हत्यारों को फांसी की मांग को लेकर लोग सड़क पर उतरे

मांडर/ चान्हो। बुधवार शाम भाजपा नेता एवं महावीर मंडल के अध्यक्ष अनिल की गोली मारकर हत्या के विरोध में और अपराधी को कड़ी सजा की मांग को लेकर पूरे रांची जिला एवं प्रदेश भर में गुरुवार को बंद का आह्वाहन किया गया था।मांडर, चान्हो चौक में भाजपा कार्यकर्ता सुबह 9:00 बजे नारेबाजी करते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि सरकार सो चुकी है और जनता की सुरक्षा करने में फेल है। जनता प्रदर्शन करने के बाद जनता को हो रही परेशानी और पर्व त्यौहार को देखते हुए जाम को खोल दिया गया और सड़क किनारे बैठकर कुछ देर विरोध प्रदर्शन करने के बाद प्रशासन से मांग की गई कि आज शाम तक अगर अपराधियों की गिरफ्तार नहीं की गई तो शाम को मजबूरन पुनः विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। मौके पर राम बालक ठाकुर, बबलू गोप, शिव गोप ,पुरंजय महतो ,उपेंद्र महली ,अशोक साहू चान्हो मंडल अध्यक्ष विजय कुमार महतो,शालिक राम पांडेय, क्षेदी प्रसाद , उत्कर्ष ,गोपाल उरांव ,अनूप राम सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थि थ ।

चान्हो में भी भाजपा समर्थकों ने कराया बंद

चान्हो। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल के निर्मम हत्या के खिलाफ चान्हो भाजपा ने एनएच 75 को जाम कर नारेबाजी की। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लगा गई थी, जिससे आम लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस पूरी तरह तैनात देखी गई।

एचडीएफसी बैंक के खलारी शाखा का हुआ उद्घाटन

रांची। एचडीएफसी बैंक का गुरुवार को नई शाखा का खलारी का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी और क्षेत्र की सारी बैंकिंग समस्या का हल होगा। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जाएगी इस मौके पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक अरविंद प्रसाद एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड थ्रोबॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ रवाना

रांची। 32वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल एवं 22वीं फेडरेशन कप थ्रोबॉल प्रतियोगिता, जो कि 28 से 30 मार्च 2025 तक गुरुनानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-06, भिलाई, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने जा रही है, उसमें भाग लेने के लिए झारखंड की सब जूनियर (बालक एवं बालिका) तथा फेडरेशन कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सीनियर महिला टीम गुरुवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम इस प्रकार है:

सब जूनियर (बालिका) टीम : प्रतिमा मुर्मू, चूड़ामणि टुडू, सुनिया हांसदा, गीता हांसदा, प्रमिला सोरेन, सुनीता सोरेन, मिलता टुडू, मालती सोरेन, जीरामणि हांसदा, सुनीता टुडू, अनुपमा सिंह, रमणी हांसदा, ललिता बास्के, रोशनी कुमारी, सांखी बास्के। कोचः सुकांता कुंडू

सीनियर (महिला) टीम : प्रमिला टुडू, अनुपमा टुडू, कुनामी सोरेन, श्यामली महतो, सुमित्रा हेंब्रम, पूर्णिमा मुर्मू, निशा कुमारी, वर्षा कुमारी, रानी कुमारी, सविता कुमारी, पूजा कुमारी, खुशी कुमारी, कौशल्या कुमारी, खुशी कुमारी, सीमा हांसदा। कोचः सुनीता महतो

सब जूनियर (बालक) टीम : फुलचंद सोरेन, त्रिलोचन सोरेन, सरकार मांडी, राकेश मुर्मू, जयदेव हांसदा, अभिषेक कुमार, करण कुमार, सिकंदर कुमार, अन्वित सिंह, आयुष सिंह, राहुल कुमार, सूर्यांश यादव, विनायक कुमार, आदित्य कुमार, मो. रेहान। कोचः सौरभ कुमार

झारखंड थ्रोबॉल संघ ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड के लिए पदक लेकर लौटेंगे।

डीटी तमाड़ ने एनवाईभीसी जोजोडीह को 10-0 से रौंदा

तमाड़। पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का पंचवा मैच डी टी तमाड़ और एनवाईभीसी जोजोडीह के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। एकतरफा मुकाबला मे डीटी तमाड़ के दावेण और बादल की हैट्रिक, गोपाल मुंडा और वीरेश हांसदा का एक एक और राजेश हांसदा के दो गोल से एन वाई भी सी कों करारी हार का समना करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच का खिताब डीटी तमाड़ के दावेण सांसदा कों पादरी नेलशन कंडुलना के हाथो सम्मानित किया गया। लीग का छट्टा मैच एफ सी आराडीह बनाम जूनियर एफ सी बुंडू के बीच शुक्रवार शाम 3 बजे खेला जायेगा। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा और नीरज हंस ने किया।मैच के दौरान आयोजक पीपीएसए के सभी पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाकृअनुप-रा.कृ.उ.सं.सं. में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

सरकारी कार्यों में हिंदी को अपनाया जाए : शैलेश नाथ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदेश्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा शासकीय कार्यों में हिंदी के शत-प्रतिशत उपयोग की दिशा ीरं जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का संचालन वरीय हिंदी अधिकारी अणिमा प्रभा ने किया। उन्होंने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की और राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने स्वागत भाषण देते हुए हिंदी के महत्व को रेखांकित किया और संस्थान में इसके व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर

बल दिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व-उप निदेशक शैलेश नाथ दुबे ने संघ की राजभाषा नीति के विभिन्न पहलू विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने संविधान की धारा 3(3) सहित राजभाषा से संबंधित सभी नियमों को बताया। वहीं बताया कि सरकारी कार्यालयों में हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे भारत के राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को श्रेणियों में विभाजित किया गया है तथा इस वर्गीकरण का राजभाषा नीति में क्या महत्त्व है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार के व्यावहारिक उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिससे सरकारी कार्यों में हिंदी को अधिक प्रभावी और सहज रूप से अपनाया जा सके। कार्यशाला में उत्साहपूर्ण सहभागिता : संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

चार दिवसीय नाट्य महोत्सव का हुआ उद्घाटन

रंगकर्मी समाज को जागृत करता है : ज्योति सिंह मथारू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

युवा नाट्यस संगीत अकादमी एवं चंद्रावती सह कांति कृष्ण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छोटानागपुर राष्ट्रीय नाट्यस महोत्सव का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मुख्यअतिथि अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू एवं विशिष्ट अतिथि कला संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ इकराम ने संयुक्तरूप से किया। मौके पर मुख्यअतिथि ने नाट्यस आयोजन कमेटी एवं सभी रंगकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए

कहा रंगकर्मी समाज को जागृत करता है साथ ही मुख्य अतिथि ज्योति सिंह मथारू ने देवाशीष मुखर्जी, काजल बोस, भास्कर दत्त, मानिक घोष, राजकुमार पाठक, डॉ.दानी कर्मकार, सुभाषचंद्र प्रधान, ओमप्रकाश राम एवं तपन कुमार दत्त को कांति कृष्ण सम्मान से सम्मानित किया।

खलारी बाजारटांड रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने उदयप्रताप सिंह व सचिव अभिषेकसिंह

खलारी। खलारी बाजारटांड़ शिव मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने की। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। समिति का संरक्षक बलराम सोनी, रमानाथ सिंह, वंशी अग्रवाल, मनोज गोयल, दिनेश सिंह, प्रकाश सिंह, राजकुमार सिंह, श्रीकांत सिंह, डीएन सिंह, द्वारिका अग्रवाल, पीतांबर गोयल, विजय गिरि आदि को बनाया गया। समिति का अध्यक्ष उदयप्रताप सिंह, उपाध्याय रोहित कुमार, सचिव अभिषेकसिंह विक्की, सह सचिव अभिषेककुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता व उप कोषाध्यक्ष सत्यदेव वर्मा, कार्यकारणी सदस्यों में महेश झा, भोला केसरी, विक्रम साव, सोनूकुमार साव व रविप्रकाश शर्मा का नाम शामिल है।

किसान जनता पार्टी ने किया सड़क जाम

पारंपरिक हथियार लेकर अंचल कार्यालय में घुसे लोग, जड़ा ताला

गिरिडीह। रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग को लेकर किसान जनता पार्टी ने गुरुवार को एक बार फिर सड़क जाम किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किजपा के लोगों ने तिसरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इसके पूर्व किजपा के लोग तीर कमान, हसुआ - फरसा जैसे पारम्परिक हथियार व तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए अंचल कार्यालय में घुस गए। जहाँ पर्दा नोचने और सीओ के टेबल और कुर्सी पर झाड़ू और चप्पल रखने तक की बात कही जा रही है। जिसके बाद नारेबाजी करते हुए वे लोग अंचल कार्यालय से निकले जहाँ पुलिस ने उन्हें समझाकर रोकने की कोशिश की लेकिन वे लोग नहीं माने और चौक पर पहुंचकर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए।इस दौरान आंदोलनकारियों में अधिकारियों के प्रति काफी आक्रोश दिखा। जिसके

बाद दोनों ओर से गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई। इस दौरान सड़क पार करने वाले कई लोगों की धरना दे रहे लोगों से नोकझोंक भी हो गई। इस दौरान एक छोटे बच्चे को इलाज के लिए ले जाए जा रहे वाहन को भी जाने नहीं दिया गया। सड़क जाम के लगभग 6 घंटे होने के बाद पुलिस ने धरना दे रहे लोगों को बस में बिठाकर ले जाने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने विरोध कर दिया। जिसके बाद वे लोग अचानक उठे और नारेबाजी करते हुए तालाबंदी करने के लिए तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच गए। हालांकि इससे पहले ही कार्यालय में ताला लगा था, जिसे पहले फरसे से तोड़ने का प्रयास किया गया।

नरकोपी मे प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा तीन अप्रैल को

अपने समाज से भटके हुए लोगों को मुख्य धारा से जोड़कर सम्मान दिलाना लक्ष्य : वीरेंद्र उरांव

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

आदिवासी सरना विकास सभा के अध्यक्ष गणेश उरांव की अध्यक्षता एवं आदिवासी सरना विकास सभा के संरक्षक मंगरा उरांव के संचालन में नरकोपी सरना भवन में प्राकृतिक पर्व सरहुल शोभायात्रा के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एक अप्रैल को सरहुल पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वही आगामी तीन अप्रैल को नरकोपी में भव्य एवं विशाल सरहुल शोभायात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पाहन पुजार सहित अन्य सामाजिक अगुआ लोगों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि नरकोपी रेलवे फाटक सरना भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और झखराटांड़ सरना स्थल तक शोभा यात्रा जाएगी जहां पारंपरिक प्रार्थना के बाद

शोभा यात्रा पुनः सरना भवन तक आकर एक सरहुल सभा में परिणत हो जाएगी। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा को आमंत्रित किया गया है। बैठक के दौरान मुखिया सह समाजसेवी विरेंद्र उरांव ने कहा कि प्राकृतिक पर्व सरहुल हम सरना आदिवासियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। हमें अपने समाज से भटके हुए लोगों को मुख्य धारा से जोड़कर पुनः सरना धर्म में उन्हें मान सम्मान दिलाना है। सभी धर्म नदियां हो सकती है लेकिन सरना धर्म एक विशालकाय समुद्र की तरह है। इस धर्म की व्यापकता ही इसकी पहचान है। वहीं संरक्षक मंगरा उरांव ने कहा कि पृथ्वी में रहने वाले सभी प्राणियों को हवा पानी और भूमि तथा भूमि में जंगल की जरूरत है। लेकिन सिर्फ सरना धर्मावलंबी ही अनवरत प्रकृति की पूजा करते हैं। प्रकृति को बचाकर रखते हैं जिसका लाभ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सभी धर्म के लोगों को मिलता है। यही हमारे धर्म की विशेषता है।

न्यूज बॉक्स

झामुमो अड़की प्रखंड समिति का हुआ पुनर्गठन

अड़की। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में झामुमो संयोजक प्रमुख खुंटी ज़िला की अध्यक्षता में झामुमो अड़की प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ज़िला संयोजक प्रमुख जुबैर अहमद, सदस्य भोलेनाथ लाल, डॉ हेमंत तोपनो, सुशील पहान, मकसूद अंसारी, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, खूंटी प्रखंड संयोजक मण्डली सदस्य प्रकाश नाग मुण्डा आदि कार्यकर्ता के उपस्थित थे। झामुमो अड़की प्रखंड समिति के अध्यक्ष चन्द्र सहाय सोले, सचिव भोगो लाल बोदरा, कोषाध्यक्ष जगदीश मुंडा, उपाध्यक्ष जबरा पहान, नेलशन पुर्ति,संतोष कुम्हार, जोसेफ कन्डीर, संगठन सचिवः बसंत प्रमाणिक, कार्यकारिणी सदस्यः मे.शिव मुंडा . संतोष मुण्डा, बामन मुण्डू, अब्राहम सोय, दीनबन्धु हजाम, सहदेव समद समाउल्लाह अंसारी सोमा समद संतोष पुराण को बनाया गया। सभी नव चयनित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद ने माला पहना कर स्वागत किया एवं नए जोश के साथ पखंड के गांव गांव टोले तक पार्टी संगठन मजबुत करने को कहा।

बीआईटी में राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

रांची। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा में गुरुवार को 'सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी' पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, बीआईटी मेसरा के कुलपति, और प्रोफेसर कुणाल मुखोपाध्याय, जैव इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख, उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शश्वती घोष सचन, जैव इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग से थे। सम्मेलन का उद्घाटन दो प्रमुख वैज्ञानिकों की उपस्थिति में हुआ। डॉ. अनुराग अग्रवाल, आशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन भाषण दिया, जबकि डॉ. आलोक कृष्ण सिन्हा, एनआईपीजीआर, नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

रांची। समाज के उपेक्षित और असहाय लोगों को समर्पित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि, दिव्यांग एवं असहाय लोगों की स्वास्थ्य जांच न्यूरो सर्जन डॉ. एचपी नारायण द्वारा की गई. इस अवसर पर डॉ. नारायण ने सभी की स्वास्थ्य की जांचकर आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं. इसके साथ ही उन्होंने निरोग रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और देखभाल की महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की. डॉ. नारायण ने आश्रम के स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए इसे असहाय लोगों के लिए सेवा का मंदिर बताया. उन्होंने इस पवित्र सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर महीने दो बार आश्रम में आकर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे. इस दौरान एमआरएस कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी और अशोक ठाकुर भी उपस्थित थे. इन्होंने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई. आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में यह आश्रम झारखंड का पहला पीड़ित मानव सेवा तीर्थ बनने की राह पर अग्रसर है. यहां उन असहाय, लाचार और बेसहारा लोगों को आश्रय दिया जाता है, जो परिवार से बिछड़कर सड़क, अस्पताल, बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन पर दर-दर भटकने को मजबूर होते हैं.

37 निराश्रितों की सेवा में समर्पित अपना घर आश्रम : वर्तमान में आश्रम में 37 मंदबुद्धि, दिव्यांग और निराश्रित लोगों की देखभाल की जा रही है. आश्रम प्रशासन, स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से इन जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास कर रहा है. सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की यह अलौकिक सेवा यात्रा समाज के लिए एक प्रेरणा है और यह संदेश देती है कि मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है.

आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए शांतिपूर्ण त्योहार मनाएं

किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें : पूर्व सांसद

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अभी हम लोगों के बीच ईद और रामनवमी दोनों त्यौहार है। बीते मंगलवार को कुछ असामाजिक एवं आपराधिक तत्व के लोगों ने मंगला जुलूस के दौरान आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से ऐसे लोगों का मंसूबा नाकाम हो गया। श्री मेहता ने कहा कि 1989 में इसी तरह से आपसी सौहार्द बिगाड़ने के कारण हजारीबाग का नाम काफी बदनाम हो चुका था। लेकिन दोनों समुदाय के सामाजिक राजनीतिक और बुद्धिजीवी वर्ग व अमनपसंद लोगों एवं प्रशासन के मुस्तैदी से विगत 35 वर्षों तक शांति एवं सौहार्द कायम रहा। सद्भावना कायम रखते हुए सभी त्योहार लोग खुशी-खुशी मनाएं चाहे वह ईद का त्यौहार हो मोहर्रम हो या फिर होली - रामनवमी। सभी एक दूसरे के त्योहारों में शिरकत कर आपसी प्रेम और भाईचारे की मिसाल कायम की। इतना ही नहीं जहां ईद में गले मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और रामनवमी में दर्जनों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जामा मस्जिद रोड में रामनवमी जुलूस का स्वागत कर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों की खुशियों को साझा किया। श्री मेहता ने कहा कि ईद जो अल्पसंख्यकों का सबसे बड़ा त्यौहार है वहीं हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी के नाम से ख्याति प्राप्त है जिसमें लाखों राम भक्त शामिल होते हैं और रामनवमी का उत्सव मनाते हैं। उन्होंने दोनों समुदाय से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द प्रेम भाईचारा को कायम रखते हुए सभी त्योहार मनाएं। किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान ना दें। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से विशेष रूप से जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए असामाजिक तत्व के लोगों पर सख्ती से निपटने और विधि व्यवस्था को कायम रखने में अपनी जिम्मेदारियां निभाने की भी अपील किया।

जमीन सत्यापन व रसीद नहीं कटने को लेकर उपायुक्त की बैठक

सत्यापन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए श दिए

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी अंचल के उरबा एवं भालू मौजा में पंजी 2 की अनुपलब्धता होने के कारण जमीन का ऑनलाइन रसीद नहीं कटने एवं पंजी 2 के सत्यापन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचल अधिकारी दुलमी एवं ग्रामीणों के साथ उरबा एवं भालू मौजा में जमीन रसीद कटने व पंजी 2 के सत्यापन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गयी। समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त के द्वारा अंचल स्तर पर समिति गठित कर संबंधित मौजा में गैर मजरूआ भूमि एवं अधिग्रहित भूमि का संबंधित रिकॉर्ड रूम से सत्यापन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा उपायुक्त ने समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा करने, भूमि का भौतिक सत्यापन सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो हजारीबाग में मजबूत होगा : विकास राणा

हजारीबाग। संजीव बेदिया को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आभार व्यक्त किया। साथ साथ केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन, झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, पेय जल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, केन्द्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय, फागु बेसरा सहित सभी केन्द्रीय नेताओं को धन्यवाद व्यक्त किया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो मजबूत होगी और पार्टी को नई दिशा मिलेगी।

भाजपा रांची ग्रामीण महामंत्री अनिल की हत्या पर कैंट मंडल ने शोक व्यक्त किया

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
भारतीय जनता पार्टी नेता एवं रांची ग्रामीण के महामंत्री अनिल की हत्या का समाचार सुन भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। अशोका होटल में मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा रामगढ़ कैंट मण्डल की बैठक संध्या 5 बजे नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक को स्थगित करते हुए नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा के चुनाव प्रभारी अनिल को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है जो बहुत ही मर्माहत कर देने वाला समाचार है। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन से मर्माहत हूं। अभी पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में रामगढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी के रूप में हमसब से काफी घुल मिल गए थे। बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार किंतु संगठन के अनुशासन से बंधे हुए थे। आज बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उनके हत्या का समाचार अविश्वसनीय है। सच तो यह है कि अब वो हम सब के बीच नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी ने एक उभरते जन नेता को खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों से स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे।

उपायुक्त ने आपूर्ति व सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की, दिए कई दिशा निर्देश

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय के अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति विभाग और सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने ई-केवाईसी, खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, चना दाल, चीनी, नमक वितरण, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, किसानों से पैक्सों द्वारा धान अधिप्राप्ति एवं उसके भुगतान की स्थिति जैसे अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सभी राशन कार्डधारियों के बीच राशन का वितरण सही तरीके से करने, ई- केवाईसी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ लाभुकों को शत प्रतिशत देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन किसानों का धान अधिप्राप्ति के मामले में भुगतान बकाया है, उनका भुगतान जल्द किया जाए। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

विद्युत उर्जा चोरी के मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी

बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम मुख्यालय के आदेशानुसार गोरहर थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी के मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। क्षेत्र के भीम मंडल पिता इतवारी मंडल पर क्षतिपूर्ति राशि 6580, फरीद अंसारी पिता सजाद अहमद पर 13110 दोनों बनवारी निवासी, शेषनाथ सिंह पिता लक्ष्मी सिंह बरवा टोल, तुर्कडीहा निवासी पर 17480, रामेश्वर साव पिता रूपन साव पर 13110, कृष्णा ठाकुर पिता 6580, मंजू देवी पति कन्हाई ठाकुर पर 6580, राजकुमार ठाकुर पिता चूटु ठाकुर 6580, निर्मल देवी पति ब्रह्मदेव ठाकुर पर 6580, चिंता देवी पति विशेश्वर ठाकुर पर 6580, द्वारिका ठाकुर पर 6580 सभी नावाडीह निवासी शामिल हैं। इन लोगों पर कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर गोरहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यवसाय के लिए उपभोक्ताओं को अलग से कनेक्शन लेना होगा ताकि कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने लोगों से मीटर अवश्य लगाने की अपील की। छापामारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता समेत अन्य विद्युतकर्मी शामिल थे।

अधिकारी का आदेश नहीं मानते जिले के बीडीओ, जनसेवकों से ले रहे गैर कृषि कार्य

रामगढ़। आशीष सिंह रामगढ़ जिले में उप विकास आयुक्त ने 4 मार्च को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक पत्र लिख कर सभी को जनसेवकों से सिर्फ कृषि कार्य में लगाने को कहा है। 18 दिन बीतने के बावजूद अबतक किसी भी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त के जारी पत्र के अनुरुप काम नहीं किया है। जिससे स्पष्ट होता है कि जिले के बीडीओ अपने ऊपर के अधिकारी के आदेश या उसके जारी पत्र को नहीं मानते और वे अपने मर्जी से ही काम करते हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार अपनी चुनावी घोषणापत्र में राज्य के जनसेवकों से सिर्फ कृषि कार्य लेने की बात को रखी है। उन्होंने इस बात को सिर्फ रखी ही नहीं बल्कि उसे पूरा करने का भी प्रयास किया। इसे लेकर सरकार के सचिव अबूबक्कर सिद्दकी की ओर से 7 फरवरी को राज्य के सभी उपायुक्त को एक पत्र भी जारी किया गया है। जिसमे सभी जनसेवक से केवल कृषि से संबध काम लेने को कहा गया है। जिले में जनसेवक के 40 पद सृजित हैं। जिसमे से केवल 30 जनसेवक ही जिले में कार्यरत हैं। लेकिन इसमें से भी 19 जनसेवकों से गैर कृषि कार्य लिया जा रहा है। बाकी 11 जनसेवक ही कृषि कार्य के लिए विभिन्न स्थानों में पदस्थापित हैं।

1 अप्रैल को भव्य मंगला शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल होंगी महिलाएं : भोपाली

रामगढ़। श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की ओर से होटल लॉ मैरिटल रामगढ़ के सभागार में महासमिति के मातृशक्ति प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली और मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 1 अप्रैल को होने वाली भव्य मंगला शोभा यात्रा को लेकर मातृशक्ति प्रमुखों की नियुक्ति की गई। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने मातृशक्ति प्रमुखों से संवाद करते हुए कहा कि आगामी 1 अप्रैल को भव्य मंगला शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता सुनिश्चित होगी, जो इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को भव्यता प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा, और उनकी सक्रिय भूमिका से यात्रा का आयोजन सफल होगा। मौके पर महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर ने कहा कि महासमिति की ओर से मातृशक्ति प्रमुखों की नियुक्ति इस उद्देश्य से की गई है।

गोला में जीविका मिशन की टीम ने किया जेंडर रिसोर्स केंद्र का भ्रमण

गोला। बिहार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम ने बुधवार को एक दिवसीय एक्सपोसर विजिट पर जेंडर रिसोर्स सेंटर गोला पहुंची। इस दौरान टीम ने बदलाव मंच के क्रियाकलापों, रजिस्टर के रख रखाव की जांच करते हुए विभिन्न संस्थानों के भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान बिहार की टीम ने महिला हिंसा से संबंधित मामलों में महिलाओं को किए जा रहे सहयोग की जानकारी दी गई। टीम ने संतोषी आजीविका महिला ग्राम संगठन के बदलाव मंच व गोला प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक में भाग लिया। इस बैठक में बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, जिला संसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, प्रखंड प्रमुख गीता देवी, सीडीपीओ, स्वास्थ्य प्रभारी, डालसा के वकील, थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, जिला कार्यकम प्रबन्धक जेएसएलपीएस व अन्य उपस्थित थे।

भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाई किसानों और जनता की समस्याएं

झूठे वादों से किसानों को बहलाना बंद करें सरकार

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से जल संसाधन, कृषि, सहकारिता, किसानों की आर्थिक स्थिति और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा। प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत बिहार राज्य के अंतर्गत लिफ्ट एरीगेशन योजनाओं की दुर्दशा को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई गांवों में लिफ्ट एरीगेशन परियोजनाएँ वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिससे किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित हो गए हैं। सरकार ने यह स्वीकार किया कि कई योजनाएं बंद पड़ी हैं और उनके पुनरुद्धार की

संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। विधायक ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द इन योजनाओं को पुनर्जीवित करना चाहिए ताकि किसानों के अलावा और दूसरे लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। जब योजनाओं को ही ठप कर दिया जाएगा तो इससे किसी को भी फायदा नहीं मिलने वाला है।

सहकारी समितियों और किसानों की ऋण माफी पर चर्चा

विधायक ने झारखंड में सहकारी समितियों पी.ए.सी.एस एवं लैंप्स की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहकारी समितियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण ये संस्थाएँ कमजोर पड़ रही हैं। सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि राज्य में कुल 4454 मल्टीपर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यरत हैं, जो किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती हैं। पिछले तीन वर्षों में इन समितियों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दी गई है

वित्तीय वर्ष 2021-22 में 432 एम पी सी एस को 864 लाख रुपए दिए गए

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 166 एम पी सी एस को 1003 लाख रुपए प्रदान किए गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 80 एम पी सी एसको 496 लाख रुपए की सहायता दी गई। विधायक ने सरकार की इस जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के लिए घोषित ऋण योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों का ऋण माफ करे और सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए ठोस रणनीति बनाए।

भाजपा किसानों के लिए संघर्ष जारी रखेगी

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि इन योजनाओं को जल्द प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने सरकार को इसलिए चुना है कि वह उनके हितों की रक्षा करे, न कि उन्हें योजनाओं के झूठे वादों में उलझाकर छोड़ा जाए। भाजपा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर स्तर पर उनके हक के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

मां काली मसना (मठ) की जमीन को माफियाओं ने गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर बेचा : पंकज महतो

रामगढ़। रामगढ़ छावनी परिषद् के वार्ड नम्बर 4 में सिद्ध-कान्हू मैदान के पीछे मां काली मसना (मठ) की जमीन को भू-माफियाओं ने गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर बेच दिया है। इस एवज में भू-माफियाओं ने करोड़ों रुपए कमाए है। यह आरोप युवा नेता पंकज महतो ने लगाया है। उन्होंने जमीन को लेकर उच्च स्तरीय जांच करने की मांग करते हुए उपायुक्त रामगढ़ को आवेदन सौंपा है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि रामगढ़ छावनी परिषद् के वार्ड 04 में सिद्ध-कान्हू मैदान के पीछ माँ काली मसना (मठ) की जमीन देख-रेख करने वाले प्रमानन्द चक्रवती वल्द रामनारायण चक्रवर्ती जाति ब्राहमण अंचल रामगढ़ खाता 327 खेवट नम्बर 11/2 प्लॉट 2106, 2107, 2100, 2191, 2192, 2193 कुल प्लॉट 6 कुल रकवा 8 एकड़ 35 डी० भूमि माँ काली मसना (मठ) पूजा के नाम पर दर्ज है। उक्त जमीन मेला स्थल को जमीदार मुकता केसरी की ओर से दिया गया था।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभाग का माइक्रोस्कोप खराब

2 माह से नहीं हो रहा है आंख का ऑपरेशन

दूर दराज से लोग आंख के ऑपरेशन के लिए आते तो हैं पर वह मायूस होकर लौट जाते हैं

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हो या स्वास्थ्य सचिव सभी लोग झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का आदेश पर आदेश देते जा रहे हैं, लेकिन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का प्रबंधन सुधारने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस संबंध में सी पी एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक को पत्र लिखकर जानकारी दिया है कि इस अस्पताल के नेत्र विभाग का एक मात्र माइक्रोस्कोप मशीन खराब है। जिसके चलते 19 फरवरी 2025 से लेकर आज तक आंख के मरीजों किसी भी तरह का ऑपरेशन नहीं हो रहा है।

दूर दराज से लोग आंख के ऑपरेशन के लिए आते तो हैं पर वह मायूस होकर लौट जाते हैं। उन्हें बताया जाता है की माईक्रोस्कोप मशीन खराब है। मशीन आएगा तब ऑपरेशन किया जाएगा इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में न सिर्फ हजारीबाग बल्कि चतरा, कोडरमा और गिरिडीह के मरीज अपने इलाज के लिए आते हैं। बावजूद इसके अस्पताल का प्रबंध अभी तक इस मामले में लापरवाही कर रही है, जब प्रबंधन को यह सूचना है ,की नेत्र विभाग में जो माइक्रोस्कोप है वह खराब है। 19 फरवरी 2025 से ऑपरेशन नहीं हो रहा है ,तो फिर माइक्रोस्कोप की खरीदारी में इतनी देर क्यों हो रही है,। अधिकारियों के लापरवाही का खामियां आम जनता क्यों भुगतें? मेडिकल कॉलेज अस्पताल के स्टोर में एक से एक मशीन रखा हुआ है पर एक माइक्रोस्कोप नहीं है। सीटू ने अस्पताल के अधीक्षक से मांग किया है ,कि जनहित में नेत्र विभाग को तत्काल एक माइक्रोस्कोप खरीद कर दिया जाए। ताकि गरीब लोगों का आंख का ऑपरेशन हो सके। समय रहते अगर माइक्रोस्कोप खरीद कर नहीं दिया गया तो पार्टी जिला कमेटी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आवेदन की प्रति स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार, क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग और उपायुक्त, हजारीबाग को भी दिया गया है।

रामनवमी पूजा को लेकर शिलाड़ीह में बैठक आयोजित, शिवलाल यादव बने अध्यक्ष

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह में गुरुवार को रामनवमी पूजा के सफल संचालन के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्याम सिंह व संचालन अर्जुन पांडेय ने किया। वहीं सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भाँति इस बार भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मानना है इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने मंतव्य को रखा। इसके पश्चात सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिवलाल यादव, उपाध्यक्ष अर्जुन पांडेय,सचिव सुनील पांडेय, उपसचिव संदीप साव, कोषाध्यक्ष राम बच्चन पांडेय को चुना गया। वहीं निगरानी समिति में मुख्य रूप से चंद्रशेखर सिंह, नंदलाल मंडल, राम तीरथ पांडेय, श्याम किशोर सिंह,किशोर सिंह, प्रदीप पांडेय, बाबूलाल पांडेय, रजनीकांत पांडेय, रामेश्वर राम, परमेश्वर साव, रघु पंडित, संतोष पंडित, नरेश रवानी, राजकुमार गिरी, मुकेश पांडेय,दीपक पांडेय,जागेश्वर यादव, संजय लामा, चितामन पंडित, जीतन पंडित,गुड्डू शर्मा, केशव लाल पंडित, संतोष मंडल, का चयन किया गया मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्कूल में डेंटल स्क्रीनिंग कैंप व स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने मुख्य उद्देश्य : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

इस कैंप में बच्चे, शिक्षक व जरूरतमंदों समेत 179 का जांच किया गया



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सदर प्रखण्ड के सखिया स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में डेंटल स्क्रीनिंग कैंप, अभिभावक परामर्श और स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निशुल्क दंत जांच, नेत्र जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच बच्चों एवं जरूरतमंदों को किया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल एवं उपचार पर परामर्श दिया गया। पेडोडोंटिक्स संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति सिंह ने दांतों की देखभाल एवं उपचार पर परामर्श दी। दांतों में होने वाली गंभीर बिमारीयों को भी अवगत कराया। मिशन होस्पिटल के नेत्र विभाग राहुल कुमार के नेतृत्व में नेत्र स्क्रीनिंग कैंप किया गया। बच्चे एवं जरूरतमंदों का नेत्र का जांच हुआ। इस दौरान स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें 179 बच्चे, शिक्षक एवं जरूरतमंदों का जांच हुआ। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव एवं मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. श्रेयशी सेठ, डॉ. अमित प्रकाश और डॉ. मंशी महाराज के अलावे प्रशिक्षु समीक्षा, प्रियांशु और अवनी सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना योगदान दिया।

ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के तत्वावधान में मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन

डीबीएफ की छात्रा वर्षा का नवोदय में हुआ चयन

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन संस्था के द्वारा मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया।वहीं मुख्य अतिथि संस्था के मेंटर अभियंता प्रभात कुमार गुप्ता, हाजीपुर, बिहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रविकांत प्रसाद, बीएसएनएल हजारीबाग, शशिभूषण प्रसाद, प्रधानाध्यापक, रामचंद्र प्रसाद, शिक्षक +2 उच्च विद्यालय कल्हाबाद , सुरेश प्रसाद,संस्था के शिक्षक एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं संस्था के संजय प्रसाद ने बताया कि वर्षा कुमारी, पिता विनोद महतो पारटॉड़ कल्हाबाद ने नवोदय परीक्षा में सफल होकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान सभी बैच के छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर कठिन परिश्रम के लिए मोटीवेट किया गया। वहीं नव आगंतुक बैच 5 के बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नेतरहाट एवं इंदिरा गाँधी आदि आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु उचित मार्गदर्शन दिए गए. ज्ञात हो कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष 25 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है ताकि बच्चे अपने सपने को साकार कर सकें।

अपराधियों का बेलगाम होना राज्य सरकार की नाकामी को दर्शाता है : प्रवीण मेहता

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रांची में बुधवार को जिस तरह अपराधियों ने दिनदहाड़े भाजपा रांची ग्रामीण के जिला महामंत्री प्रदेश कार्य समिति सदस्य, रामगढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल की दिन दहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी वो राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के लिए खुली चुनौती है। यह घटना न सिर्फ झकझोरने वाली है, बल्कि यह साबित करती है कि राज्य में अपराधियों का मनोबल अब कानून-व्यवस्था से कहीं ऊपर हो चुका है। मुख्यमंत्री आवास के पास इस दुस्साहसिक हत्या का होना बताता है कि अपराधियों को प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। राज्य में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह सवाल उठाती हैं कि आखिर किसके संरक्षण में ये अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं? क्या राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है?

आम जनता का असुरक्षित महसूस करना और अपराधियों का बेलगाम होना राज्य सरकार की नाकामी को दर्शाता है। सरकार बताए आखिर कब थमेगा ये हत्या का सिलसिला। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि स्वर्गीय अनिल की हत्या का उद्भेदन जल्द करे पुलिस प्रशासन वहीं उन्होंने राज्य सरकार से दोषी को फांसी की सजा की मांग की! अन्यथा बाध्य होकर भाजपा रामगढ़ जिला रामगढ़ बन्द करने के साथ साथ सड़क से सदन तक आंदोलनरत होगी। अनिल टाइगर की हत्या से भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। यह बहुत ही गंभीर एवं चिंतनीय है। हत्यारों को फांसी दो। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमने अपने भाजपा परिवार के एक होनहार सदस्य को खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, आनंद बेदिया आदि ने अनिल टाइगर की हत्या की निंदा करते हुए घटना में शामिल लोगो को कड़ी सजा देने की मांग की है।

डीसी ने जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

बंद पड़े आधार केंद्रों को जल्द शुरू करने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला अंतर्गत क्रियाशील आधार केंद्र की समीक्षा की। तथा बंद आईडी को संचालन की कार्रवाई करने की बात कहीं। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 174 आईडी आधार केंद्र संचालन करने के लिए मिला है। जिसमें से 53 ही क्रियाशील है। कुल 121 इनएक्टिव आईडी आधार केंद्र संचालन के लिए है जिसका ऑपरेटर की परीक्षा करते हुए पास करने वाले ऑपरेटर को लॉगिन आईडी देते हुए यथाशीघ्र संचालित करने की बात कहीं। डीपीओ यूआईडी पदाधिकारी ने बताया कि पिछले माह में कुल 774 आधार पंजीकरण एवं आधार अद्यतन कुल 25590 किया गया है।



उपायुक्त द्वारा आईपीपीबी अंतर्गत कुल 121 आधार केंद्र प्रखंड स्तर पर आवंटित है जिसकी समीक्षा की। जिस पर आईपीपीबी मैनेजर द्वारा बताया गया कि 54 केंद्र क्रियाशील है, 10 नन मैट्रिक ग्राम डाक सेवक एवं ग्रामीण डाक सेवक के 11 पद रिक्त है। 46 आधार केंद्रों को जल्द से जल्द ग्राम डाक सेवको का आधार कार्य हेतु परीक्षा कराया जा रहा है। उपायुक्त ने बीआरसी के अधिकतम आधार किट क्रियाशील नहीं है जिसके कारण बच्चों का आधार पंजीकरण एवं अध्ययन का कार्य बाधित हो रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बीआरसी अंतर्गत आधार किट एक्टिव करने हेतु डायरेक्टर जेईपीसी को पत्र भेजने सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा बैंक अंतर्गत संचालित सभी आधार केंद्र को एक्टिव रखने हेतु एलडीएम को निर्देश की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त सदीप कुमार दोराईबुरु, डीपीओ यूआईडी सरोज कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, सीएसी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजना एवं कार्यों का किया समीक्षा की बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग अंतर्गत डिसीडीसी एवं डीएलआईएमसी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिले के क्रियाशील लैंपस जिसमें 100 एमटी एवं 500 एमटी का गोदाम निर्माण पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिस लैम्पस का गोदाम नहीं है उसके लिए पंचायत भवन में लैंपसों को एक कमरा उपलब्ध कराया गया है। जिस लैंपस को अभी तक पंचायत में कमरा उपलब्ध नहीं हुआ है, कमरा उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करने की बात कही। मत्स्य जीवी सहयोग समिति की गठन करने के लिए मत्स्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिले में दूध उत्पादन के लिए सफल किसान के बारे में लोगों को बताते हुए उन्हें जागरूक करते हुए दूध उत्पादक सहयोग समितियों का गठन करने के लिए जिला पशुपालन पदाधिकारी निर्देश दिया। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के लचरागढ़ सहित अन्य स्थानों पर दूध उत्पादन में बेहतर कार्य करने वाले किसान को मेधा डायरी, रांची से जोड़ा गया है। रांची से गाड़ी आकर दूध कलेक्ट कर ले जाती है। उपायुक्त महोदय ने इस योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का निर्देश दिया। क्रियाशील लैंपस में प्रज्ञाकेंद्र संचालन की समीक्षा की। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 71 लैंपस को आईडी मिला है। वर्तमान में 59 क्रियाशील लैंपस में प्रज्ञा केंद्र संचालित है। इसके अलावे पीएम किसान समृद्धि केंद्र, पीएम जन औषधि केंद्र संचालन सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त महोदय ने केंद्रीय प्रायोजित योजना कंप्यूटर कृत पैक्स एवं अतिरिक्त पैक्स की सूची तैयार कर समिति द्वारा अनुमोदित कराने की बात कहीं।बैठक उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो, जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण राम सहित अन्य उपस्थित थे।

धुर्वा-कर्रा-कामडारा होते हुए सिमडेगा तक की सड़क को बनाएं फोरलेन : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में रांची के धुर्वा होते हुए, कर्रा, कामडारा, बसिया, कोलेबिरा होते हुए सिमडेगा तक के पहुंच पथ को फोरलेन करवाने की मांग की है। विधायक ने सत्र में कहा कि रांची के धुर्वा, खुंटी के कर्रा, कामडारा, बसिया, कोलेबिरा होते हुए सिमडेगा को जोड़ती है। जो कामडारा तक सिंगल रोड है। सिंगल रोड रहने के कारण यहां से गुजरने में वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। विधायक ने सरकार के जवाब पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सिमडेगा जिला सड़क मार्ग पर ही आश्रित है। इसी सड़क से होकर ओड़िसा, छतीसगढ़ के अलावे दक्षिण भारत भी लोग आना जाना करते हैं। इसके बाद भी आज तक जिले को सिक्स लेन अथवा फ़ॉर लेन सड़क से नहीं जोड़ा गया है। इससे सिमडेगा से राजधानी रांची पहुंचने में चार से 5 घंटे का समय लगता है। जबकि सिमडेगा से रांची की दूरी मात्र 170 किलोमीटर है। विधायक ने कहा कि फ़ॉर लेन सड़क नहीं रहने के कारण कई बार मरीज समय पर रांची स्थित अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते हैं। इससे हर साल दर्जनों लोगों की असामयिक मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि सिंगल रूट की सड़क रहने के कारण इस सड़क में हर दिन छोटी बड़ी वाहनों के बीच मे आपस मे टक्कर होना भी आम बात है। विधायक ने सदन में कहा कि झारखंड की पहचान खेल से है और उसमे सिमडेगा के हॉकी खिलाड़ियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। पूरे देश मे हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचान बनाने वाले सिमडेगा जिले में भी राष्ट्रीय स्तर के हॉकी प्रतियोगिता होने की अपार संभावना है। सिमडेगा ने दो बार राष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता की सफल मेजबानी करा चुकी है। जिसका सराहना 194 देशों में की गई थी। इसके बाद भी सिमडेगा जिले को फ़ॉर लेन सड़क से जोड़ने की दिशा में कोई पहल नहीं किया जाना समझ से परे।

बानो पुलिस ने सोय पुल में भारी और बड़े माल वाहक के परिचालन पर रोक लगायी

नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो से कामडारा जाने वाली मुख्य सड़क में बानो पुलिस ने सोय नाला स्थित पुलिया में भारी और बड़े माल वाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी।पुलिस निरीक्षक रामानुज वर्मा और थाना प्रभारी विकास कुमार सोय पुल का निरीक्षण किया तथा पुल में दरार पाए जाने व एक और दब जाने के कारण पुल के ऊपर ड्रम और बैरियर लगाकर बड़े और भारी वाहन मालवाहक वाहन के परिचालन पर रोक लगा दी।मालुम हो कि पुलिया के उत्तरी भाग में दो पिलर के मध्य ऊपर से रोड दबता हुआ दिखाई पड़ रहा है।जिससे पुल डेंजर जोन में तब्दील हो गया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय नवीन में दैनिक अखबार के द्वारा प्रमुखता के साथ गुरुवार को खबर प्रकाशित की थी इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन को दी थी तथा बड़े माल वाहक वाहनों का परिचालन बंद कराने की मांग की थी।इसको लेकर बानो बीडीओ ने भी उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर पुल के संबंध में जानकारी दिया है।संबंधित विभाग के इंजीनियर से पुल का निरीक्षण कराकर अग्रतर कार्रवाई करने की मांग की है।

खबर पर असर

जंगली हाथी के हमले से तीन घायल,क्षेत्र में भय का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत अंतर्गत केवरकट्टा पहाड़टोली निवासी कृष्णा सिंह,जीवन कंडुलना,रंजित सिंह चटकटोली,नयाटोली तीनों व्यक्ति गुरूवार को सुबह हाथी के हमले से घायल हो गये। घटना की जानकारी होने पर लचरागढ़ कांग्रेस पंचायत प्रभारी संजय पॉल केरकेट्टा,कांग्रेस नेत्री फुलकेरिया डांग,सुरेश द्विवेदी और पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की घटनास्थल पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायल को इलाज हेतु कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया ।जहां डॉ मोहित सवईंयां ने सभी घायलों का इलाज किया।इधर घटना की जानकारी होने पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया,कांग्रेस प्रखंड अधक्ष कोलेबिरा सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेलशन डुंगडुंग,श्यामलाल प्रसाद, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, झारखंड मुक्ति प्रखंड अध्यक्ष

प्रकाश बागे,कोषाध्यक्ष सन्नी रिजवान,समाजसेवी विनोद कुमार डब्ल्यू सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंचकार घायलों का हाल जाना। वहीं उपस्थित डॉक्टर से घायलों का बेहतर इलाज करने की बात कही।संजय पॉल केरकेट्टा ने बताया की हाथी के हमले से तीन लोग घायल हो गए जिसमें से जीवन कंडुलना को ज्यादा चोटें आई हैं और बाकी दो लोगों को हल्की चोटें आई हैं।कांग्रेस नेत्री फुलकेरिया डांग और सुरेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि केवरकट्टा पहाड़ टोली निवासी जीवन कंडुलना,पिता अनुप कंडुलना और कृष्णा सिंह पिता लौदरा सिंह सुबह करीब 5 बजे केवरकेट्टा चेक डेम के ऊपर महुआ चुन रहे थे,तथा चटकटोली नयाटोली निवासी रंजीत सिंह पिता चंद्रनाथ सिंह चुटिया नाला में मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहे थे इसी क्रम में हाथी ने हमला करके घायल कर दिया।लचरागढ़ पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की भी बाल बाल बची मॉर्निंग वॉक के दौरान वो भी हाथी से कुछ दूरी में ही थी।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी कोलेबिरा सीएचसी पहुंची और वन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर प्रिंस कुमार के द्वारा गंभीर रूप से घायल जीवन कडुंलना के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में नगद पांच हजार रूपया दिया।

विधायक ने भाषा संस्कृति बचाने के लिए स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्रीय भाषा एवं जनजातीय भाषाओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिले के स्कूलों में विभिन्न भाषाओं से संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति करते हुए बच्चों के बीच पढ़ाई शुरू करने की मांग की है विधायक ने कहा अनुसूचित जनजातिय एवं मूल निवासियों के भाषा संस्कृति एवं परंपराओं की सुरक्षा सुरक्षित कराने को लेकर प्राथमिक, मिडिल एवं उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली कर पढाई करा कर जानकारी मुहैया कराकर जनजातिय एवं क्षेत्रीय भाषा, संस्कृति एर्व परंपराओं को संरक्षित किया जाए साथ ही इसके द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं मुलनिवासियों को सुरक्षित नौकरी भी दे सकें।इसपर विभागीय मंत्री रामदास सोरेन ने गैर सरकारी संकल्प के द्वारा भाषाई अल्पसंख्यक आदिवासी समुदायों के भाषा ,संस्कृति परंपराऐं जिसे भुल रहे हैं।या भुल गयें हैं उसे संरक्षण देने के लिए प्राथमिक विद्यालयों ,मिडिल स्कूलों एवं उच्च विद्यालयों में जनजातिय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति कर पढाई सुरक्षित करने के साथ आदिवासी समुदायों के लोगों को सुरक्षित नौकरी देने के लिए आश्वासन दिया।

कोलेबिरा भंवर पहाड़गढ़ में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के भंवर पहाड़गढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में अमरनाथ सिंह की अध्यक्षता पर दो दिवसीय वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान आयोजन करने के लिए बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में दो दिवसीय वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।धार्मिक अनुष्ठान आयोजन करने के लिए तिथि का भी निर्धारण किया गया। जिसमें 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी तत्पश्चात दोपहर 1:30 बजे से अखंड हरी कीर्तन का आयोजन होगा।12 अप्रैल दिन शनिवार को अखंड हरी कीर्तन का समापन एवं भंडारे का आयोजन होगी।

झारखंड से बहार के निबंधित बोरिंग वाहन जिले में ना करे कमर्शियल कार्य

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला बोरवेल एसोसिएशन की बैठक पूर्व मंत्री एनोस एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया गया कि बाहर के राज्य से कई गाड़ियां जिले में नियम विरुद्ध बोरिंग करने का काम कर रही है, जिससे सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही साथ मोटर वाहन एक्ट का उल्लंघन भी हो रहा है। बताया कि मोटर एक्ट के तहत बाहर के राज्यों से निबंधित बोरिंग वाहन जिले में कमर्शियल कार्य नहीं कर सकती है। जबकि जिले

में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से निबंधित वाहन कमर्शियल काम कर रही है। बैठक में से ऐसी वाहनों पर रोक लगाने के लिए जिले के डीसी और डीटीओ से मिलने का निर्णय हुआ। इसके अलावे नगर परिषद में भी स्थानीय लोगों के बोरिंग वाहनों का ही रजिस्ट्रेशन करने की मांग की गई। बताया गया कि नगर परिषद में एग्रीमेंट मे लिए गए वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जो नीतिसंगत नहीं है। बैठक के माध्यम से भी आम लोगों से भी अपील की गई कि बोरिंग के लिए बाहर के लोगों को अग्रिम भुगतान न करें। कई बार शिकायत मिलती है कि बाहर के राज्यों से आए वाहन के एजेंट अग्रिम लेकर काम नहीं करते हैं। जिसे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

शिक्षा विभाग की ओर से भाषा उत्सव सह एफएलएन मेला 2025 का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा नगर भवन में गुरुवार को शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री मेला के तहत लैंग्वेज फेस्टिवल -सह- एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक एक मंच पर देखने को मिली। झारखंड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के द्वारा पीएम श्री मेला के तहत आयोजित लैंग्वेज फेस्टिवल -सह- एफएलएन मेला का उद्घाटन उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह सहित विधायक प्रतिनिधियो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से जुड़ी नृत्य पेश की गई। इसके साथ स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न भाषाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई।उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों के साथ राज्य

सरकार द्वारा संचालित कुछ स्कूलों को भी पीएम श्री विद्यालयों के रूप में शामिल किया जा रहा है। जिससे इन स्कूलों में भी शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि लैंग्वेज फेस्टिवल के माध्यम से विभिन्न संस्कृति को जानने समझने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि स्वास्थ्य मन में स्वास्थ्य शिक्षा समाहित होती है। इसलिए बच्चों के मन को स्वस्थ रखने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षा को बच्चों के रुचिकर बनाना होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 11 विद्यालय पीएम श्री से जोड़े गए हैं। जहां बच्चों के समग्र शिक्षा का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के विकास में सहायक होते हैं। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम जिला में होते रहेंगे। जिले में पीएम श्री विद्यालय प्रतियोगिता में पीएमश्री मध्य विद्यालय राजू टोली कोलेबिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो समी अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक गण एवं अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

दूरीलारी गांव में अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से मारकर महिला की हत्या

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बंदरचुवां पंचायत अंतर्गत दुरिलारी जितिया टोली में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर महिला की हत्या कर दी गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात्रि की है।घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला बिरजिनिया किड़ो उम्र करीब 55 वर्ष की हत्या कर दी गई। घटना के बारे में परिजनों ने गुरुवार सुबह 11:00 बजे पुलिस को सूचना दी।थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह और एस आई सकलदेव सिंह पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन की।पुलिस ने बताया कि महिला रात में खाना बना रही थी इसी क्रम में अज्ञात व्यक्ति ने आकर कुल्हाड़ी से वार कर महिला की हत्या कर दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायकेरा पंचायत में बानो को अनुमंडल एवं हुरदा को प्रखंड बनाने को लेकर समिति का हुआ गठन

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखण्ड के रायकेरा पंचायत में बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखण्ड बनाने की मांग को लेकर पंचायत समिति का गठन किया गया। रायकेरा पंचायत में मुखिया सोमा पहान की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष नंदलाल साहू,उपाध्यक्ष रघुवर सिंह सचिव - दिनेश लेहरी कोषाध्यक्ष -उर्मिला देवी को बनाया गया ।उधर गेनमेर पंचायत में भी ग्रामीणों की एक बैठक कर पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक मुखिया अनिता डांग की अध्यक्षता में की गई। अध्यक्ष नुरुल हसन कोषाध्यक्ष ,-विजय साहू को बनाया गया है। साथ ही दोनों पंचायत के निगरानी के लिए नामजन जोजो व सलाहकार घनश्याम सिंह ,राजेश बड़ाईक को बनाया गया है। मौके पर राजेश बड़ाईक ने कहा आज प्रखण्ड का मुख्य मुद्दा बानो को

अनुमंडल तथा हुरदा को प्रखण्ड बनाने की है।इसके लिए प्रखण्ड के एक एक व्यक्ति की सहयोग की आवश्यकता है।गेनमेर से जिला मुख्यालय सिमडेगा लगभग 120 किलोमीटर दूर है।छोटी सी काम के लिये आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हुरदा से प्रखण्ड कार्यालय बानो भी 50 किलोमीटर दूर में है। समय आने जाने में ही बीत जाता है। अगर पंचायत, गाँव से नजदीक हुरदा में प्रखण्ड बन जायेगा तो ग्रामीणों को राहत मिलेगी।हुरदा में थाना ,हाईस्कूल, बैंक, अस्पताल ,लेम्प्स सहित अन्य आवश्यक संस्थान है।जो हुरदा को प्रखण्ड बनाने की आहर्ता को पूर्ण करती है।

न्यूज बॉक्स

खड़िया समाज भाषा संस्कृति एवं परंपरा को सुरक्षा विकास को विधायक ने सीएम को सोपे ज्ञापन

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक का नमन विक्सल कोगाड़ी ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते हुए खड़िया समाज के समाजिक हक अधिकारों भाषा ,संस्कृति एवं परंपराओं की सुरक्षा और विकास की मांगो को लेकर खड़िया समाज की ओर से दिए गए रिपोर्ट को मुख्यमंत्री को सौंपा। साथ ही कोलेबिरा विधायक ने खड़िया समुदाय की भाषा संस्कृति एवं उनके परंपराओं के सुरक्षा एवं विकास करने को लेकर आग्रह

किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द इस संबंध में विचार किया जाएगा।

बिजली विभाग की ओर से पावर हाउस में लगाया गया बिजली बिल वसूली शिविर

कुरडेग। झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में गुरुवार को विधुत विभाग सिमडेगा के द्वारा कुरडेग पावर हाउस में बिजली बिल वसुली शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के माध्यम ने उपभोक्ताओं ने अपने बकाये बिजली बिल का भुगतान किया । राज्य सरकार के निर्देश पर विधुत विभाग ने बिजली बिल बकाये उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगा कर बिजली बिल जमा लिया जा रहा है । इस अवसर पर बिजली विभाग के कर्मियों ने लोगो को जागृत करते हुए कहा कि उपभोक्ता थोड़े सजग रहें तथा बिजली बिल समय पर जमा करते रहें ताकि बिजली बिल का अधिक बोझ आप पर नहीं पड़े ।

प्रखंड कार्यालय केरसई में 141 छात्र-छात्राओं के बीच हुआ साईकल का वितरण

केरसई। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया साईकिल वितरण योजना के तहत प्रखण्ड कार्यालय केरसई में आयोजित कार्यक्रम में 141 स्कूली बच्चों के बीच साईकिल का वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष जॉर्ज वाल्टर सोरेंग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगातार युवा, महिला, छात्र को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से अब छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी।मौके पर बीडीओ देवकांत सिंह ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही सोच के साथ इस योजना का संचालन किया जा रहा है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे।मौके पर बच्चों के बीच साईकिल का वितरण जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा,कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुंस खेस्स,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार,विधायक प्रतिनिधि राहुल रोहित तिग्गा,प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी ग्लैडसन बारला, असरानी एक्का,शम्भू प्रसाद, दिवाकर प्रसाद,एमानुएल कुजूर आदि सहित प्रखण्ड कर्मी ने किया।

कोलेबिरा स्टेडियम में कल अभियान के तहत आचार्य अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन

कोलेबिरा । प्रखंड के कोलेबिरा स्टेडियम में एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा संभाग दक्षिणी झारखंड संघ के तत्वाधान में पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग का प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया।प्रशिक्षण का उद्घाटन सच समिति के अध्यक्ष जनेश्वर बिल्हौर ने माता सरस्वती,लक्ष्मी और दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा और संस्कार शिक्षा की जानकारी दी गई।इस अवसर पर संघ के कुटुंब प्रबोधन जिला संयोजक मानेश्वर, अंचल व्यास चंद्रिका, शांति, संच प्रशिक्षक सुदर्शन सिंह, अभियान प्रमुख जीतवाहन, प्रशिक्षण प्रमुख फिर मोहन,एवं सभी आचार्य आचार्या उपस्थित थे।

कोलेबिरा भंवरपहाड़ गढ़ में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस 28 से

कोलेबिरा। भोक्ता समाज विकास संघ भंवर पहाड़गढ़ के तत्वाधान में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस सह 42वा भोक्ता महासभा 2025 कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च एवं 29 मार्च को किया गया है।संघ के द्वारा 28 मार्च दिन शुक्रवार को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाई जाएगी तथा 29 मार्च दिन शनिवार को स्मारक स्थल भवन कोलेबिरा में सामाजिक महासभा का आयोजन किया जाएगा।इस महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में उड़ीसा से रैनू सिंह(ओएएस) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शालिग्राम प्रधान, हीरामणि देवी, सोमेश्वरी देवी एवं सुदर्शन भोक्ता उपस्थित रहेंगे।

सड़क दुर्घटना में पारा शिक्षक हुए घायल

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र के लचरागढ़ वाइन हाऊस के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भिंजपुर के पारा शिक्षक मनराम सिंह घायल हो गए।घटना बुधवार शाम 7:30 बजे के आसपास की मिली जानकारी के अनुसार चैतन्य सिंह,बलराम सिंह और मनराम सिंह जलडेगा सामाजिक कार्यक्रम से वापस अपने गांव भिंजपुर लौट रहे थे।इसी क्रम में लचरागढ़-बरसलोया मुख्य रोड में वाइन हाउस के समीप एक अज्ञातवाहन ने ठोकर दे मारी जिसके कारण वे घायल हो गए।जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई है।घायल पारा शिक्षक को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चैतन्य सिंह के द्वारा इलाज हेतु कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा घायल पारा शिक्षक का प्राथमिक इलाज किया गया।

जंगली सूअर के हमले से व्यक्ति घायल सदर अस्पताल में भर्ती

जलडेगा। जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटी पंचायत के बाड़ीब्रिंगा के जंगल में गुरुवार की सुबह महुआ चुनने के दौरान गांव के 47 वर्षीय लीनुस तोपनो नामक व्यक्ति के ऊपर जंगली सूअर हमला कर दिया। हमले की वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया ,जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है ।घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार घायल लीनुस अपने परिजनों के साथ प्रत्येक दिन की भांति जंगल महुआ चुनने जंगल गया था। इसी दौरान पीछे से अचानक जंगली सूअर के द्वारा हमला कर दिया, परिजनों के द्वारा बीच बचाव किया गया जिसके बाद सूअर जंगली की ओर भाग गया। हालांकि घटना में लीनुस गम्भीर रूप से घायल हो गया ,जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है । मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई।

शहीद विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला आयोजन

जलडेगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित विलियम लुगुन चौक पर गुरुवार को शहीद विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्यि अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। उन्होंने शहीद लुगुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद घड़ा फोड़ कर होने वाले विभिन्नी कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। जोसिमा ने कहा कि शहीद विलियम लुगुन जनप्रतिनिधियों के आदर्श हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। शहीद के नाम पर मेला का आयोजन किया गया है, जो काफी सराहनीय है। उन्हों ने कहा कि लोग शहीद विलियम लुगुन के आदर्शों को जाने, समझें और इससे प्रेरणा लें। इससे पूर्व जोसिमा खाखा सहित विशिष्टा अतिथि जिप सदस्यण समरोम पौल तोपनो, भाजपा नेता सुजान मुंडा, मुखिया शिशिर डांग, पसंस जयंती देवी सहित अन्य लोगों ने शहीद लुगुन की कब्र में श्रद्धांजलि अर्पित की।

जंगली भालू के हमले से दो घायल एक को किया गया रिम्स रेफर

कोलेबिरा। प्रखंड में जंगली भालू के हमले से दो घायल इलाज के लिए सीएससी कोलेबिरा में परिजन ने भर्ती कराया। जहां पर इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर भेजा जहां से रांची रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा पंचायत के जामटोली ग्राम निवासी 45 वर्षीय रितु भंजन सिंह पिता स्वर्गीय भादो सिंह एवं 40 वर्षीय कार्तिक सिंह पिता स्वर्गीय जालंधर सिंह बुधवार दोपहर लगभग 12:00 बजे के आसपास बकरी चराने गांव के समीप पट पहाड़ जंगल गए थे।इसी दौरान एक जंगली भालू ने रितभंजन सिंह पर हमला कर दिया भालू के अचानक हमले करने से हुआ चिल्लाने लगा रितभंजन को चिल्लाता देख कार्तिक सिंह जो कुछ दूर अपने बकरी को चरा रहा था।

विद्यार्थियों ने विश्व रंगमंच दिवस पर दी नाटकों की प्रस्तुति

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर गुरुवार को विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित कई नाटक प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज, वृद्धाश्रम, कार्यस्थल पर शोषण और आए दिन पत्रकारों पर हमले जैसे समकालीन विषयों पर अपनी-अपनी जोरदार प्रस्तुति से रंग बिरंगी छटा बिखेरी और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कहा कि थियेटर केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि यह सामाजिक सरोकारों के मुद्दों को उजागर करने और विचारों का आदान-प्रदान करने का एक प्रमुख माध्यम है। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ विकास चंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में कई तरह के कौशल विकसित होते हैं। थिएटर के माध्यम से विद्यार्थियों ने जो सामाजिक बदलाव की दिशा में सकारात्मक संदेश देने की कोशिश है, वह सराहनीय है। सहायक प्रोफेसर हर्षित कच्छप ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि जनसंचार के विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति की कला में निपुण होना चाहिए और इस दिशा में ऐसे कार्यक्रमों से मदद मिलती है। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर देव कुमार एवं मनोज कुमार, गिन्नी रानी व विद्यार्थियों में दुलाल, बजरंग, बहादुर, सिमरन,वसीम, विकाश, हेमंत, शिवानी, इशा, अजीत, प्रीति, रिशु, प्रतीक,विजय, आद्या, सौरव, प्रदीप, शाहीन, आरोही, सबा, नेहा, पूजा, राजकुमार, ज्योति सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पूर्व उपप्रमुख भाजपा में हुए शामिल मंत्री ने किया स्वागत

गावां गिरिडीह। नवीन कुमार यादव गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने क्षेत्र की सांसद अनुपूर्णा देवी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सांसद ने पार्टी का पट्टा देकर उन्हें भाजपा में शामिल करवाया। नवीन कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा ही एक मात्र विकल्प है। जो जनसमस्याओं का समाधान ईमानदारी से कर सकते है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है। जहां सभी वर्गों को सम्मान मिलता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, रघु यादव, बबलु यादव, सुजीत यादव, बीरेंद्र यादव, रविन्द्र राउत, शरेन्द्र यादव एवं किशोरी यादव आदि उपस्थित थे। भाजपा में शामिल होने पर गावां प्रखंड के भाजपाइयों ने उनका स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। आनन्दी यादव ने कहा कि नवीन को भाजपा में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

न्यूज बॉक्स

आज लगेगा आईसीएआर गौरियाकरमा में पशु स्वास्थ्य शिविर

बरही । आज शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान गौरियाकरमा के प्रांगण में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है. यह शिविर झारखण्ड सरकार के अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत आयोजित की गई है. जिसमे संस्थान के पशु वैज्ञानिक किसानों के पशुधन के स्वास्थ की जांच मुफ्त में करेंगे. शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य के देखभाल, स्वास्थ्य जांच इत्यादि की जानकारी देना और पशुधन से अधिकतर लाभ लेने के तरीको को बताना है. उक्त जानकारी संस्थान के कृषि वैज्ञानिक प्रमुख ने दी. मौके पर मौजूद ओएसडी डॉ विशाल नाथ ने बताया कि खेती के बाद पशुधन ही आय का मुख्य स्रोत है. इसलिए किसानों को अपने पशुओं के स्वास्थ्य का अधिक ध्यान रखना चाहिए. इसके लिए ऐसे शिविरो का किसानों का भरपूर लाभ उठानी चाहिए.

बिरनी में आरएसएस की बैठक आयोजित

बिरनी। बिरनी प्रखंड के पलौंजिया योग भवन में बुधवार शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा टोली की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नेतृत्व हजारीबाग विभाग सह कुटुंब प्रबोधन संयोजक जयनारायण मोदी ने किया। बैठक में आगामी रविवार, 30 मार्च को हिंदू नववर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) मनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में लिए गए निर्णयः- शनिवार, 29 मार्च को हर घर भगवा ध्वज लगाने का अभियान चलाया जाएगा। रविवार, 30 मार्च को सुबह 6 बजे प्लस टू उच्च विद्यालय, पलौंजिया में आद्य सर संघ चालक प्रणाम, ध्वजारोहण एवं बौद्धिक सत्र आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सुखदेव वर्मा होंगे। रविवार संध्या को हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। स्वयंसेवकों ने लोगों से अपने घरों एवं मंदिरों में सुंदर रंगोली बनाने और दीप प्रज्वलित करने का आग्रह किया है। इस बैठक में अर्जुन राम, सात्विक सुमन मोदी, आयुष, जय कुमार, गुरुदेव प्रसाद, शनिदेव बर्णवाल, द्वारिका मोदी, लक्की राज, प्रिंस कुमार, शौर्य कुमार सहित कई अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सवारी गाड़ी और कार में हुई टक्कर

तिलक चढ़ा कर बिहार लौट रहे 15 लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह) तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएसएनल टावर के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बिहार के सरौन से तिलक चढ़ाने तिसरी के कटकोको आए लोगों की सवारी गाड़ी की टक्कर वापसी के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही महिंद्रा मेराजो कार से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवारी गाड़ी मौके पर ही पलट गई और गाड़ी में बैठे 15 लोग घायल हो गए। जिसमें एक व्यक्ति गाड़ी के नीचे ही दब गया,जिसे वहां मौजूद लोगों ने मिलकर निकाला। वहीं दुर्घटना के बाद दूसरे वाहन में सवार सभी लोग गाड़ी छोड़कर भाग गए। उक्त गाड़ी के एक साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। जिसके बाद स्थानीय समाजसेवी राजकुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस सेवा के लिए फोन किया लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया। तब तिसरी पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां घायल 15 लोगों का इलाज किया गया। वहीं सात लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में बिहार के सरौन - बीछकोडवा निवासी शान्ति सोरेन, उमेश हेंब्रम, गोपी हेंब्रम, सुनील मुर्मू रिसलाल सोरेन, बड़की मरांडी राजू मुर्मू शामिल हैं जबकि गम्भीर रूप से घायल शीला बास्के , सरिता मुर्मू, सोनू हेंब्रम, लंबू मरांडी, विश्वनाथ मुर्मू, कौशल बेशरा, परमेश्वर हेंब्रम को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। तिसरी पुलिस दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई साथ ही आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

सरहुल पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत झुरझुरी के ग्राम गंगटियाही में सरहुल पर्व पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार शामिल हुए।वहीं आदिवासी समाज के लोगों ने प्रकृति की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद बड़ी संख्या में बच्चे,बूढ़े तथा महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।वहीं सुमन कुमार तथा समाजसेवी सतीश सिंह ने लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामना दी। कार्यक्रम में महिलाएं और युवाओं में गजब का जोश देखने को मिला। मौके पर सरना समिति के संयोजक ओर समाजसेवी बीरेंद्र बास्के ने सभी टीम को कार्यक्रम को लेकर बधाई दी।इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जगदीश बास्के, सचिव अमृत बास्के, कोषाध्यक्ष शिबू सोरेन ने अतिथियों का स्वागत फूल माला ओर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बिनोद प्रसाद,आदित्य सिंह, पवन सिन्हा, विक्की सिंह , रामसुंदर बास्के, विक्रम सोरेन , वकिलदेव बास्के, मुकेश मुर्मू, चेतो मांझी , राजाराम मांझी , झरी मांझी , मोनू मांझी, दशरथ सोरेन समेत सैंकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

प्रतिमा पुनर्स्थापना व चेचरो पार्क के पुनर्विकास को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को पत्र

नवीन मेल संवाददाता। बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बीते 8 मार्च के चेचरो पार्क की घटना और दर्ज प्राथमिकी को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है. जिसमें स्थानीय लोगो और कार्यकताओं की भावनाओं की चर्चा की गई है. सौपे ज्ञापन में बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने तिलैया बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत स्थित चेचरो उर्फ नेहरू पार्क में स्थापित प्रतिमा को खंडित कर दिया गया. उक्त पार्क देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के तिलैया जलाशय शिलान्यास के कार्यक्रम की याद में 1951-53 के बीच विकसित किया गया था. जो काफी रमणीय और मनोहारी स्थल है. परंतु प्रशासनिक उपेक्षा के कारण यह क्षेत्र अपना अस्तित्व खो दिया. पंडित नेहरू को प्रतिमा व पार्क स्थल धूल धूसरित और जीर्ण शीर्ण हो गया. असमाजिक तत्वों का बसेरा लगने लगा. इसी का परिणाम 8 मार्च को देखने को मिला, जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को हो क्षत विक्षत कर दिया. इस संबंध ने काफी मशक्कत के बाद लगभग दो सप्ताह के बाद प्राथमिकी दर्ज हुई, परंतु अब तक कोई परिणाम नहीं मिला. आगामी 27 मार्च को पंडित नेहरू की पुण्य तिथि है. इस संबध में डीसी हजारीबाग को प्रतिमा के पुनर्स्थापित कर पार्क विकसित करने की मांग की गई थी. जो स्थानीय लोगो की भी मांग है. प्रखंड अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष से जनता और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हजारीबाग जिला प्रशासन को मूर्ति के पुनर्स्थापना व पार्क के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास करने की मांग किया है. जिससे इस क्षेत्र को पुनर्विकसित किया जा सके और दोषियों पर उचित कारवाई हो सके. साथ ही विकसित स्थल व प्रतिमा का अनावरण भी प्रदेश अध्यक्ष स्वयं करेंगे.

दया बहन के नाम से चर्चित कुमकुम देवी बेटी बनकर कर रही लोगों की सेवा

बरकट्ठा। जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी गरीब और जरूरत मंदों की सेवा के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती है। इन्हीं निःस्वार्थ सेवा के कारण ही क्षेत्र में वह दया बहन की नाम से चर्चित है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गंगटियाही निवासी लालमनी मांझी ने जब कुमकुम को फोन कर बताया कि मैं अस्वस्थ हूँ। मेरा इलाज करा दो बेटी। वही पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया कि मैं उनके घर पहूंचीं और उन्हें अपने साथ आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग लेकर चली गई और सम्पूर्ण इलाज कराने के बाद उन्हें वापस घर पहूंचाई। अस्पताल प्रबंधन ने भी इस सेवा भाव से प्रभावित हो कर संपूर्ण जांच का फीस माफ कर दिया।बताते चलें कि एक बेटी का फर्ज अदा करते हुए कुमकुम ने ये संदेश देने का काम किया कि बेटियां बोझ नहीं बरदान होती हैं।उन्होंने बताया कि मेरे पिता और लालमनी मांझी एक साथ मिलकर बरकट्ठा में भाजपा को सींचने का काम किए थे।

हंसराज बने एलजेपी (आर) खेल व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद फिल्म निर्माता निर्देशक हंसराज लोहरा को लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान ने हंसराज लोहरा के आस्था और विश्वास को देखते हुए सम्मान के साथ पार्टी की आजीवन सदस्यता दिलाई।उन्होंने कहा कि इनके जुड़ने से झारखंड के कलाकारों और फिल्म संगीत उद्योग के विकास को लेकर सक्रियता बढ़ेगी।वहीं पार्टी भी मजबूत होगी। हंसराज लोहरा ने प्रदेश अध्यक्ष सहित केंद्रीय पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा कि झारखंड के कलाकारों के लिए खुशखबरी हैं।वे केंद्रीय अध्यक्ष सह मंत्री चिराग पासवान के दिशानिर्देश पर कार्य करेंगे।वहीं झारखंड में फिल्म उद्योग के विकास पर विचार विमर्श करेंगे।चूंकि,केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अभिनेता भी रह चुके हैं और एक कलाकार ही कलाकारों के दर्द को समझ सकता हैं।

रामनवमी संरक्षण समिति के तत्वावधान में आयोजित होगा दंगल प्रतियोगिता

हजारीबाग। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी को लेकर पूरे जिले भर में उत्साह का माहौल है, हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जिले भर के सैकड़ों अखाड़ों में रामनवमी की तैयारी जोर शोर से चल रही है ।ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश क्षेत्रों में पारम्परिक तौर महावीरी झंडा के साथ लोग गाजे बजे के साथ अखाड़ा पहुंचते हैं ।जहां क्षेत्र के सभी महावीरी झंडा का मिलान होता है जिसके बाद क्षेत्र के लोग पारंपरिक अस्त्र शस्त्र का करतब दिखाते है ,और बड़े बूढ़े से आशीर्वाद लेते हैं ' फिर उक्त स्थल पर मेला लगता है, जहां रामलीला, राम जन्म सीता स्वयंवर समेत अन्य धार्मिक कथाओं का नाट्य विधा के साथ मंचन किया जाता है वहीं शहरी क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश शहरी क्षेत्र में झांकी की परम्परा शुरू हो गई है जिसमें हजारीबाग नगर क्षेत्र में निकले वाली झांकी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। जिसका संचालन रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन समेत शहर के गणमान्य लोग अपनी भागीदारी निभाते हैं।

कलश यात्रा के साथ बरोटोला में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बिरनी बिरनी प्रखंड के बरोटोला गांव में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुरूआत कलश यात्रा के साथ किया । कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया जिसमें ग्रामीणों के साथ बच्चों समेत डीजे बाजे के साथ झूमते हुए ग्राम बरोटोला यमुना नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचा । जहां गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा करते हुए गायत्री यज्ञ से होने वाले फायदे के बारे में बताया । वही मुख्य प्रवक्ता गायत्री ट्रस्ट गिरिडीह के प्रबंधक कामेश्वर सिंह ने कहा गायत्री महामंत्र की उपासना करें इससे प्राणवान बनता है ।प्राणों की शक्ति का नाम गायत्री है प्राण विद्या कहा जाता है। इस साधना से व्यक्ति का चिंतन चरित्र एवं व्यवहार श्रेष्ठ बनता है। बिना किसी जाति पाती के भेदभाव के सभी को साधना करनी चाहिए। सनातन धर्म के पांच आधार हैं ।गायत्री गुरु गीता गंगा और गौ माता इस कार्यक्रम के अध्यक्ष भीखन महतो सचिव बीजू वर्मा उप सचिव रामकिशन प्रसाद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शांतिकुंज हरिद्वार से आए। संतों द्वारा शाम में मधुर गीतों के साथ प्रवचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार से उपस्थित उर्मिला वर्णमाला सहदेव प्रसाद कुशवाहा उमा गुप्ता सरयू यादव अर्चना देवी लीलावती देवी सहयोगिता के रूप में उपस्थित थे।

अधिवक्ता कफीलूर रहमान की उपन्यास बांदी मुंबई से प्रकाशित



धनबाद। दादा साहब फाल्के सेवा रत्न से सम्मानित लेखक अधिवक्ता कफीलूर रहमान की उपन्यास बाँदी द केयर टेकर एसजीएसएच पब्लिकेशन मुंबई से प्रकाशित हुई।बता दें इनका एक उपन्यास अर्धनारी इससे पूर्व प्रकाशित हैं।उन्होंने बताया कि उपन्यास बांदी आधुनिक दुनियां के बेनाम रिश्तो पर प्रकाश डालती है। जो मौजूदा समय की जरुरत के साथ अपना एक अहम मुकाम रखती है।फिर चाहे युवा हो या ढलती उम्र के पड़ाव से गुजर रहे लोग,जिन्हे अपनी जिंदगी में अकेलापन को दूर करने के लिए एक वफादार साथी की जरुरत होती है। जिसे कभी बाँदी या दासी कहा जाता था। आज लिव इन रिलेशन का नाम दिया जाता है। साथ ही कहानी में दूसरा पहलू यह भी है कि हम चाहे जितना भी अपने आप को आधुनिक बना ले। किन्तु जब हमें जीवन साथी चुनने का समय आता है,तो उनमे अपने माँ या पिता के संस्कारों आदर्शों की तलाश करते है।ऐसे ही कई सामाजिक संदेशो व मनोरंजन से भरपूर कहानी पर आधारित उपन्यास पाठको को बेहद रोमांच व आनंद से भर देगी। पाठक अमेजॉन गूगल एसजीएसएच स्टोर आदि से ऑनलाइन पुस्तक प्राप्त कर सकते है।

भुरकुंडा फोरलेन में सेंट्रल सौंदा के युवक दीपक की निर्मम हत्या, चाकू किया गया बरामद

रामगढ़। भुरकुंडा-भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़-जिंदल फोरलेन स्थित देव ऑटो मोबाइल के समीप गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या की गई थी। वहीं युवक के बाएं कलाई की नश कटा पाया गया। साथ ही घटना स्थल पर चाकू भी पाया गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद भुरकुंडा और भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करते हुए लोगों से पूछताछ की। युवक की शिनाख्त सेंट्रल सौंदा दुर्गा मंडप नीचे घौड़ा निवासी बंसत पासवान के पुत्र दीपक कुमार पासवान 27 वर्ष के रूप में की गई। इधर रांची से आई फोरेंसिक टीम ने शव के परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। घटना के बावत पूछे जाने पर मृतक दीपक कुमार पासवान के पिता बंसत पासवान ने बताया की दीपक पंडित जी के साथ गोरखपुर में रहता था। होली पर्व के अवसर पर भुरकुंडा आया हुआ था।

बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों ने महाप्रबंधक कार्यालय में किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। जोड़ापोखर टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जामाडोबा लीज होल्ड एरिया भौंरा 5 नम्बर पहाड़िया,16 नम्बर,2 नम्बर इनक्लेन के रहने वाले 300 घरों का कंपनी ने 15 दिनों तक बिजली काटे जाने के विरोध में ग्रामीणों ने महाप्रबंधक कार्यालय जामाडोबा का घेराव कर प्रदर्शन किया।वहीं टाटा स्टील के प्रशासनिक हेड स्वेता मिश्रा एवं झरिया विधायक की पुत्री सताक्षी सिंह के बीच वार्ता होने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया। प्रशाशनिक हेड ने आश्वासन दिया कि कम्पनी घाटे में चल रही हैं। कुछ महीनों के लिए विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। परन्तु स्थाई समाधान के लिए झारखंड सरकार से बिजली लेनी होगी। प्रदर्शन करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, बाबू जौना, संतोष,कारण के अलावा महिलाओं में संगीता देवी,चांदनी देवी,साबित्री देवी, निर्मल देवी सहित अन्य मौजूद रहें। महिलाओं ने कहा कि टाटा कम्पनी ने 40 वर्षो से बिजली दी हैं।कम्पनी को नियमानुसार अपने लीज होल्ड एरिया में बिजली देना है। कम्पनी ने 15 दिनों से बिजली काट दिया है। बिजली काटने से पानी नहीं मिल रहा है।गर्मी में वहीं बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही हैं। अगर बिजली बहाल नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। बिजली काटे जाने की सूचना सांसद ढुलू महतो एवं विधायक रागिनी सिंह को दी गई है।आश्वस्त किया कि जल्दी ही वार्ता कर बिजली व्यवस्था की जायेगी। दूसरी ओर टाटा स्टील प्रबंधन का कहना है कि कम्पनी का जामाडोबा यूनिट बंद हो गया है। कम्पनी घाटे में चल रही हैं। अस्थायी तौर पर बिजली दिया जायेगा।सभी को झरखंड सरकार से बिजली लेना चाहिए। उक्त जगह पर अतिक्रमण कर भी कई लोग रह रहे है,कंपनी का एक भी मजदूर नही है।

माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा 30 मार्च से

रामगढ़। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन 30 मार्च से प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान सुमित मारवाह एवं उनकी पत्नी जया मारवाह होंगे। श्री मारवाह ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को मंदिर परिसर में नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ द्वारा माता की चौकी, 5 अप्रैल को हवन, कंजक पूजन एवं 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

पुन: बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक सं0 01 से 02 तक का वित्तीय वर्ष 2025–26 (माह अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026 तक) की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन कंडीकावार दिए गए तिथि तथा समय के अनुसार किया जा रहा है –

क्रम0	सैरात का नाम	अवधी	बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राशि	जमानत की राशि	तिथि	समय (अपराह्न)
01	सदर अस्पताल के सामने में चार चक्का वाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग	वित्तीय वर्ष 2025–2026 (माह अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026) तक	79,200	7,920	03.04.2025	1:00
04	टुटी झरना विवाह भवन की बन्दोबस्ती		6,06,100	60,610	03.04.2025	1:30

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. पूर्व बन्दोबस्तधारी नगर परिषद् के पूर्व बकाया भुगतान हेतु कार्यालय से NOC लेकर ही डाक में भाग ले सकेंगे।
5. डाक की राशि नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 349391 District (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरंतर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

संपादकीय

टैरिफ युद्ध के समय में म्यूचुअल फंड

शेयर बाजारों में उठापटक जारी है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी बाजारों में जबर्दस्त तेजी आई, लेकिन उसके बाद टैरिफ युद्ध की वजह से भयंकर गिरावट देखने को मिली। निवेशकों के खरबों डॉलर छूमंतर हो गए और अमेरिका में मंदी की आशंका पैदा हो गई है, जिससे शेयर बाजारों में और गिरावट देखने को आ रही है। अभी वहां घोर अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी बाजारों में इस अभूतपूर्व गिरावट से दुनिया भर के बाजार प्रभावित हुए हैं। यूरोपीय देशों से भी ट्रंप ने व्यापार युद्ध शुरू कर रखा है और कनाडा, मेक्सिको की तरह उन्हें भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे वहां के बाजार भी हिल गए हैं। इन सब से भारत भी अछूता नहीं रहा है और हमने देखा कि शेयर बाजार धड़ाम हो गए। निवेशकों में खलबली मच गई और बड़ी तादाद में लोग बिकवाली पर उतर आए। बगैर समझे-बूझे वे अपने स्टॉक बेचने लगे। सितंबर 2024 से जनवरी 2025 तक बीएसई सूचकांक में लगभग 12 फीसदी की गिरावट देखी गई। एक सर्वे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024 की समाप्ति के समय सूचीबद्ध 1,231 कंपनियों में 50 फीसदी से भी ज्यादा की गिरावट रही। मिडकैप के कुछ शेयर तो 71 फीसदी तक गिरे हैं और स्मॉलकैप के शेयरों में भी तबाही आई। इसके पीछे मुख्य कारण वैश्विक आर्थिक चिंता, घरेलू आर्थिक समस्याएं और कुछ हद तक कई कंपनियों का लचर प्रदर्शन रहा है। यह भी एक सच्चाई है कि शेयर बाजार सेंटीमेंट यानी अवधारणा पर चलते हैं। अगर सेंटीमेंट उच्च हों, तो परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, बाजार ऊपर जाता ही है। निवेशक उस समय तार्किक बातें नहीं करता है और धन लगाने को तैयार रहता है। ठीक इसके विपरीत की स्थिति में वह निवेश से कतराता है। इस समय परिस्थितियां उलट हैं। बार-बार पूछा जा रहा है कि शेयर मार्केट के बाद क्या म्यूचुअल फंड भी उतने ही उठापटक वाले हैं? सवाल वाजिब है, क्योंकि म्यूचुअल फंड भी तो आखिर शेयर बाजार में निवेश करते हैं। इसका जवाब है कि इनमें उतना खतरा नहीं रहता, जितना शेयर बाजार में है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि निवेशक म्यूचुअल फंडों में निवेश दीर्घकालिक आधार पर करते हैं। समझदार निवेशक अपनी आने वाली जरूरतों के हिसाब से इनमें पैसा लगाते हैं, क्योंकि इसमें पारदर्शिता बहुत है और हर दिन का लेखा-जोखा निवेशक को मिलता रहता है। समझदार निवेशक उतावलापन नहीं दिखाते। वे इससे लाभान्वित होते हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि बढ़ती अनिश्चितता के बीच व्यक्तिगत वित्त के पारंपरिक नियम अब भी कायम हैं। अपनी हर तरह की जरूरतों के लिए एक वित्तीय योजना बनाने वाले कभी भी नुकसान नहीं उठाते हैं। आप अपने छह महीने के आपातकालीन फंड को रखें या यदि आप सेवानिवृत्त हैं, तो तीन से पांच साल के खर्चों के बराबर। साथ ही अगले साल की योजनाओं के लिए आपको जो पैसे चाहिए, उन्हें नकद और नकद समकक्ष जैसे कि अल्पकालिक ट्रेजरी और सीडी में रखें। उदाहरण के लिए, अगले साल आप जो घर या कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, उसके लिए फंड को अधिक रिटर्न वाले बचत कोष में रखा जा सकता है। म्यूचुअल फंडों में निवेश कहीं बेहतर और वैज्ञानिक तरीके से होता है।

अमेरिकी बाजारों में इस अभूतपूर्व गिरावट से दुनिया भर के बाजार प्रभावित हुए हैं।

वक्फ (संशोधन) विधेयक किस तरह चिंताओं व मुद्दों का समाधान करता है

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे।

वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा। यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है।

विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं। जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा। इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं। हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा। अंत में, इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। कुल मिलाकर, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, अनधिकृत दावों को रोकने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी सुधारों को पेश करता है। पारदर्शिता, कानूनी स्वामित्व सत्यापन और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देकर, विधेयक मुस्लिम समुदाय और बाकी जनता दोनों के हितों की रक्षा करते हुए वक्फ बोर्डों की विश्वसनीयता बहाल करना चाहता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात

हर्ष रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

आप की बात

बाबूजी की रोटी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बाबूजी कभी रिटायर नहीं हुए। सरकारी दफ्तर से हुए होंगे, लेकिन घर-गृहस्थी के दफ्तर में तो आज भी वही फाइलें निपटा रहे हैं- दूध लाना, सब्ज़ी तौलना, किराने का हिसाब रखना, बिजली का बिल भरना, और बीच-बीच में पड़ोसियों के बच्चों को जीवन के 'अनमोल ज्ञान' बाँटना। वह ज्ञान, जिसे सुनकर बच्चे भी मोबाइल के स्क्रीन में मुँह गाड़ने का बहाना खोज लेते हैं। घर में उनकी स्थिति वही थी जो पुराने ज़माने की एल्बम की होती है- कोई देखता नहीं, लेकिन फेंकता भी नहीं। रिटायरमेंट के बाद बाबूजी को परिवार में ठीक उसी तरह रखा गया, जैसे शादी के खाने में बचे हुए गुलाब जामुन- सबको पता होता है कि पड़े हैं, लेकिन कोई पूछता नहीं। "बाबूजी, आप आराम कीजिए!" यह वाक्य बहू-बेटे के प्रेम से अधिक, उन्हें किनारे करने की प्रशासनिक कार्यवाही लगती थी। बेटा प्रमोशन पाकर बिजी हो गया, बहू ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त थी और पोते-पोतियाँ इंस्टाग्राम पर स्वदेशी संस्कृति की बातें कर रहे थे। इस बीच बाबूजी अचार के मर्तबान खोलकर पुराने दिनों को सूँघते रहते थे। एक दिन बाबूजी ने ऐलान कर दिया, "आज से अपनी रोटी खुद बनाऊँगा!" यह सुनते ही घर में वही माहौल बन गया जो सरकार के नए बजट सुनने के बाद जनता में बनता है- चुप्पी, चिंता और कटाक्ष! बहू ने पानी पीते-पीते हिचकी ली, बेटा अख़बार के पीछे छुप गया और पोती ने गूगल पर सर्च किया- "रिटायर्ड लोग मानसिक संतुलन क्यों खोते हैं?" दादीजी ने समझाने की कोशिश की, "अरे, खाना तो बना बनाया मिलेगा, तुम क्यों तकलीफ कर रहे हो?" बाबूजी ने मुस्कराकर जवाब दिया, "बिटिया, अब हमें तकलीफ नहीं होती, तकलीफ सहने की आदत हो गई है!" **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आकाशवाणी फरमाइशी कार्यक्रम बढ़ाए

झारखंड में पांच आकाशवाणी केंद्र हैं। 1. रांची, 2. हजारीबाग, 3. जमशेदपुर, 4. चाईबासा, 5. डाल्टेनगंज। इनके RJs भी बहुत मेहनती हैं। काम करने की इच्छा शक्ति की उनमें कमी नहीं है। मगर श्रोताओं से जुड़े फरमाइशी कार्यक्रमों की कमी के वजह से ये सभी आकाशवाणी केन्द्र एक सीमा में सिमट के रह गए हैं। केन्द्र निदेशक और सूचना प्रसारण को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान सरकार को चाहिए कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय से मिलकर पहल करें। नहीं तो इन आकाशवाणी केन्द्रों का होना न होना बेमायने है।

महेन्द्र मोदी
मैनेजिंग डायरेक्टर, ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आंफ इंडिया।(रामगढ़)

झारखंड में बढ़ती पत्थरबाजी संप्रदायिक सौहार्द के लिए बड़ा खतरा

झारखंड में विभिन्न हिंदू धर्म के त्योहारों के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों पर पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं। ये पत्थरबाजी की घटनाएं संप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की दिशा में एक बड़े खतरे के समान उपस्थित हो चुकी हैं। एक के बाद एक बढ़ती पत्थरबाजी की घटनाएं कई नए सवालों को भी खड़ा कर रही हैं। हर हाल में इस पर विराम लगना चाहिए। साथ ही पत्थरबाजी के पीछे पत्थरबाजों की क्या मंशा है , इस बात का पता भी राज्य सरकार को लगाना चाहिए।

अलग बात

विजय केसरी

पत्थरबाजी में लिप्त दोषियों के विरुद्ध ईमानदारी पूर्वक कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्थरबाजी के लिए उत्प्रेरित करने वाले मुट्ठी भर लोगों को चिन्हित करने की जरूरत है। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। तभी झारखंड में सांप्रदायिक सौहार्द्र बना रहेगा। पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर किसी भी स्तर पर राजनीति करना उचित नहीं है । और न ही इसे राजनीतिक चश्मे से देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही पत्थरबाजी को वोट की राजनीति से भी नहीं जोड़ा जाना चाहिए। पत्थरबाजी से समाज में सांप्रदायिकता का माहौल बन जाता है। और न चाहते हुए भी जान माल की बड़ी हानि हो जाती है। इसलिए एक आपराधिक घटना की तरह ही पत्थरबाजी को लिया जाए और पत्थरबाजों के विरुद्ध सघन कानून सम्मत कार्रवाई ही इसका निदान है। ऐसी घटनाओं से आए दिन प्रांत का संप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ता चला जा रहा है, जो किसी भी मायने में उचित नहीं है । पत्थरबाजी की घटनाओं से समाज में अकारण अफरा तफरी मच जाती है। सार्वजनिक संपत्तियों से लेकर सरकारी संपत्तियों की भी बड़ी हानि होती है। वहीं दूसरी ओर ऐसी घटनाओं के होने पर कुछ लोगों की जानें तक चली जाती हैं। पत्थरबाजी जैसी घटना किसी भी सूरत में एक सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है । झारखंड के 24 जिलों में निवास करने वाले सभी धर्म, पंथ, के लोग बरसों से एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते चले आ रहे हैं । विविधता ही हमारी पहचान बन गई है। हम सब मिलजुल कर झारखंड के विकास को गति प्रदान करते चले आ रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसी शक्तियां हमारे बीच आ गई हैं, जो बरसों से हम सबों की मिलजुल कर रहने की संस्कृति पर हमला कर रही हैं। इन अवांछित शक्तियों के विरुद्ध मिलजुल कर लड़ने की जरूरत है। ऐसी अवांछित शक्तियों को बेनकाब करने की जरूरत है। साथ ही समाज में रहने वाले हर एक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि ऐसी शक्तियों के बहकावे में न आएं। ऐसी अवांछित शक्तियां हमारी नव पीढ़ी को दिग्भ्रमित कर उनसे पत्थरबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम दिलवाने में लगी हुई हैं। ऐसी शक्तियों से पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। ऐसी शक्तियों को समाज में किसी भी तरह का प्रश्रय नहीं मिलना चाहिए। तभी पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर विराम लग सकती है। गत मंगलवार को हजारीबाग में मंगला जुलूस के दौरान रात्रि साढ़े दस बजे के लगभग जिस तरह पत्थरबाजी की घटना घटी, फलस्वरुप मेन रोड में भगदड़ मच गई। लोग भागने लगे। अफवाहों का बाजार गरम होने लगा। इस पत्थर बाजी की घटना में कई लोग घायल भी हो गए। पुलिस कर्मियों सहित एक दो अधिकारी चोटिल हो गए। एक सांप्रदायिकता का माहौल बन गया था। पुलिस कर्मियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फायरिंग और लाठी चार्ज तक करनी पड़ी। अब सवाल यह उठता है कि पत्थरबाजों ने ऐसा क्यों किया? ऐसा कर पत्थरबाज क्या साबित करना चाहते हैं? इसका एक ही जवाब यह है कि पत्थरबाज हम सबों की मिलजुल कर रहने की संस्कृति को बिगाड़ना चाहते हैं। इसलिए हजारीबाग जिला प्रशासन का फर्ज बनता है कि ऐसे पत्थरबाजों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई घटना जन्म ही न ले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से

एक्स से



आज का दोहा

उछल- कूद, छीना-झपट , करने के थे ख्वाब।
वक्त नशे में था, अभी, उतर रहा है सा'ब।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

रंग से नहीं, काबिलियत से तय होती है पहचान

रंग-एक ऐसा शब्द, जो सिर्फ चमक या छाया नहीं, बल्कि समाज की गहरी दरारों का प्रतीक बन चुका है। यह वह जहरीला बीज है, जो सदियों से भारतीय समाज की मिट्टी में बोया गया और आज भी इसकी जहरीली फसल हमारे आत्मसम्मान को लील रही है। खासकर महिलाएँ-जिनकी पहचान, योग्यता और सपनों को रंग के इस पैमाने पर तौला जाता है। यह शर्मिंदगी की बात है कि आधुनिकता का ढिंढोरा पीटने वाला हमारा समाज आज भी गोरे और काले के भेद में उलझा हुआ है। लेकिन इस अंधेरे में एक चिंगारी जली-केरल की पहली महिला मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने रंगभेद की इस कुत्सित मानसिकता पर ऐसा प्रहार किया कि समाज का चेहरा शर्म से झुक गया। उनके साहस ने न सिर्फ एक बहस छेड़ी, बल्कि यह साबित कर दिया कि सफलता का कोई रंग नहीं होता-वह तो मेहनत, आत्मविश्वास और काबिलियत का प्रकाश है। शारदा मुरलीधरन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयाँ उजागर कीं। उनके सांवले रंग को बचपन से ही निशाना बनाया गया। ताने, कटाक्ष और अपमान उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे। समाज ने उनके रंग को उनकी पहचान से बड़ा बना दिया, उनकी प्रतिभा को कुचलने की कोशिश की। लेकिन शारदा ने हार नहीं मानी। मेहनत और लगन से उन्होंने न सिर्फ ऊँचा मुकाम हासिल किया, बल्कि केरल की मुख्य सचिव बनकर इतिहास रच दिया। मगर समाज की संकीर्ण सोच यहाँ भी पीछे नहीं हटी। एक शख्स ने उनकी कार्यशैली की तुलना उनके पति से करते हुए बेहूदा टिप्पणी की: "वह उतनी ही काली हैं, जितना उनके पति गोरे थे।" यह टिप्पणी सिर्फ एक शब्द नहीं थी-यह समाज की उस गहरी बीमारी का लक्षण थी, जो रंग को इंसान की कीमत का पैमाना मानती है। लेकिन शारदा ने इस अपमान का जवाब ऐसा दिया कि समाज की नींद उड़ गई। उन्होंने बुलंद आवाज में कहा, "मुझे मेरा रंग पसंद है। मुझे इस पर गर्व है।" यह जवाब सिर्फ उस शख्स के लिए नहीं था-यह हर उस सोच को चुनौती थी जो गोरे रंग को सुंदरता का ताज पहनाती है और सांवले रंग को अपमान की गहराई में धकेलती है। शारदा ने साफ कर दिया कि असली सुंदरता रंग में नहीं, आत्मविश्वास और प्रतिभा में बसती है। उनकी यह प्रतिक्रिया एक तूफान बन गई-जिसने समाज की चुप्पी को तोड़ा और रंगभेद के खिलाफ एक नई जंग की शुरुआत की। यह सवाल अब हर जुबान पर है-आखिर क्यों गोरे रंग को ही श्रेष्ठता का पर्याय माना जाता है? क्यों सांवले रंग को हीनता की नजर से देखा जाता है? शारदा मुरलीधरन की यह बेबाकी उन लाखों महिलाओं के लिए मशाल बन गई, जो अपने रंग-रूप के कारण खुद को कमतर समझती हैं। उनकी आवाज ने समाज को आईना दिखाया और बदलाव की एक उम्मीद जगाई। यह सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है-यह उस दर्द की पुकार है, जो हर सांवली लड़की ने कभी न कभी महसूस किया है। यह उस संघर्ष की गाथा है, जो हर उस इंसान ने जिया है, जिसे उसके रंग के कारण हाशिए पर धकेल दिया गया। भारतीय समाज में रंगभेद की जडें इतनी गहरी हैं कि वे हमारी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी हैं। बचपन से ही बच्चों के दिमाग में यह बात ठूँस दी जाती है कि गोरा रंग ही सुंदरता का प्रतीक है। टेलीविजन पर विज्ञापन हों या फिल्मों के गीत—हर जगह गोरे रंग को महिमामंडित किया जाता है। "फेयर एंड लवली" जैसी क्रीम्स की बिक्री इस सोच को और हवा देती है। शादी-विवाह में यह भेदभाव अपने चरम पर पहुँच जाता है। "गोरी बहू" की माँग आज भी हर परिवार की पहली शर्त होती है। सांवले रंग की लड़कियों को न सिर्फ अपमान सहना पड़ता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी कुचल दिया जाता है। यह एक ऐसी सजा है, जो बिना जुर्म के दी जाती है। महिलाओं के लिए यह भेदभाव और भी क्रूर हो जाता है। चाहे वे कितना भी पढ़-लिख लें, कितना भी बड़ा मुकाम हासिल कर लें, उनकी पहचान उनके रंग से जोड़ दी जाती है। शारदा मुरलीधरन इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और काबिलियत से एक ऊँचा पद हासिल किया, लेकिन समाज ने उनकी सफलता को उनके रंग के चश्मे से देखा। यह सिर्फ उनकी कहानी नहीं है-यह हर उस महिला की कहानी है, जिसे उसके रंग के कारण जज किया गया। यह उस मानसिकता का सबूत है, जो योग्यता को रंग के तराजू पर तौलती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात

प्रो. आरके जैन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासारूं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

2.18 लाख ग्राम पंचायतों में हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए भारतनेट लिंक उपलब्ध : केंद्रीय मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की कुल 2.68 लाख ग्राम पंचायतों में से 2.18 लाख ग्राम पंचायतों को भारतनेट परियोजना के तहत हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार कर लिया गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में दी गई। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री, एसपी सिंह बघेल ने राज्य सभा में लिखित जवाब में कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस (डीओटी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से देश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सभा को बताया कि सभी राज्य अपने पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) को क्रियान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं। डीओटी की ओर से कहा गया कि सरकार की योजना भारतनेट प्रोजेक्ट मार्च 2027 तक पूरा करने की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतनेट के तहत बनाए गए इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइन, डार्क फाइबर और मोबाइल टावरों तक बैकहॉल जैसी ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

डीओटी की ओर से कहा गया कि सरकार की योजना भारतनेट प्रोजेक्ट मार्च 2027 तक पूरा करने की है

42,000
ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा, जो अब तक सर्विस-रेडी नहीं है

भारतनेट फेस-I और भारतनेट फेस-II के मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने 'डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट और मेंटेन' मॉडल के तहत 'एमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम' को मंजूरी दी है। इसके तहत भारतनेट फेस-I और भारतनेट फेस-II के मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसी 42,000 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा, जो अब तक सर्विस-रेडी नहीं है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को अगले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने उच्च सदन को यह भी बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत पंचायती राज मंत्रालय देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ई-पंचायत एमएमपी को लागू कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पंचायतों के कामकाज में सुधार लाना है, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। इस पहल के एक भाग के रूप में, मंत्रालय ने ई-ग्रामस्वराज नामक एक ऑनलाइन प्लानिंग और अकाउंटिंग एप्लीकेशन को शुरू किया है।

न्यूज इन बॉक्स

लखनऊ के पुनर्वास केन्द्र में विषाक्त भोजन खाने से चार बच्चों की मौत

लखनऊ (हि.स.)। लखनऊ में पारा क्षेत्र के पुनर्वास केन्द्र में रहने वाले चार बच्चों की मंगलवार की रात को विषाक्त भोजन खाने से मौत हो गई, जबकि 16 बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन में खलबली मच गई। अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी विशाख जी. ने पत्रकारों को बताया कि पुनर्वास केन्द्र से तबियत बिगड़ने पर बीस बच्चों को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था। इसमें दो लड़की और दो लड़कों की मौत हो गई, वहीं, अन्य बच्चों का अस्पताल में उपचार जारी है। जिलाधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की एक कमेटी बनाकर पुनर्वास केन्द्र भेजा गया है। पुनर्वास केन्द्र में कुल 147 बच्चें है, जिसमें सभी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं।

बेंगलुरु के पास तीन नए निजी हवाई अड्डों की योजना, अंतिम मुहर लगाएगा एएआई

बेंगलुरु (आईएएनएस)। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु के आस पास तीन नए निजी हवाई अड्डों के विकास की योजना पर काम शुरू कर दिया है। ये हवाई अड्डे कनकपुरा रोड पर और नेलमंगला-कुनिगल रोड पर बनाए जाने की चर्चा है। यह जानकारी राज्य मंत्री एमबी पाटिल ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानि एएआई) 17 मार्च से इन प्रस्तावित साइटों का दौरा शुरू कर चुका है। इसके बाद ही यह तय होगा कि ये परियोजनाएं आगे बढ़ेंगी या नहीं। मंत्री पाटिल ने कहा, "हम एएआई को सभी जरूरी जानकारी देने के लिए तैयार हैं। इस बारे में पहले भी बैठक हो चुकी है और कल भी एक चर्चा हुई थी। हम पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये हवाई अड्डे ग्रीनफील्ड परियोजनाएं होंगी, यानी इन्हें नए सिरे से बनाया जाएगा।

बिहार विधानसभा के बाहर वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष का प्रदर्शन

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को भी विपक्ष ने विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया और बिहार की नीतीश सरकार को घेरते हुए इस बिल को लेकर कड़ी आलोचना की। दरअसल, बजट सत्र के अंतिम दिन विपक्ष ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। राजद के विधायकों का कहना है कि वक्फ संशोधन विधेयक से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को खतरा है और यह उनके अधिकारों का उल्लंघन करता है। प्रदर्शनकारियों ने 'वक्फ बोर्ड बिल वापस लो', 'नीतीश कुमार जवाब दो' के नारे लगाए और सरकार से इस बिल को रद्द करने की मांग की। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार मुस्लिम समुदाय की संपत्ति पर कब्जा करने की साजिश कर रही है।

सपा प्रमुख ने दिया विवादित बयान, कहा

'गौशाला से दुर्गंध फैलाती है भाजपा, हम इत्र से सुगंध

कन्नौज (आईएएनएस)

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 'गौशाला की दुर्गंध' बनाम 'इत्र की सुगंध' बयान ने सियासी पारे को बढ़ा दिया है। उनके मुताबिक भाजपा गौशाला के जरिए दुर्गंध फैला रही है जबकि उनकी पार्टी इत्र के जरिए सुगंध फैला रही है। कन्नौज पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम ने वर्तमान सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर भी विवादित टिप्पणी की। सपा प्रमुख ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अगर मैं यह कहूं कि मेरे आदर्श योगी जी हैं, तो हम पगला जाएंगे। जरा सोचिए, मुझे किस तरह के कपड़े पहनने पड़ते। हमारे आदर्श कौन हैं? हमारे आदर्श लोहिया जी हैं। हम डॉ. बीआर अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं। हम नेताजी के दिखाए रास्ते पर चलते हैं। हम समाजवादी विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करते हैं। सपा अध्यक्ष ने आगे कहा, "कन्नौज में हमने भाईचारे की खुशबू फैलाई है। दूसरी तरफ भाजपा नफरत की बदबू फैलाती है। मैं कन्नौज के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे भाजपा द्वारा फैलाई गई इस दुर्गंध को दूर करें- कुछ हद तक यह पहले ही साफ हो चुकी है, लेकिन अगले चुनाव में इसे पूरी तरह से हटा दें ताकि कन्नौज का रुका हुआ विकास आगे बढ़ सके।

● हमारे आदर्श लोहिया, अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं हम

इसके बाद अखिलेश ने गौशाला को लेकर विवादित टिप्पणी की। कहा, "भाजपा के लोग दुर्गंध पसंद करते हैं, इसलिए गौशाला बना रहे हैं। हम सुगंध पसंद कर रहे थे, इसलिए इत्र पार्क बना रहे थे। यूपी की योगी सरकार प्रदेश में सांड पकड़ने का काम कर रही है। शराब के ठेकों पर एक बोतल पर एक फ्री वाली स्कीम पर सपा प्रमुख ने कहा कि यह योगी जी का पार्टी टाइम है। हम सभी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी टाइम शुरू किया है।

गौ माता से दुर्गंध आती है, तो वह भूमि ढूंढनी चाहिए जहां सनातन का अपमान हो सके : संबित पात्रा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 'गौशाला की दुर्गंध' बनाम 'इत्र की सुगंध' वाले बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को हिंदुस्तान में रहकर गौ माता से दुर्गंध आती है, तो उसे वह भूमि ढूंढनी चाहिए, जहां सनातन का अपमान हो सके। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "ये सभी पार्टियां सनातन के विरोध में आवाज उठाती रहती हैं और सनातन के विरोध में काम भी करती हैं। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने एक भड़काऊ बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 'भारतीय जनता पार्टी को दुर्गंध पसंद है', इसलिए वह गौशाला का निर्माण करा रही है और 'समाजवादी पार्टी को सुगंध पसंद है, इसलिए हम इत्र बनाते हैं।' मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा था कि भाजपा ने साधु-संतों और मंडलेश्वरों के रूप में सांड छोड़ रखे हैं, ताकि ये सांड घुसकर दूसरे धर्मों के खेत को चर जाएं। एक तरफ जहां अखिलेश यादव को गौ माता में दुर्गंध नजर आती है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पार्टी के नेता को साधु-संतों में सांड नजर आता है। उनके उसी विधायक ने महाकुंभ के विरोध में भी बयान दिया था। उन्होंने आगे सपा-कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा, "यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि इन लोगों को सनातन से लगाव नहीं है और ये सभी सनातन विरोधी हैं।

बघेल के आवास पर सीबीआई रेड मामला छत्तीसगढ़ के सीएम साय बोले-

दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा

रायपुर (आईएएनएस)

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आवास पर पड़े सीबीआई छापे को लेकर स्पष्ट किया कि आरोपी चाहे कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। बघेल ने एक्स पोस्ट में कहा था, 'मेरी अनुपस्थिति में मेरे शासकीय आवास में बिना मुझे सूचना दिए प्रवेश करना पूर्णतः अनाधिकृत है।' इस पर साय ने कहा, "बघेल के पास बोलने को कुछ नहीं है, इसलिए कुछ भी कह रहे हैं। सीबीआई महादेव सट्टा ऐप की जांच कर रही है। सबको पता है कि इस ऐप ने हमारे युवाओं को सट्टे की लत लगाकर उनकी जिंदगी बर्बाद की। इसमें कोई भाजपा-कांग्रेस का सवाल नहीं है। जो भी दोषी होगा, चाहे कोई भी हो, कार्रवाई होगी। किसी को नहीं बख्शा जाएगा। साय बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम से लौटने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही है।

पटना के पुराने म्यूजियम में भीषण धमाका दीवारों में आयी दरार, दरवाजा चकनाचूर

पटना (हि.स.)

पटना के सचिवालय थानाक्षेत्र के पीछे स्थित पुराने पटना म्यूजियम में गुरुवार को भीषण धमाका हुआ है। धमाका के बाद यहां अफरातफरी मच गई। धमाका इतना जोरदार था कि उसकी आवाज आसपास के इलाके में काफी दूर तक गूंजी। धमाके से दीवारों में दरार आ गई और शीशे के दरवाजे भी चकनाचूर हो गए। बताया जा रहा है धमाका यहां रखे पुराने अग्निशमन के सिलेंडरों में हुआ। इसका प्रभाव काफी ज्यादा रहा जिससे इसकी जद में आने वाली दीवार और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गये। पुराने पटना म्यूजियम में कई तरह के निर्माण कार्य होते रहते है। यहीं म्यूजियम के अंदर ही फायर एक्सटिंग्विशर फटने से तेज धमाका हुआ है। धमाके के बाद पूरे कैंपस में धुआं फैल गया, जिससे इसकी भयावहता काफी व्यापक रही। बताया जा रहा है कि फायर एक्सटिंग्विशर मशीन काफी लम्बे समय से यहां बिना काम के पड़ी हुई थी। इनका नियमित मेंटेनेंस का ख्याल नहीं रखा गया था और फायर एक्सटिंग्विशर को बगैर डिफ्यूज किए ही धूप में रखा गया, जिस कारण धमाका हुआ है। अग्निशमन विभाग के कमांडेंट मनोज नट ने बताया है कि फिलहाल कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

बिहार में डॉक्टर तीन दिन की हड़ताल पर, ओपीडी सेवाएं ठप



पटना (आईएएनएस)

बिहार के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने गुरुवार से तीन दिन की हड़ताल शुरू कर दी है। इसके कारण राज्य भर में बाहरी मरीजों के इलाज (ओपीडी) की सेवाएं ठप हो गई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सरकार उनकी वेतन, सुरक्षा और स्टाफ की कमी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। हड़ताल से मरीजों को बहुत परेशानी हो सकती है। खासकर गांवों के मरीजों को, जो सरकारी अस्पतालों पर निर्भर होते हैं। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (बीएचएसए) ने बायोमेट्रिक हाजिरी, प्रशासनिक दबाव और कर्मचारियों की कमी जैसे मुद्दों का विरोध करते हुए हड़ताल बुलाई थी। हालांकि, हड़ताल सिर्फ ओपीडी सेवाओं तक ही सीमित है और आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी। बी एचएसए के प्रवक्ता डॉ. विनय कुमार के मुताबिक, डॉक्टरों की सुरक्षा, वेतन, गृह जिलों में पोस्टिंग और जरूरी सुविधाओं की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कई बार की गई अपीलों का कोई जवाब नहीं मिला है। डॉ. कुमार ने कहा, "सरकार हमारी मांगों पर चुप है, जिससे हमें काम छोड़ने का फैसला करना पड़ा। हमने गुरुवार से तीन दिन की हड़ताल करने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों ने शिवहर की एक घटना का भी जिक्र किया, जहां जिला मजिस्ट्रेट के साथ बैठक के दौरान उनके साथ कथित रूप से बुरा व्यवहार किया गया।

राज्यसभा में गृह मंत्री के खिलाफ कांग्रेस का विशेषाधिकार नोटिस खारिज

नई दिल्ली (आईएएनएस)

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। जयराम रमेश के इस नोटिस को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया। जयराम रमेश का कहना था कि अमित शाह ने राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, सोनिया गांधी पर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। जयराम रमेश ने 25 मार्च को 'आपदा प्रबंधन विधेयक-2024' पर बहस के दौरान गृह मंत्री द्वारा दिए गए कथन का उल्लेख किया था। जयराम रमेश ने गृह मंत्री के उस बयान पर आपत्ति जताई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष कांग्रेस शासन में बना और पीएम केयर मोदी सरकार में बना। कांग्रेस के शासन में एक ही परिवार का नियंत्रण होता था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य होते थे। सरकारी फंड में कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य बनाए गए थे।

इस विषय पर राज्यसभा के सभापति ने गुरुवार को सदन में कहा कि 26 मार्च, 2025 को उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार के प्रश्न का नोटिस प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने हस्ताक्षर के साथ 26 मई की तारीख दी है, जिसे संदर्भ में बदलाव नहीं होने के कारण अनदेखा किया जा सकता है। यह नोटिस जयराम रमेश ने राज्यसभा के नियम-188 के तहत गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष रहीं, राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, सोनिया गांधी पर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। सभापति ने कहा कि यह मामला मीडिया में व्यापक रूप से चर्चा में आया है। अगर अध्यक्ष के पास सूचना भेजी जाती है, जैसा कि बुलेटिन में संकेत दिया गया है और एक दीर्घकालिक परंपरा के तहत इसे प्रचारित नहीं किया जाना चाहिए। आखिरकार, अध्यक्ष या सदन को इस पर निर्णय लेना होता है।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव का दावा, प्रदेश से ड्रग्स को खत्म करके रहेंगे

चंड़ीगढ़। (आईएएनएस)

पंजाब की भगवंत मान सरकार नशे के विरुद्ध अभियान चला रही है। इसे लेकर पंजाब पुलिस द्वारा बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के बीच गुरुवार को डीजीपी गौरव यादव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि नशे के खिलाफ प्रदेश सरकार के अभियान के तहत पंजाब पुलिस भी ड्रग्स सप्लायर के खिलाफ तेजी से कार्रवाई कर रही है। हमने सभी एसएसपी और पुलिस कमीश्नर को निर्देश दिया है कि वह अपने-अपने इलाकों में उन लोगों की पहचान करें जो बड़े पैमाने पर ड्रग्स के सप्लायर हैं।

मुंबई में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को किया गिरफ्तार

मुंबई (आईएएनएस)

देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मुंबई में पुलिस ने पहली बार आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया है। मुंबई की शिवाजी नगर थाना पुलिस के अनुसार, यह सभी बांग्लादेशी पहचान और लिंग बदलकर रहते थे। पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे। ये सभी नागरिक मुंबई में लगभग पांच साल से

रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी कलाकार (नृत्य कलाकार) के रूप में काम करते थे और वैध दस्तावेजों के बिना यहां रह रहे थे। इन आरोपियों ने अपने नाम, पहचान और कुछ मामलों में अपना लिंग भी बदल लिया था, जिससे वे अन्य नागरिकों से अलग दिखते थे।

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

'चैत्र नवरात्रि में सभी मनोकामनाएं होगी पूरी' कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया क्या करें क्या नहीं

● इस साल घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 10:23 बजे से शुरू हो रहा है

नई दिल्ली (आईएएनएस)

चैत्र नवरात्रि के दौरान शुभ समय में घटस्थापना करना अति शुभ माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी। मान्यता है कि नवरात्रि में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना भी पूर्ण होती हैं। इसे लेकर न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत से बातचीत की। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया कि इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन देवी को समर्पित अनुष्ठान घटस्थापना के साथ शुरू होते हैं। शुभ मुहूर्त में घटस्थापना करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पीठाधीश्वर ने घट स्थापना का मुहूर्त भी बताया। उन्होंने कहा, "इस साल घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 10:23 बजे से शुरू हो रहा है। जो लोग उस समय घटस्थापना नहीं कर पाते हैं, वे अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं, जो दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे के बीच है। ऐसे शुभ समय में घट स्थापना करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है और इससे ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है। सुरेंद्रनाथ अवधूत के मुताबिक चैत्र नवरात्रि में शक्ति की उपासना का विशेष लाभ मिलता है। उन्होंने कहा, "इस समय में की गई पूजा-अर्चना का विशेष फल मिलता है। खास बात यह है कि जो भी भक्त इस चैत्र नवरात्रि के दौरान मन में जो भी मुराद लेकर पूजा-अर्चना करते हैं, उनकी सभी मनोकामना मां द्वारा पूरी की जाती है। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन, यानी कि नवमी के दिन, भक्त अनुष्ठान कर व्रत को पूरा करते हैं। कन्या पूजन किया जाता है, जिसके बाद अनुष्ठान का समापन होता है। मुख्य पुजारी के मुताबिक हर साल की तरह इस बार भी कालकाजी मंदिर में नवमी के दिन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि कालकाजी स्थित मंदिर दिल्ली के प्राचीन मंदिरों में से एक है।

पिता ने 4 बच्चों की गला रेतकर हत्या की, बाद में खुद को लगाई फांसी

शाहजहांपुर (आईएएनएस)

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने चार मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद पिता ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल, पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना थाना रोजा क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव की है। बताया जा रहा है कि इसी गांव का रहने वाला राजीव अपने घर में था। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। देर रात किसी समय राजीव ने अपनी बेटी स्मृति (13), कीर्ति (9) प्रगति (7) और बेटे ऋषभ (5) की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के बाद राजीव ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स
Vs
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

दिनांक 28 मार्च शुक्रवार | समय 7:30 बजे से

IPL 2025-अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक
एसआरएच	01	01	00	02
आरसीबी	01	01	00	02
पीके	01	01	00	02
सीएसके	01	01	00	02
डीडी	01	01	00	02
एलएसजी	01	00	01	00
एमआइ	01	00	01	00
जीटी	01	00	01	00
केकेआर	02	02	00	02
आरआर	02	00	02	00

एक नजर

दिल्ली की सब जूनियर कबड्डी टीमों की कप्तानी करेंगे सूरज जट और वंशिका

नई दिल्ली। सूरज जट और वंशिका बिहार के गया में 27 से 30 मार्च तक होने वाली 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली की लड़कों और लड़कियों की टीमों की कप्तानी करेंगे। दिल्ली एमेच्योर कबड्डी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष निरंजन सिंह के अनुसार 12 सदस्यीय टीमों की घोषणा कर दी गयी है। सूरज जट लड़कों के वर्ग में कप्तानी संभालेंगे जबकि लड़कियों की कप्तान होंगी वंशिका। दोनों टीमें इस प्रकार हैं :

लड़के : सूरज जट (कप्तान), मयंक यादव, अनिरुद्ध भारद्वाज, अक्षय, प्रियांशु, आकाश अहिरवार,प्रिंस भारती, मानव छिल्लर, सौरभ, नैतिक मावी, अनुभव सिंह, कन्हैया सिंह यादव

लड़कियां : वंशिका (कप्तान), पायल, दीपांशी, कामिनी, नित्या, डॉली, दीपा खत्री, नसरीन, अंशिका, निधि, स्विता, मुस्कान

दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के महासचिव रामबीर सिंह बिधूड़ी के अनुसार लड़कों के वर्ग में नितिन (मैनेजर) और अंकित कुमार (कोच) तथा लड़कियों के वर्ग में चांदनी (मैनेजर) और शशि (कोच) को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता गया के जी. डी. गोयनका स्कूल, रसूलपुर में आयोजित होगी।

न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले लगा झटका

वेलिंग्टन। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लाथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गए है। लाथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। लाथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है।

'रनों की बरसात' इतने खिलाड़ियों ने लगाई हॉफ सेंचुरी, इसमें 8 भारतीय, 7 विदेशी

15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई इस आइपीएल में

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाई।

नई दिल्ली(आईएएनएस)। आईपीएल 2025 में गेंदबाजों पर कहर बन कर टूट रहे हैं बल्लेबाज। एक दो मैच को छोड़ दिया जाए तो सारे मैच हाई स्कोरिंग रहे हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक अलग-अलग टीमों से कुल 15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई। इसमें 8 भारतीय बल्लेबाज हैं, तो वहीं 7 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और संजू सैमसन, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर, गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे, दिल्ली कैपिटल्स के लिए आशुतोष शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ हैं।

ध्रुव जुरेल 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है।

आरसीबी के सलामी बल्लेबाज **कोहली**

चेन्नई सुपर किंग्स के **ऋतुराज**

संजू सैमसन **RR**

श्रेयस अय्यर **KKR**

अजिंक्य रहाणे **KKR**

आशुतोष शर्मा **DD**

चलिए विस्तार से जानते हैं

इन खिलाड़ियों के बारे में। राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपने पहले मैच में ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हाफ सेंचुरी लगाई थी। इस टूर्नामेंट में ध्रुव जुरेल ने 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 97 रनों की शानदार पारी खेली। इस टूर्नामेंट में उन्होंने इसी के साथ अपनी पहली हाफ सेंचुरी भी लगाई। 2 मैच में क्विंटन डी कॉक के नाम कुल 101 रन है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी जड़ी। उनके नाम 97 रनों का सर्वाधिक स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स के लिए संजू सैमसन ने हाफ सेंचुरी जड़ी है। 2 मैच में उनके नाम 79 रन हैं। सर्वाधिक स्कोर 66 रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने अपने पहले मैच में दिल्ली के खिलाफ शानदार 75 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रनों की शानदार पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में पहली हाफ सेंचुरी लगाई। रहाणे ने दो मैच में 74 रन बनाए। 56 उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ताबड़तोड़ 72 रनों की पारी खेली। सर्वाधिक स्कोर उनका 72 रहा है।

शार्दुल ठाकुर के बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की आंधी चली

लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में ही हराया

नई दिल्ली। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन में जीत का स्वाद चख लिया है. लखनऊ टीम ने अपना दूसरा मुकाबला गुरुवार (27 मार्च) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 5 विकेट से जीता। यह मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद टीम ने 191 रनों का टारगेट दिया। जवाब में लखनऊ टीम ने 4 विकेट गंवाकर 16.1 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इस पारी में निकोलस पूरन ने 18 और मिचेल मार्श ने 29 गेंदों पर फिफ्टी जमाई। उनके अलावा तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर भी हीरो रहे, जिन्होंने 4 विकेट झटके। लखनऊ के लिए पूरन ने 26 गेंदों पर 70 रनों की आतिशी पारी खेली। इस दौरान 6 छक्के और इतने ही चौके जमाए। जबकि मिचेल मार्श ने 31 गेंदों पर 52 रन ठोके। इस दौरान उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके लगाए। आखिर में कप्तान ऋषभ पंत ने 15 और अब्दुल समद ने नाबाद 22 रन बनाए।

चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगा आरसीबी

एजेंसी

चेन्नई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपर किंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपर किंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था।

विकेटकीपिंग नहीं करूंगा तो मैदान पर बेकार हो जाऊंगा : धोनी

नई दिल्ली। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने कहा कि अगर वह स्टंप के पीछे की जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तो मैदान पर खुद को 'बेकार' महसूस करेंगे, क्योंकि विकेटकीपिंग करते समय वह खेल को अच्छी तरह से समझते हैं। 43 वर्षीय धोनी सीएसके के लिए विकेटकीपिंग करते रहेंगे क्योंकि फ्रैंचाइजी ने इस अनुभवी खिलाड़ी पर बहुत भरोसा दिखाया है। धोनी आईपीएल की शुरूआत से ही सीएसके से जुड़े हुए हैं, सिवाय दो सीजन के जब टीम को टूर्नामेंट से प्रतिबंधित कर दिया गया था और उन्होंने टीम को 5 खिताब और 10 फाइनल तक पहुंचाया। धोनी ने कहा, 'अगर मैं विकेटकीपिंग नहीं कर रहा हूं, तो मुझे लगता है कि मैं मैदान पर बेकार हूं क्योंकि यहीं पर मैं खेल को सबसे अच्छे तरीके से पढ़ सकता हूं।

गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

ग्रेटर नोएडा। गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा ने बुधवार को विपरीत अंदाज में जीत के साथ 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है । मौजूदा मिनिममवेट (45-48 किग्रा) चैंपियन मीनाक्षी (एआईपी) अजेय रहीं। उन्होंने दिल्ली की संजना को तीसरे राउंड में आरएससी जीत के साथ हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, लाइट फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) खिताबधारी अनामिका हुड्डा (आरएसपीबी) को अब तक की सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। मीनाक्षी अब सिक्किम की यासिका राय से भिड़ेंगी, जबकि अनामिका का सामना हरियाणा की तमन्ना से होगा। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है। इसमें एक मिनट के ब्रेक के साथ तीन-तीन मिनट के राउंड शामिल हैं। जैस्मीन लेम्बोरिया (एसएससीबी) ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित करते हुए एक और आरएससी जीत हासिल की। इस बार उन्होंने फेदरवेट (54-57 किग्रा) सेमीफाइनल में पंजाब की विशाखा वर्टिया के खिलाफ राउंड 3 में हराया।

मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है: मोईन अली

गुवाहाटी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

भारत में 284 अरबपति, कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपये : हुरुन लिस्ट

नई दिल्ली। भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 284 हो गई है, जिनकी कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपये है। गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट फॉर 2025 से पता चलता है कि देश के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अकेले देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 90 अरबपति हैं। भारत वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में बना हुआ है, अरबपतियों की संख्या के मामले में देश तीसरे स्थान पर है, जो केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। अमेरिका 870 अरबपतियों के साथ इस लिस्ट में टॉप पर है। हुरुन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 175 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की संपत्ति में या तो गिरावट आई है या कोई बदलाव नहीं हुआ है।

नए यूएस ऑटो टैरिफ से जेएलआर निर्माता टाटा मोटर्स के शेयर धराशाई

मुंबई। दुनिया के दिग्गज लग्जरी कार ब्रांडों में से एक जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की प्रवर्तक कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर में गुरुवार को 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूएस में आयातित कारों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाना है। कारोबारी सत्र में टाटा मोटर्स का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 5.47 प्रतिशत या 38.75 रुपये की गिरावट के साथ 669.5 पर बंद हुआ। ट्रंप की यह घोषणा विभिन्न देशों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने की उनकी योजना का हिस्सा है। नए कार टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होने वाले हैं, जिससे अमेरिकी कार कंपनियों के लिए चिंताएं पैदा हो गई हैं।

देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी 'इनोवेशन' : पीयूष गोयल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024 कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि शून्य की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के

रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा।

रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, हमारे अमृत काल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, आरएंडडी की एक महत्वपूर्ण होगी। हम नई टेक्नोलॉजी और विचारों का एक पावर हाउस बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

गोयल ने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) के माध्यम से वैज्ञानिक प्रगति का समर्थन करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों की घोषणा की, जो सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, 'एनआरएफ' हितधारकों के बीच विज्ञान और टेक्नोलॉजी इनोवेशन के लिए उत्साह को बढ़ावा देगा।

मार्च में तेजड़ियों की वापसी के बाद अप्रैल में भी तेजी जारी रहने की उम्मीद

नई दिल्ली। मार्च का महीना घरेलू शेयर बाजार के लिए शानदार वापसी वाला महीना साबित होता हुआ नजर आ रहा है। स्टॉक मार्केट ने लगातार 5 महीने तक गिरावट का सामना करने के बाद इस महीने जोरदार वापसी की है। इस महीने के कारोबार में शेयर बाजार में अभी तक 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि अप्रैल महीने में भी शेयर बाजार में मजबूती का माहौल बना रह सकता है। ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट में अप्रैल महीने के सीजनल ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा गया है कि मार्च के बाद अप्रैल के महीने में भी बाजार में तेजी का रुख जारी रह सकता है। जेएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 सालों के आंकड़ों की समीक्षा करने में पता चलता है कि अप्रैल के महीने में शेयर बाजार ने 7 बार पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 25 में राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव के लिए मंजूर किए 9,599 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 25 में राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव के लिए 9,599 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने गुरुवार को दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसमें 2,842 करोड़ रुपये के मूल्य के 17,884 किलोमीटर की लंबाई के शॉर्ट-टर्म मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एसटीएमसी) और 6,757 करोड़ रुपये के मूल्य के 6,118 किलोमीटर की लंबाई के परफॉरमेंस-बेस्ड मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (पीबीएमसी) शामिल हैं। लोकसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के रखरखाव को प्राथमिकता दी है और एक जवाबदेह रखरखाव एजेंसी के माध्यम से सभी राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के रखरखाव और मरम्मत को सुनिश्चित करने के लिए एक सिस्टम विकसित किया है। वर्तमान में देश में 8.11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 31,187 किलोमीटर लंबाई में 1,310 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। वहीं, एसटीएमसी कार्य में अनुबंध सामान्यतः 1-2 वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं, जबकि पीबीएमसी कार्य में अनुबंध लगभग 5-7 वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं।

अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार कर हरे निशान में बंद शेयर बाजार

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए नए टैरिफ को दरकिनार करते हुए भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 317.93 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,606.43 और निफ्टी 105.10 अंक या 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,591.95 पर था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयात होने वाली सभी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। हालांकि, बाजार पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। लार्जकैप के साथ मिडकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 193.25 अंक या 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,839.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 183.10 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,119.85 पर बंद हुआ।

आयकर कार्यालय 29-31 मार्च को खुले रहेंगे: सीबीडीटी

नई दिल्ली। आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, ₹लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।₹ बयान के मुताबिक करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सीबीडीटी के जारी अधिसूचना के मुताबिक देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय सप्ताहांत और ईद-उल-फितर के बावजूद खुले रहेंगे, जो सोमवार को पड़ सकता है। दरअसल 31 मार्च, 2025 चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतिम दिन भी है। इसलिए इस वित्त वर्ष से संबंधित सभी सरकारी भुगतान और निपटान उसी दिन तक पूरे कर लिए जाने चाहिए।

चालू सीजन का सबसे गर्म दिन बीता

तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड, सताने लगी गर्मी

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। एक बार फिर से तापमान में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि के साथ गर्मी ने असज स्थिति पैदा कर दी है। जैसा कि बताया गया। बताया गया कि गुरुवार को चालू सीजन का सबसे गर्म दिन बीता। तापमान अधिकतम 42 और न्यूतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि बीते कल बुधवार और आने वाले दिन शुक्रवार को तापमान 40-40 बताया गया है। हालांकि शनिवार और रविवार को इसमें गिरावट का अनुमान लगाया गया है। फिर भी तब क्रमशः 35 और 37 डिग्री सेल्सियस तापमान

रहने का अनुमान दशार्या गया है। ऐसे में बीते कुछ दिनों के बदले मौसम में स्थिति सामान्य और सुकूनदायक रहने के बाद अचानक वातावरण में तेज बदलाव ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। जबकि बीते दिनों की बारिश और तेज हवाओं से चालू माह के शुरूआती दौर की गर्मी से काफी राहत मिल गई थी। मगर इसके बाद फिर से अप्रत्याशित रूप से बढी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढा दी। जानकारी के अनुसार 30 मार्च तक ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। जैसा कि मौसम पूवार्नुमान में भी बताया गया है। ऐसे में मौसम में इस उतार-चढ़ाव ने मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों की भागदौड़ बढा दी है। पशुपालकों का कहना है कि मैदानी और जंगली इलाकों में बारिश से घास और पेड़ पौधों में हरियाली के लौट आने से मवेशियों के लिए चारा की कमी दूर हो गई थी। मगर अब तापमान के तेजी से बढने के साथ लू चलने लगा, तो, इससे मवेशियों के चारा और पानी को लेकर विपरीत स्थिति पैदा हो जाएगी। वहीं, किसानों की मानें, तो रबी फसलों खासकर, गेहूं, अरहर, चना और मसूर की कटनी करना जरूरी हो गया है। तभी साधारण उत्पादन मिलने की संभावना बनी रहेगी। वैसे, भी मौसम की बेरुखी की मार से फसलों में पुष्ट दाने नहीं लग पाए हैं। इसे देखते हुए इसमें की गई पूंजी निवेश और मेहनत का फल नहीं प्राप्त होने को लेकर पहले से ही उनकी चिंता बनी हुई है ही।

युवक की मृत्यु से सदमे में परिजन

रमना। सिलीदाग पंचायत के 44वर्षीय युवा की मौत से परिजन सदमे में है। मृतक के तीन पुत्र एवं एक लड़की है सभी नाबालिक बच्चे है मृत्यु की खबर सुनकर ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। जानकारी अनुसार दिनेश कुमार पिता बालकेसर राम उत्तर प्रदेश के हिंडालको में मजदूरी का काम करके परिवार का पालन पोषण करते थे। गत माह से मृतक दिनेश कुमार के एक पैर पतला हो गया था, जिससे उन्हें चलने फिरने में कठिनाई होने लगी थी। इसका ईलाज मेदनीनगर एवं राँची के चिकित्सकों से कराये लेकिन बेहतर ईलाज नहीं हो सका और स्थिति जस के तस बनी रही इसके बाद मेराल प्रखंड के संगबरिया में भी ईलाज कराए, इसके बाद कुछ दिन ठीक-ठाक थे।

बस व बाइक की टक्कर में पिता की मौत, पुत्र घायल

पलामू। डालटनगंज-औरंगाबाद नेशनल हाईवे पर छतरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तेलाडी मोड़ पर एक यात्री बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, इस हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में बाइक सवार महेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वह तेलाडी गांव निवासी थे। इस घटना में महेश के 22 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंताजनक बतायी गयी है। महेश यादव अपने बेटे के साथ छतरपुर से समरसेबल मोटर खरीदकर घर लौट रहे थे। उनके घर में पेयजल की समस्या थी। गढ़वा से आ रही अरविंद नामक यात्री बस ने तेलाड़ी मोड़ पर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक वहां से फरार हो गया। वह बस को 10 किलोमीटर दूर छतरपुर थाने में छोड़कर भाग निकला।

नेतरहाट के मुखिया व युवा नेता शशि पन्ना ने सीएम से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा प्रस्ताव

मुखिया ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर दिया जोर

- *मुख्यमंत्री से विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग*
- *ग्रामीणों को विकास कार्यों से मिलेगी राहत*

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ प्रखंड और लातेहार जिला विभिन्न समस्याओं को लेकर नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया और युवा नेता शशि पन्ना ने हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखा। लातेहार जिला में भूमि सर्वे को प्रारंभ करने की रखी मांग। युवा नेता शशि पन्ना ने लातेहार जिला में हो रहे भूमि संबंधित समस्याओं को मुख्यमंत्री

के समक्ष अवगत करवाया एवं पिछला आरएस सर्वे में त्रुटियों की जानकारी दी। शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री का ध्यानाकृष्ट किया कि वर्ष 2019 में ही लातेहार जिला में भूमि सर्वे करने हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किया गया है परन्तु अब तक प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सर्वे कार्य संबंधित विभाग से प्रारंभ की जाएगी।

मुखिया राम विष्णु नगेसिया ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा, मेरी कोशिश है कि पंचायत के हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान हो। जेपीएससी एवं जेएसएससी में लंबित परीक्षाओं को जल्द पूर्व कर रिजल्ट प्रकाशन करने तथा नय विज्ञापन जल्द जारी करने की आग्रह की।

युवा नेता शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री महोदय से जल्द से जल्द जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं को पूर्ण करने की आग्रह की तथा छात्रों की भावनाओं को अवगत करते हुए बताया कि युवाओं को इस सरकार से बहुत उम्मीद है, रिक्त पदों पर विज्ञापन निकाल जल्द परीक्षा का आयोजन किया जाए ताकि छात्रों की भविष्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। राज्य गठन के बाद से ही रेगुलर परीक्षा नहीं होने के वजह से बहुतों की उम्र सीमा खत्म हो रही अतः मुख्यमंत्री से उम्र सिम में छूट देने की भी मांग की।

मुखिया ने मुख्यमंत्री से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को जल्द शुरू करने और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, सड़कों की मरम्मत और जल आपूर्ति परियोजनाओं पर काम तेज करने पर जोर दिया।

मुखिया ने कहा कि जल्द ही पंचायत में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे लगातार सरकार से संपर्क में रहकर पंचायत के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर नेतरहाट मुखिया श्री राम बिशुन नगेशिया, युवा नेता शशि पन्ना एवं सामाजिक कार्यकर्ता आमिल दहंगा शामिल थे।

रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

अफवाह से बचें, सोशल मिडिया पर रहेगी प्रशासन की नजर : एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी समारोह तथा ईद त्योहार का शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बिहार झारखंड के प्रशासनिक अधिकारी तथा रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारी सहित हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए । लोगो को संबोधित करते हुए छतरपुर एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आशिष गंगवार ने कहा कि सभी समुदाय भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं।पूजा के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए वोलेंटियर तत्पर रहे। प्रशासन सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी। साथ ही जुलूस से पहले मार्गों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को अविलंब दे। वहीं औरंगाबाद एसडीएम संतन कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी और ईद दोनों त्योहार भाईचारे व खुशियों का प्रतीक है। त्योहार मनाते समय यह ध्यान रहे की शांति व्यवस्था कायम रहे। वहीं छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। पुलिस हर स्थिति पर कड़ी नजर रखेगी। वहीं लोगों ने नवरात्र के

ईद व रामनवमी को लेकर ऊंटारी रोड़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

ऊंटारी रोड़। पलामू जिले के उंटारी रोड परिसर में गुरुवार को स्थानीय गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधि बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक मे अंचलाधिकारी बासुदेव राय ने कहा कि ईद और रामनवमी पर्व सरकारी नियमानुसार शातीं ढंग से मनाये और मिलजुल कर मनाये सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को शेयर नहीं करें। इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा की त्योहार मानना किसी को मना नहीं है, पुलिस प्रशासन आपके साथ है। एक दूसरे की भावना को आहत नहीं करते हुए भाइचारे के साथ त्योहार मनाएं, मंच संचालन उप प्रमुख खोखन राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप उपस्थित, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण भगत, थाना प्रभारी प्रदीप दुबे, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, समाज सेवी कृष्णा पाल, मुखिया रामबचन राम, अरुण वर्मा, पारस कुमार, साकेत पासवान के साथ उपस्थित हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने अपने विचार रखें।

दौरान सड़क पर मीट मुर्गा दुकान का गंदा पानी फेंकने पर प्रतिबंध लगाने, शायं में तथा जुलूस के समय यातायात पर रोक लगाने तथा अलविदा व ईद की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनाती की मांग किया। बैठक में औरंगाबाद सदर एसडीपीओ संजय पांडेय, हरिहरगंज बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी,सीओ मनीष कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ,अम्बा, कुटुंबा थानाध्यक्ष के अलावा पूजा समिति अध्यक्ष बल्लू बलराम, ओमप्रकाश अकेला, भोला गुप्ता, समाजसेवी राजीव रंजन, अतहर हुसैन, इरफान शाहिद, मुस्लिम अंसारी, अनिल पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

225 बोतल विदेशी शराब के साथ टोयोटा इटियॉस कार, दो गिरफ्तार

हैदरनगर। हैदरनगर पुलिस ने गुरुवार की अल सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब से लदी टोयोटा इटियॉस कार को भी जब्त किया है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर 225 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। जो 750 एमएल की सभी बोतलें ब्लेंडर व रोयल स्टेज व्हिसकी पाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त बरामद सभी शराब की बोतलों पर ओनली सेल फॉर हरियाणा अंकित है। इसके साथ ही शराब का परिवहन कर रहे वाहन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध किसी भी कारोबार के प्रति सख्ती के साथ छापेमारी अभियान लगातार जारी है। इन कारोबार से जुड़े लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कीमत पर अवैध शराब का व्यवसाय सहित इसके उत्पादन व बिक्री फलने फूलने नहीं दिया जायेगा। इस पर नियंत्रण किये जाने से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों सहित पंचायत प्रतिनिधियों से विधि व्यवस्था कायम रखने में संबधित क्षेत्र से कारोबार पर रोकथाम कराने में पुलिस को सहयोग करने का पुनः सुझाव दिया है।

नगर निगम ने चलाया पानी बचाओ अभियान

नवीन मेल संवाददाता

पलामू। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम मेदिनीनगर की ओर से जलापूर्ति के पोषक क्षेत्र में गुरूवार को जल जागरूकता और पानी बचाओ अभियान चलाया गया।

निगम की टीम ने पानी सप्लाई के समय लोगों के बीच जाकर जागरूक किया गया और समझाया गया कि आने वाली भीषण गर्मी में पानी की समस्या से निपटने के लिए सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके लिए स्टैंड पोस्ट में और अपने घरेलू कनेक्शन में नल लगाए। पानी की खपत कम करे। नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता के नेतृत्व में सुबह में पानी आपूर्ति के समय यह अभियान चलाया गया। अक्सर देखा गया कि लोग जलापूर्ति के समय गाड़ी धोते हैं। रोड में पानी डालते हैं तथा गार्डेनिग करते हैं, जिससे दूसरे मुहल्ले के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है। लोग बूंद बूंद के लिए नल के पास घंटों खड़े रहते हैं। वैसे लोगों को भी नगर निगम की ओर से चेताया गया जो लोग अवैध कनेक्शन से, मोटर लगाकर और स्टैंड पोस्ट से पानी की चोरी करते हैं। पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही के साथ साथ अर्थदंड भी लगाया जाएगा। वैसे लोग जो अपने निजी बोरिंग से पानी का दुरुपयोग करते हैं, उनके लिए भी दंड का प्रवधान है।

निगम ने स्टेशन, आईटीआई, बाइपास और साहित्य समाज चौक पानी टंकी से जलापूर्ति के पोषक क्षेत्र बेलवाटिका, कान्दू मुहल्ला, रेडमा, कुम्हारटोली, बाइपास रोड, बारहलोटा, सिंचाई कॉलोनी, आबादगंज, सुदना, गायत्री मंदिर रोड, साहित्य समाज चौक, पुलिस लाइन रोड, हमीदगंज, नन्दलाल इंस्टिच्यूट रोड, विष्णुदेव दुबे रोड में जागरूकता एवं चेतावनी अभियान चलाया ।

एसडीएम ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने कही। वे गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। आपूर्ति विभाग, पलामू की ओर से पांच जागरूकता रथ का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता रथ के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे, खाद्यान्न /सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। इस मौके पर प्रवीण कुमार, अजीत चौधरी, उमेश पासी, लल्लू कश्यप के अलावा कई लोग मौजूद थे।

मादक पदार्थों की तस्करी व खेती की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

जिले में अफीम, गांजे की अवैध खेती को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर नियंत्रण, पहचान व विनष्टीकरण, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जन-जागरुकता संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मादक द्रव्यों की बिक्री, सेवन, तस्करी, इसका दुरुपयोग और संलिप्त लोगो के विरुद्ध कार्रवाई के बिन्दु पर उपस्थित सभी सदस्यों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री व उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखें। मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं

उपभोग इत्यादि पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर पर की गई कार्रवाई की थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई।

उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अफीम की खरीद बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने हेतु सभी थाना प्रभारी , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर सतत निगरानी रखने एवं ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने को लेकर निर्देशित किया। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों आदि का सेवन बहुत ज्यादा घातक होता है। जिले में ड्रग्स की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव , वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

पेज एक के शेष

अनिल टाइगर की...

ज्ञात हो कि रांची के कांके चौक पर बुधवार को भाजपा नेता व जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने खदेड़कर मुठभेड़ में जांघ में गोली मार दी और गिरफ्तार कर लिया था। इधर, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने श्मशान घाट पहुंचकर अनिल टाइगर को श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता अनिल टाइगर का अंतिम संस्कार गुरुवार को कांके स्थित गागी गांव में किया गया। उनके पुत्र सूरज महतो ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

पिस्का मोड़ पर डटे रहे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री : बंद के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पंडरा मंडल और सुखदेव नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरे और पिस्का मोड़ के समीप सड़क पर बैठकर विरोध जताया। इससे पहले संजय सेठ रातू रोड तक गए और सभी व्यवसायियों, दुकानदारों और अन्य लोगों से बंद को समर्थन करने की अपील की। सुबह से छह घंटे तक रक्षा राज्य मंत्री पिस्का मोड़ पर सड़क पर बैठे रहे। सड़क जाम के दौरान संजय सेठ ने कहा कि यह जाम रांची में लचर हो चुकी कानून व्यवस्था के खिलाफ जनआंदोलन की शुरूआत है। यदि अभी शासन और प्रशासन ने रांची की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की, तो आंदोलन की धार और तेज होगी। बंद के समर्थन में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष वरुण साहू सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सड़कों पर उतरे।

इन नेताओं को लिया गया हिरासत में : बंद के दौरान भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, भैरव सिंह, शाशंक राज, आजसू के वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर, कुमुद वर्मा सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो को अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन करते हिरासत में लिया गया।

जुमला नहीं है...

सीएम सोरेन ने कहा कि इस देश का बहुत बड़ा विषय आस्था है। विपक्ष आस्था के कमजोर नस को पकड़कर सबके भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। ऐसा ही वाक्या कुंभ मेला का है, जहां स्नान करने अध्यक्ष भी गए थे। हमलोगों को कुंभ जाने की इच्छा हुई, मगर हिम्मत नहीं जुटा सके। हमारे विपक्ष के लोगों ने कुंभ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को आईसीयू में डाल दिया है। जिस तरह से जातियों का बंटवारा किया है, शांति से किसी को जीने नहीं देंगे। अब तो होली और दिवाली में भी दंगे होने लगे हैं। देश में वर्गीकरण नहीं होता, तो सभी हिंदुस्तानी होते। उन्होंने कहा, हमलोग सकारात्मक राजनीति में विश्वास करते हैं। विपक्ष ने राज्य को दिशा देने के नाम पर भटका दिया और खुद दलदल में जाकर गिरे। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि 58 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। यह छोटी बात नहीं। मंईयां सम्मान जुमला नहीं है, हकीकत है। इससे गांवों की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। इसके लिए 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होती है। पहले पेंशन के नाम पर लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थीं, दलाल सक्रिय रहते थे। दलालों के चक्कर में लोग अपनी जमा पूंजी भी गंवा देते थे। आर्थिक असमानता में इतनी तेजी आई है कि कभी-कभी मुझे घबराहट होने लगती है। इतने तरह के टैक्स आम जनता के उपर डाल दिए गए हैं कि जनता चित्कार कर रही है। एटीएम के चार्जेज में वृद्धि की गई है और केंद्र सरकार ने 8000 करोड़ की उगाही की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई के लिए अलग डायरेक्टरी की स्थापना कर रहे है। झारखंड को हरा-भरा रखने के लिए 5000 एकड़ में फलादार वृक्ष लगाने की योजना है।

सदन में न पक्ष...

अल्पसूचित 246 और तारांकित 851 प्रश्न पूछे गए : विस अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने बताया कि इस सत्र में कुल 1195 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिनमें से स्वीकृत अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 246 एवं तारांकित प्रश्नों की संख्या 851 है। इनमें से 59 अल्पसूचित तथा 66 तारांकित प्रश्न सदन में उत्तरित हुए। विभागों से 1074 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए तथा 23 प्रश्नों का उत्तर विभाग के पास लंबित हैं। साथ ही 98 स्वीकृत अतारांकित प्रश्नों का विभाग के पास लंबित हैं। 464 शून्यकाल स्वीकृत हुए। 95 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से 62 ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब मिला तथा 30 लंबित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न और ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सत्र में कुल 83 निवेदन सदस्यों से प्राप्त हुआ, जिसे निवेदन समिति को भेजा गया है। विनियोग विधेयक सहित पांच विधेयक सभा में पुरःस्थापित हुआ और सदन की ओर से पारित किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के इस पहले बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई थी, जिसमें राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की ओर से गरीबों, वंचितो, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के हक और अधिकार दिलाने में राज्य सरकार की प्राथमिकता की बात कही। वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार चार सौ करोड़ का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर सामग्री को लेकर कुछ सदस्यों की शिकायत है, उसे भी आसन महसूस करता है और मानता है कि सदस्यों के उठाये गए प्रश्नों का सटीक और तार्किक उत्तर विभागों की ओर से पटल पर रखे जाएं। उन्होंने सत्र के सफल संचालन में सचिवालय, विधानसभा, सचिवालय के पदाधिकारी, कर्मी तथा मीडिया के प्रति आभार प्रकट किया।

मानव तस्करी के...

ये सारी कार्रवाई नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर की गई। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल अफसर नचिकेता ने जानकारी दी कि साहिबगंज जिले के दो मानव तस्कर पूनम मरांडी और ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनसे बच्चों से संबंधित मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह और निर्मला खलखो के प्रयास से इन सभी नाबालिगों को दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों से रेस्क्यू किया गया है। विदित हो कि नई दिल्ली में झारखंड भवन में स्थित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को झारखंड में अब तक पुनर्वासित किया गया है और उन्हें झारखंड सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं निदेशक किरण कुमारी पासी द्वारा सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आते ही तुरंत ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना किया जाए। अग्रतर कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए। साथ ही, इन बच्चों की सतत निगरानी भी की जाए। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो ने बताया कि हमारा एक टोल फ्री नंबर 10582 है। इसके माध्यम से भी झारखंड से तस्करी के शिकार बच्चों की सूचना प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि इन रेस्क्यू किए गए नाबालिगों की काउंसलिंग की जाएगी। उनके घर का एड्रेस निकाला जाएगा और संबंधित जिले के सीडीपीओ के माध्यम से बच्चों का होम वेरिफिकेशन कराया जाएगा। फिर इन बच्चों को साहिबगंज, गोड्डा, खूंटी, जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा पुनर्वासित किया जाएगा।

चतरा में रोजगार...

मेढ़बंदी का कार्य मनरेगा योजना से पास हुआ है। उन्होंने मेढ़बंदी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जब वे डिमांड लगाने रोजगार सेवक उमेश कुमार के पास गए, तो उन्होंने कहा कि आपके एवं आपके परिवार के सदस्यों की ओर से की गई सभी मेढ़बंदी योजना का डिमांड लगा देंगे। लेकिन, इस काम के लिए 26 हजार रुपए देने होंगे। आग्रह विनती करने पर मामला 5000 रुपए में तय हुआ। एसीबी ने मामले की जांच कराई, तो इसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने इटखोरी प्रखंड के नवादा और धनखेरी पंचायत के रोजगार सेवक उमेश कुमार को पांच हजार रुपए नकद लेते गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी इटखोरी बाजार के महाराजा फर्नीचर दुकान से हुई है। एसीबी हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि गिरफ्तार रोजगार सेवक चतरा सदर थाना क्षेत्र के चौर मोहल्ला का रहने वाला है।

लोहरदगा में रजिस्ट्री...

वहां कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार ने उनसे 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी, जिसे देने से आलीमुद्दीन ने इनकार कर दिया। आलीमुद्दीन ने इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई। आवेदन का विधिवत सत्यापन करने के बाद निबंधन कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार पर लगे आरोपों को सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने गुरुवार को निबंधन कार्यालय लोहरदगा में दिलीप कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए रांची ले जाया गया।

विदेश में रह...

मालूम हो कि साल 2010 के जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 1950 20ए में संशोधन करते हुए एनआरआई को सीमित मतदान का अधिकार दिया गया था। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में महज 2958 एनआरआई ने भारत आकर मतदान किया था। जबकि, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय 1 लाख एनआरआई वोटर के रूप में रजिस्टर थे।

पुतिन भारत आ रहे हैं, यात्रा की तैयारियां चल रही हैं : लावरोव



मॉस्को (आईएएनएस)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच राजनीतिक वार्ता 'गतिशील रूप से विकसित हो रही है' और इसमें यह तथ्य प्रमुख है कि मॉस्को और नई दिल्ली के 'उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर मिलते-जुलते विचार हैं।' लावरोव ने कहा, "हमारे देशों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है। यह कहा जा सकता है कि वे समय की कसौटी पर एक से अधिक बार खरे उतरे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'रूस और भारतः द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नए एजेंडे की ओर' में भाषण दे रहे थे। इस सम्मेलन को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी संबोधित किया।

यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए

सना (आईएएनएस)। यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, तीन हवाई हमले सना के दक्षिणी हिस्से में सानहान जिले के जरबन क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशायश जिले के अल-जुमायमा क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, साथ ही दो अन्य हवाई हमले सना के उत्तरी हिस्से में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाकर किए गए।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 जारी

भारत में शीर्ष पर हैं अदाणी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़ी | टेस्ला के सीईओ मस्क फिर बने दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी संपत्ति बढ़ाने में देश के सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में दी गई। 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में गौतम अदाणी की कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत या एक लाख करोड़ रुपए बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इससे अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं, उन्होंने पांच साल की अवधि में चौथी बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष 10 अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए कम होकर 8.6 लाख करोड़ रुपए रह गई है। इसकी वजह उनकी कंपनियों पर बढ़ता हुआ कर्ज है। हालांकि, संपत्ति में कमी के बाद भी मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। 'हुरुन



ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में 62 वर्षीय गौतम अदाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और वैश्विक स्तर पर 18वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने अपने करियर की शुरुआत एक कमोडिटी ट्रेडर के रूप में की थी और फिलहाल वे रिन्यूएबल एनर्जी, पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, माइनिंग, पावर जनरेशन, मीडिया और सीमेंट सेक्टर में कारोबार करने वाले अदाणी ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस लिस्ट में एचसीएल टेक की रोशनी नादर 3.5 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला हैं। इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला उद्यमी हैं, जिन्होंने दुनिया की शीर्ष 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाई है। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के दिलीप सांघवी 2.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उनके बाद आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड के साइरस एस पूनावाला हैं, जिनकी संपत्ति 2 लाख करोड़ रुपए है। बजाज इंडिया के नीरव बजाज (1.6 लाख करोड़ रुपए) आठवें स्थान पर हैं। इसके बाद आरजे कॉर्प के रवि जयपुरिया और डी-मार्ट के मालिक राधाकिशन दमानी हैं, जिनकी संपत्ति 1.4 लाख करोड़ रुपए है।

अरबपतियों की संख्या में हुई है 5 प्रतिशत की वृद्धि

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में कुल 71 देशों के 3,442 अरबपतियों को शामिल किया गया है, जो पिछले साल में 3,278 अरबपतियों की तुलना में अधिक है। अरबपतियों की संख्या में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनकी कुल संपत्ति में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बलूचिस्तान में बस व घर पर हमला, 13 की हुई मौत

● बीएलए के लड़ाकों ने उड़ा दी है पाकिस्तान सरकार की नींद

इस्लामाबाद (हि.स.)

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने पाकिस्तान की संघीय सरकार की नींद उड़ा दी है। लड़ाके मुल्क के बलूचिस्तान में सरकार से सीधा मोर्चा ले रहे हैं। आज बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे अशांत प्रांत है। बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति के बीच प्रांत में बस यात्रियों और एक घर को निशाना बनाकर किए गए दो अलग-अलग हमलों में 13 और लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यूसुफ बंगहर ने बताया है कि ग्वादर में हमलावरों ने छह बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। सोहबतपुर में एक घर में हमला कर परिवार के सात सदस्यों की जान ले ली गई।

पाकिस्तान में बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की हो रिहाई, शांतिपूर्ण

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने बुधवार को पाकिस्तान से अपील की कि वह बलूचिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को रिहा करे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर होने वाला दमन रोकें। मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं महरंग बलूच, सम्मी दीन बलूच और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के कारण गिरफ्तार किए गए अन्य मानवाधिकार रक्षकों की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बलूच समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने वाले नेटवर्क बीवाईसी के खिलाफ पाकिस्तान पुलिस की बढ़ती जा रही क्रूर कार्रवाइयों पर ध्यान दिलाया।

दुष्कर्म मामले में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के संस्थापक सदस्य को 40 साल की सजा

ब्यूरो

● बालात्कार से पहले महिलाओं को नशीले पदार्थ वाली शराब या आइसक्रीम खिलाता था

● पुलिस को बेहोश महिलाओं के साथ यौन क्रिया करते हुए उसके 47 वीडियो मिले, जो उसके पीड़ितों के नाम वाले फ़ोल्डरों में संग्रहीत थे

बालात्कार का वीडियो बनाता था

नई दिल्ली । सिडनी की अदालत ने पांच कोरियाई महिलाओं के साथ बलात्कार मामले में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के संस्थापक बालेश धनखड़ को 40 साल की सजा सुनाई है। सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ द भारतीय जनता पार्टी' के संस्थापक सदस्य बालेश धनखड़ को पांच कोरियाई महिलाओं के साथ बलात्कार के लिए 40 साल की जेल की सजा सुनाई है।अदालत ने उनके कार्यों को "विस्तृत रूप से निष्पादित, चालाकी पूर्ण और अत्यधिक हिंसक" बताया। 43 वर्षीय धनखड़ ने खुद को एक भर्ती कर्ता के रूप में पेश किया और कथित तौर पर कोरियाई-अंग्रेजी अनुवाद कार्य के लिए फर्जी नौकरी विज्ञापनों के साथ युवतियों को लुभाया। उन्होंने वर्ल्ड स्क्वायर टॉवर में अपने अपार्टमेंट में उन्हें बहला-फुसलाकर लाने से पहले सिडनी के एक होटल में उनका साक्षात्कार लिया, कभी-कभी ओपेरा हाउस का नजारा दिखाने का वादा किया या कार की चाबियाँ वापस लाने का नाटक किया।अंदर जाने के बाद, वह यौन उत्पीड़न करने से पहले उन्हें नशीले पदार्थ वाली शराब या आइसक्रीम खिलाता था। उसके बिस्तर के पास अलार्म घड़ी में एक छिपे हुए जासूसी कैमरे ने हमलों को कैद कर लिया। पुलिस को बेहोश महिलाओं के साथ यौन क्रिया करते हुए उसके 47 वीडियो मिले, जो उसके पीड़ितों के नाम वाले फ़ोल्डरों में संग्रहीत थे। 2018 में अपनी गिरफ्तारी से पहले, धनखड़ भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के ऑस्ट्रेलिया चैप्टर की स्थापना में मदद की और इसके अध्यक्ष थे। उन्होंने सिडनी विश्वविद्यालय में अंतरधार्मिक व्याख्यानों में हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व भी किया। क्विंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने राजनीतिक संबंधों का दावा करते हुए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुँच का दावा किया। उनकी वेबसाइट पर अब हटाई गई एक तस्वीर में उन्हें मोदी से हाथ मिलाते हुए दिखाया गया है। संबित पात्रा के साथ पीएम मोदी | X/@sambitswaraj

धनखड़ 2017 में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के एक कार्यक्रम के मीडिया आउटरीच अधिकारी भी थे, जिसमें मोदी सरकार की "उपलब्धियों" पर प्रकाश डाला गया था। 2014 की रिपोर्टों ने उन्हें मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' नेता के रूप में पहचाना।

'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया के एक ट्वीट के अनुसार, उन्होंने जुलाई 2018 में संगठन से इस्तीफा दे दिया। सजा के जवाब में, 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया ने धनखड़ के अपराधों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। संगठन ने कहा, "उनके कार्य घृणित हैं, और उनकी सजा के साथ न्याय सही ढंग से किया गया है।" इसमें कहा गया है कि 2018 में अपने इस्तीफे के बाद से धनखड़ का 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया से कोई संबंध नहीं था और उन्होंने ऐसे अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने में कानून प्रवर्तन के लिए समर्थन व्यक्त किया। धनखड़ की अब हटाई गई लिंक्डइन प्रोफ़ाइल में पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी सिडनी से मीडिया आर्ट्स और पत्रकारिता में डिप्लोमा सूचीबद्ध है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, धनखड़ ने जमानत पर बाहर रहने के दौरान 2019 और 2021 के बीच फाइजर और एबीसी के साथ एक साल के अनुबंध पर डेटा विज़ुअलाइज़ेशन सलाहकार के रूप में काम किया। उन्होंने ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको, टोयोटा और सिडनी ट्रेन्स के साथ भी काम किया था। मुकदमे के दौरान, धनखड़ ने पीड़ितों के साथ यौन संबंध बनाने या मुठभेड़ों को रिकॉर्ड करने से इनकार नहीं किया, लेकिन जोर देकर कहा कि वे सहमति से थे। फुटेज से परेशान जूरी को जल्दी ही बाहर निकलना पड़ा। उनकी पत्नी, जिन्हें अक्सर आंसुओं में देखा जाता था, अदालत में उनके साथ खड़ी रहीं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उन्होंने अपने चार साल के कानूनी बचाव के लिए पारिवारिक संपत्ति बेच दी। 7 मार्च को धनखड़ को सजा सुनाते हुए, जज माइकल किंग ने उनके पश्चाताप की कमी की निंदा की, और कहा कि उनके अपराधों ने उनके पीड़ितों के लिए "पूर्ण और कठोर उपेक्षा" को प्रदर्शित किया, जो उनकी "यौन संतुष्टि की इच्छा" से प्रेरित था।

हुर्रियत के दो संगठनों ने अलगाववाद को त्यागा, पीएम मोदी के नए भारत पर जताया विश्वास : अमित शाह

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जानकारी दी कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्मित नए भारत में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खुशखबरी। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकलाल और जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्मित नए भारत में अपना विश्वास जताया है। मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जानकारी दी थी कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो समूहों ने जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की। इसकी जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, "कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है।

डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने व संसदीय नियमों की अवहेलना पर विपक्ष ने जताई नाराजगी

ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात करके विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते नाराजगी व्यक्त की।साथ ही इस पर भी चिंता जताते हुई नाराज़गी जताई कि अभी तक डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति क्यों नहीं की गई है। इस बारे में लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले। गौरव गोगोई ने कहा कि 'हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवसेना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।' कांग्रेस सांसद ने कहा कि 'लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है।' मालूम हो कि

> कांग्रेस सांसद ने कहा कि 'लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है।

बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि 'जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। पूरे देश ने ये देखा। नेता विपक्ष एक संवैधानिक पद होता है, उनके बारे में टिप्पणी की गई, लेकिन जब वे बोलने के लिए उठे तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। किस बात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने ये टिप्पणी की, ये भी साफ नहीं है, लेकिन भाजपा की आईटी सेल अब इसका राजनीतिकरण कर रही है।' विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा अध्यक्ष के साथ मुलाकात में डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने का भी मुद्दा उठाया। संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला देते हुए विपक्षी नेताओं ने कहा कि इसमें डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति का प्रावधान है, लेकिन साल 2019 से इस पद पर नियुक्ति नहीं हुई है, जो अभूतपूर्व है। सदन की निष्पक्ष कार्रवाई में डिप्टी स्पीकर की भूमिका अहम होती है। बीते सप्ताह सदन में बिना किसी पूर्व सूचना के पीएम मोदी के संबोधन पर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई और कहा कि यह संसदीय नियमों का मजाक है।

इजरायल का गाजा में 430 से अधिक ठिकानों पर हमला, सीरिया और लेबनान में हमले जारी

यरूशलम (आईएएनएस)

इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा में अपने घातक हवाई और जमीनी अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से 430 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। सेना ने बुधवार को एक बयान में दावा किया कि ये सभी 'आतंकी ठिकाने' थे। गाजा पर 18 मार्च से फिर से हुए हमलों ने दो महीने के युद्धविराम को खत्म कर दिया और गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, लगभग 830 लोग मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, किसी भी इजरायली व्यक्ति के मारे जाने की खबर नहीं है। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल द्वारा शुरू किए गए हमले के बाद से गाजा में कुल मृतकों की संख्या 50,000 से अधिक हो गई है। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इजरायल ने सीरिया और लेबनान में भी हमले जारी रखे।

ट्रंप के कार टैरिफ से 'टेंशन': ईयू चीफ ने कहा, व्यापार और उपभोक्ता दोनों के लिए बुरा

ब्रुसेल्स (आईएएनएस)

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आयातित यूरोपीय कारों पर टैरिफ लगाने के संयुक्त राज्य अमेरिका के फैसले पर गहरा खेद व्यक्त किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत 2 अप्रैल से कार आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। वॉन डेर लेयेन ने एक बयान में कहा, "ऑटोमोटिव उद्योग नवाचार, प्रतिस्पर्धा और उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का वाहक है।" उनके मुताबिक टैरिफ अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) दोनों में 'व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए बुरे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा, "अब हम इस घोषणा का और आगामी अमेरिकी कदमों का मूल्यांकन करेंगे। वॉन डेर लेयेन कहा कि ब्लॉक अपने आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशना जारी रखेगा।

कहानी फिल्म जगत की

सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ घर की तलाश के लिए निकली कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी को लोग काफी ज्यादा पसंद करते हैं। पिछले काफी समय से दोनों अपने आने वाले बच्चे को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दोनों को शहर में साथ देखा गया। कथित तौर पर वे अपने भविष्य के घर की तलाश कर रहे थे। लेकिन जहां एक ओर इस जोड़े की सैर ने लोगों को उत्सुक कर दिया, वहीं दूसरी ओर कियारा के सहज और आकर्षक मैटरनिटी लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मैटरनिटी फैशन को शालीनता और आराम के साथ अपनाते हुए, कियारा ने एक सादगीपूर्ण शान दिखाई, जो भावी माताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है।

मैटरनिटी फैशन को शालीनता और आराम के साथ अपनाते हुए, कियारा ने एक सादगीपूर्ण शान दिखाई, जो भावी माताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। उनके लुक ने साबित कर दिया कि प्रेग्नेंसी स्टाइल में परिष्कार से समझौता करने की ज़रूरत नहीं है, यह सहजता और परिष्कार का

सिद्धार्थ अपनी अगली बड़ी स्क्रीन आउटिंग, परम सुंदरी के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जान्हवी कपूर के साथ दिखाई देंगे